राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 86
लखनऊ, बुधवार 13 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





छात्रों की मांगों को संवेदनशीलता से सुनें अधिकारी : केशव प्रसाद मौर्य 03

करोड़ों लूटने वालों को उल्टा लटकाकर करेंगे सीधा : अमित शाह 12


## पेटेंट दाखिल करने की संख्या हुई दोगुनी, भारत विश्व में छठे स्थान पर

- पेटेंट, ट्रेडमार्क व औद्योगिक डिजाइन में टॉप-10 देशों में भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत अब पेटेंट, ट्रेडमार्क और औद्योगिक डिजाइन सहित प्रमुख आईपी अधिकारों में वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 देशों में शामिल हो गया है।

विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) की वैश्विक पेटेंट फाइलिंग रिपोर्ट के अनुसार भारत ने बौद्धिक संपदा (आईपी) फाइलिंग में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे 2023 में पहली बार वैश्विक स्तर पर छठा स्थान हासिल किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि वर्ष 2018 और 2023 के बीच भारत के पेटेंट और औद्योगिक फाइलिंग में दोगुनी वृद्धि हुई है जबकि ट्रेडमार्क में 60 फीसदी की वृद्धि हुई है। डब्ल्यूआईपीओ रिपोर्ट के अनुसार देश अब 64,480 पेटेंट फाइलिंग के साथ दुनियाभर में छठे स्थान पर है, जो 15.7 फीसदी की वृद्धि है।

## इलेक्ट्रिक वाहन मालिक 2022 नीति के तहत नहीं कर सकते कर वापसी की मांग

- अधिसूचना की तिथि से पूर्व इलेक्ट्रिक वाहन यूपी राज्य में खरीदा और रजिस्टर्ड होना चाहिए : हाईकोर्ट

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माना कि 14 अक्टूबर, 2022 से पहले खरीदे गए इलेक्ट्रिक वाहन के मालिक एकमुश्त कर के भुगतान से छूट देने वाली बाद की अधिसूचना का हवाला देते हुए कर वापसी की मांग नहीं कर सकते। हाईकोर्ट ने कहा कि छूट के उद्देश्य के लिए निर्धारित शर्तें यह हैं कि इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 की अधिसूचना की तिथि से पूर्व इलेक्ट्रिक वाहन यूपी राज्य में खरीदा और रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोर्ट ने इसी के साथ याचिका खारिज कर दी। याची अंकुर विक्रम सिंह ने याचिका में 13 अक्टूबर, 2022 को नोएडा यूपी से खरीदे गए अपने हाइब्रिड वाहन के सम्बंध में भुगतान किए गए एकमुश्त कर की वापसी की मांग की थी। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण और गतिशीलता नीति, 2022 की अधिसूचना की तारीख यानी 14 अक्टूबर, 2022 से खरीदे गए और रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए कर से छूट प्रदान करने वाली राज्य द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर याची ने भी राहत मांगी थी।

याचिकाकर्ता ने प्रस्तुत किया कि चूंकि वाहन 18 अक्टूबर, 2022 को रजिस्टर्ड किया गया था, भले ही वाहन नीति से एक दिन पहले खरीदा गया हो, याचिकाकर्ता धनवापसी का हकदार है। हालांकि राज्य के वकील ने तर्क दिया कि छूट अधिसूचना की भाषा के अनुसार अधिसूचना की तिथि यानी 14 अक्टूबर, 2022 से वाहन की 'खरीद और पंजीकरण' दोनों की आवश्यकता है। यह तर्क दिया गया कि चूंकि याचिकाकर्ता का वाहन उक्त तिथि से पहले खरीदा गया था, इसलिए याची रिफंड का हकदार नहीं है।

### 2022 के बाद याची रिफंड की मांग नहीं कर सकता

हाईकोर्ट ने कहा कि छूट के उद्देश्य के लिए निर्धारित शर्तें यह हैं कि इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 की अधिसूचना की तिथि से पूर्व यूपी राज्य में खरीदा और रजिस्टर्ड होना चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा, बेशक, विचाराधीन वाहन याची द्वारा नीति, 2022 की तिथि यानी 13 अक्टूबर 2022 से पहले खरीदा गया और उक्त तिथि को लागू कर का भुगतान किया गया। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि उक्त नीति/अधिसूचना के तहत याची प्रदान की गई छूट का हकदार था। न्यायालय ने कहा कि केवल इस तथ्य के आधार पर कि वाहन 18 अक्टूबर 2022 को रजिस्टर्ड किया गया, अर्थात छूट अधिसूचना में दर्शाई गई तिथि अर्थात 14 अक्टूबर 2022 के बाद याची रिफंड की मांग नहीं कर सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### शाहजहांपुर में कूड़े के ढेर में मिले अधजले राष्ट्रीय ध्वज

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना रोजा क्षेत्र में सोमवार की रात कूड़े के ढेर पर कथित रूप से सौ ज्यादा राष्ट्रीय ध्वज पड़े मिले हैं। जिसमें कुछ जले-अधजले अवस्था में हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि थाना रोजा क्षेत्र के लोदीपुर में रोड के किनारे कूड़े के ढेर पर राष्ट्रीय ध्वज पड़े मिले हैं जिनमें कुछ अधजले हैं तथा 100 के आसपास राष्ट्रीय ध्वज मैले कुचैले हैं जिन्हें वहां से उठवा लिया गया है। मामले में हथौड़ा चौकी प्रभारी राजेश कुमार की ओर से भारतीय न्याय संहिता की धारा राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम (2) के तहत मामला अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### निवेशकों को एक दिन में लगी 5.34 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों की बिकवाली और कंपनियां के कमजोर तिमाही नतीजे की वजह से घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को एक बार फिर बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई और दोनों सूचकांकों को खरीदारों का सपोर्ट भी मिला, लेकिन पहले घंटे का कारोबार खत्म होने के बाद बिकवाली का दबाव बढ़ता चला गया, जिसकी वजह से दोनों सूचकांकों में बड़ी गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.03 प्रतिशत और निफ्टी 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में आईटी को छोड़ कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए।

### दुबई से आए यात्री के पास से तीन किलो सोना जब्त

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने मंगलवार को मुंबई एयरपोर्ट पर दुबई से आए एक यात्री के पास से 2.27 करोड़ रुपये मूल्य का 3 किलोग्राम सोना जब्त किया है। यह सोना यात्री ने अपनी पतलून में छिपा रखा था। यात्री को गिरफ्तार करके उससे मामले की गहन छानबीन की जा रही है। कस्टम सूत्रों ने बताया कि आज सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित निगरानी के दौरान दुबई से आया एक यात्री संदिग्ध अवस्था में दिखा। उसकी तलाशी के दौरान एक किलो वजन की 24 कैरेट की तीन सोने की छड़ें जब्त की गईं। जब्त किए गए सोने की कीमत 2.27 करोड़ रुपये बताई जा रही है। दुबई के इस यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में आगे की जांच शुरू हो गई है कि ये सोना भारत क्यों लाया जा रहा था, क्या इसका कोई राजनीतिक कनेक्शन है।

### प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन अगले साल भुवनेश्वर में

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने मंगलवार को प्रवासी भारतीय दिवस की वेबसाइट लांच की। प्रवासी भारतीय दिवस अगले वर्ष 8-10 जनवरी को भुवनेश्वर में आयोजित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय की ओर से 12 नवंबर को सीबी मुथम्मा हॉल, जवाहरलाल नेहरू भवन, नई दिल्ली में प्रवासी भारतीय दिवस से जुड़ी वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। ओडिशा में होने जा रहे सम्मेलन में 7 हजार मेहमानों और प्रतिनिधियों के मौजूद रहने की उम्मीद है। विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि 8 से 10 जनवरी 2025 तक भुवनेश्वर में ओडिशा सरकार के साथ 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन किया जाएगा।

## सीएम पद के लिए लड़ने वाले नहीं दे सकते स्थिर सरकार

- पीएम मोदी ने सोलापुर की चुनावी सभा को किया संबोधित

एजेंसी



**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सोलापुर की चुनावी सभा में कहा कि मुख्यमंत्री पद के लिए लड़ने वाले महाराष्ट्र में स्थिर सरकार नहीं दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र को तेज गति से विकास की राह पर ले जाने के लिए राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार का आना जरूरी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकास के लक्ष्य वाली स्थिर सरकार ही महाराष्ट्र के लिए दूरगामी नीतियां लागू कर सकती है, जो सिर्फ एनडीए गठबंधन ही दे सकता है। कांग्रेस और उसके महागठबंधन की गाड़ी में न पहिये हैं, न ब्रेक हैं और वे इस बात पर झगड़ रहे हैं कि गाड़ी कौन चलाये। चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के लिए एक-दूसरे से लड़ने वाले अस्थिर लोग स्थिर सरकार नहीं दे सकते, राज्य का विकास नहीं कर सकते, इसलिए महायुति के उन सभी उम्मीदवारों को चुनें, जिनके पास स्वच्छ नैतिकता और सेवा की संस्कृति है और महाराष्ट्र की प्रगति का समर्थन करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता को समस्या में फंसाए रखना कांग्रेस की नीति है और इसी के चलते उन्होंने कई दशकों तक जनता को दुख का अनुभव कराया है। उन्होंने कहा कि इसलिए किसान, माताएं उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। एनडीए गठबंधन सरकार ने किसानों का बिजली बिल माफ किया, अब हर खेत तक सौर ऊर्जा पहुंचाने के लिए हम मेहनत कर रहे हैं। हर खेत का पंप सौर ऊर्जा से चलेगा। हमने किसानों की आय बढ़ाने के लिए देश में कई योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि गन्ने का आधार मूल्य तय किया गया, इथेनॉल उत्पादन को प्रोत्साहित किया गया।

### योगी के लिए देश और कांग्रेस के लिए तुष्टीकरण अहम



सीएम योगी महाराष्ट्र के अचलपुर में आयोजित चुनावी रैली में गरजे

**अमरावती।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महाराष्ट्र के अचलपुर में आयोजित चुनावी रैली में कहा कि भगवा वस्त्र पहनने वाले योगी के लिए देश पहले है। वहीं सत्ता के लालच में कांग्रेस तुष्टीकरण को अहमियत देती है। उन्होंने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे के झारखंड की एक चुनावी सभा में दिए गए उस बयान का जवाब दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि कई साधु अब राजनीति में आ गए हैं और गेरुआ कपड़े पहनकर समाज में नफरत फैला रहे हैं। महाराष्ट्र के अचलपुर में मंगलवार को एक चुनावी सीएम योगी ने कहा, मैं एक योगी हूं और एक योगी के लिए देश पहले होता है। खरगे जी, आपके लिए कांग्रेस का तुष्टिकरण सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि पिछले 3 दिनों से कांग्रेस अध्यक्ष मेरे बारे में नकारात्मक बातें कर रहे हैं। मेरे नेता प्रधानमंत्री मोदी के लिए भी देश पहले है, लेकिन आपके लिए कांग्रेस का तुष्टिकरण सबसे पहले आता है। योगी ने बताया कि मल्लिकार्जुन खरगे का गांव एक समय हैदराबाद के निजाम के अधीन था। जब भारत अंग्रेजों के अधीन था, तो कांग्रेस का नेतृत्व मुस्लिम लीग के साथ खड़ा था और उसी दौरान मुस्लिम लीग और निजाम के रजाकारों ने हिंदुओं को चुन-चुन कर मारा। इसी आग में मल्लिकार्जुन खरगे का गांव भी जलाया गया था, जिसमें उनकी मां, बहन और परिवार के लोग मारे गए थे। खरगे अपने परिवार के बलिदान के बारे में कभी कुछ नहीं कहते, क्योंकि वे जानते हैं कि अगर ये बात कहेंगे तो मुस्लिम वोटों में खिसकाव हो जाएगा, लेकिन वह अपने जीवन के अनुभव से सीखें कि बटेंगे तो कटेंगे। यही सच्चाई है, इसे स्वीकारें और देश को भी चेताएं।

### बड़ी खरीद-फरोख्त करने वाले प्रभावशाली लोगों का ब्यौरा तलब

**लखनऊ।** लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बड़े-बड़े भूखण्ड और जमीनें खरीदने वाले प्रभावशाली लोग बेनामी संपत्ति की जांच के दायरे में आ गए हैं। पिछले 16 वर्षों में बड़ी खरीद फरोख्त करने वालों का ब्यौरा तलब किया गया है। सूत्रों के अनुसार प्रतिबंधित बेनामी संपत्ति ट्रांजेक्शन एक्ट में जांच होगी। खुद या कंपनी के नाम 1000 वर्ग मीटर से ज्यादा जमीन खरीदने वाले जांच के दायरे में लिए गए है। जानकारी के मुताबिक आयकर आयुक्त ने जनवरी 2008 से नवंबर 2024 तक खरीदारों की सूची मांगी है, जिसमे कई मंत्री, विधायक, अफसर, बिल्डर, उद्यमियों पर शिकंजा कसेगा। जानकारी उपलब्ध न कराने वालों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। वहीं दूसरे के नाम जमीन खरीदने वाले भी जांच के दायरे में आएंगे। आयकर विभाग की बेनामी संपत्ति इकाई ने डीएम, प्राधिकरणों के वीसी और आवास आयुक्त से विवरण मांगा है। लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, कानपुर, वाराणसी, मथुरा, अलीगढ़, बुलंदशहर, मुरादाबाद आदि जिलों पर खास फोकस किया जा रहा है।

## झारखंड में पहले चरण की 43 विस सीटों पर मतदान आज

एजेंसी



**रांची।** झारखंड में पहले चरण की 43 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को होने वाले चुनाव में एनडीए और इंडिया ब्लॉक के बीच कांटे की टक्कर है। वर्ष 2019 के चुनाव में इनमें से 25 सीटों पर झामुमो-कांग्रेस-राजद के गठबंधन ने जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा के हिस्से मात्र 13 सीटें आई थीं। दो सीटों पर निर्दलीय, एक पर एनसीपी और एक पर जेवीएम ने जीत दर्ज की थी। इस बार एनडीए ने जहां अपना स्कोर सुधारने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाया है, वहीं इंडिया ब्लॉक भी अपनी पुरानी स्थिति को बरकरार रखते हुए कुछ सीटें जोड़ने की कोशिशों में जुटा है। इस चरण में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और झारखंड की मौजूदा सरकार के छह मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। सीएम की कुर्सी से हटाए जाने के एक महीने बाद ही भाजपा में शामिल हुए चंपई सोरेन कोल्हान प्रमंडल की अपनी परंपरागत सीट सरायकेला से चुनाव लड़ रहे हैं, जहां से वह अब तक छह बार विधायक चुने गए हैं। वर्ष 1991 से लेकर 2019 तक हुए सात चुनावों में उन्हें सिर्फ एक बार वर्ष 2000 में पराजय का सामना करना पड़ा था। यहां उन्हें झारखंड मुक्ति मोर्चा के गणेश महली सीधी टक्कर दे रहे हैं।

> 2019 के चुनाव में 25 सीटों पर झामुमो-कांग्रेस-राजद के गठबंधन ने हासिल की थी जीत भाजपा के हिस्से आई थी मात्र 13 सीटें

महली पिछले दो चुनावों में यहां भाजपा के प्रत्याशी थे। इस बार के मुकाबले में अंतर सिर्फ इतना है कि दोनों की पार्टियां बदल गई हैं। भाजपा ने झारखंड चुनाव में जिन प्रमुख चेहरों को फ्रंट पर रखा है, उनमें चंपई सोरेन भी एक हैं। हेमंत सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को लोहरदगा सीट पर आजसू पार्टी की नीरू शांति भगत सीधी टक्कर दे रही हैं।

### ओडिशा तट से लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का हुआ पहला परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने मंगलवार को ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर से मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण किया। सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करके प्राथमिक मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर के विभिन्न स्थानों पर तैनात राडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर के जरिए मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी की गई। डीआरडीओ के मुताबिक मिसाइल ने वे पॉइंट नेविगेशन का उपयोग करके विभिन्न ऊंचाइयों और गति पर उड़ान भरते हुए विभिन्न युद्धाभ्यास करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। मिसाइल बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस है।

## भ्रष्टाचार में लिप्त गाजीपुर के जिला आबकारी अधिकारी देवेन्द्र निलंबित

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** गाजीपुर के जिला आबकारी अधिकारी (डीईओ) देवेन्द्र कुमार जैन को बार का लाइसेंस देने में हीलाहवाली करने पर निलंबित कर दिया गया है। लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले दो कारोबारियों ने आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल से शिकायत की थी। मंत्री ने जांच करायी तो आरोप सही पाया गया। इसके बाद उनके निर्देश पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

आबकारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार के खिलाफजीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्टाचार में लिप्त जिला आबकारी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आबकारी मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद-गाजीपुर के आवेदक चन्दन कुशवाहा ने बार लाइसेंस के लिए वर्ष 2022 में और गाजीपुर के ही अभय प्रताप सिंह ने मई 2023 में बार अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने हेतु आवेदन किया था। दोनों आवेदकों के आवेदन को अतिशय विलम्ब से देवेन्द्र कुमार जैन द्वारा आबकारी आयुक्त को प्रेषित किया गया। देवेन्द्र कुमार जैन की शासकीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन के प्रति घोर उदासीनता पायी गयी। देवेन्द्र कुमार जैन को निलम्बित किया गया है तथा उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करते हुए गहन जांच कराने हेतु निर्देश भी प्रदान किया गया है।

### सीआईएसएफ की पहली महिला बटालियन के गठन को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा में उनकी भूमिका बढ़ाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की पहली महिला बटालियन के गठन की मंजूरी दे दी है। सीआईएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को यहां बताया कि बल उन महिलाओं के लिए पसंदीदा विकल्प रहा है जो केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में देश की सेवा करना चाहती हैं और बल में उनकी हिस्सेदारी 7 प्रतिशत से अधिक है। महिला बटालियन के गठन से देश भर में महत्वाकांक्षी युवा महिलाओं को बल में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इससे बल में महिलाओं को एक नई पहचान मिलेगी। सीआईएसएफ मुख्यालय ने नई बटालियन के मुख्यालय के लिए प्रारंभिक भर्ती, प्रशिक्षण और स्थान के चयन की तैयारी शुरू कर दी है।

## मिट्टी की ढाय में दबकर चार लोगों की मौत

- कासगंज के मोहनपुरा में हुआ हादसा, मौके पर पहुंचे अधिकारी

समृद्धि न्यूज

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश के कासगंज में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां कस्बा मोहनपुरा में मिट्टी की ढाय में दबकर चार लोगों की मौत हो गई और कई महिलाएं और बच्चे मिट्टी में दब गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव की प्रक्रिया शुरू की गई। गड्ढा इतना गहरा था कि महिलाओं और बच्चों को निकालने के लिए जेसीबी मंगानी पड़ी। इसके बाद सभी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के मुताबिक, यहां पर बच्चे और महिलाएं मिट्टी लेने आए हुए थे। तभी मिट्टी का ढाय अचानक से गिर गया। मिट्टी के नीचे करीब 20 महिलाएं और बच्चे दबे हुए हैं। मिट्टी की ढाय बहुत खोखली थी। जब बच्चे और महिलाएं मिट्टी खोद रहे थे, तभी वो इस हादसे का शिकार हो गए, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद महिलाओं और बच्चों को बाहर निकाला गया और उपचार के लिए सभी को जिला अस्पताल भेज दिया गया। उपचार के दौरान एक महिला को मृत भी घोषित कर दिया गया। मृतकों की पहचान रामबेटी (32) पत्नी दान पाल निवासी रामपुर, प्रेम देवी (35) पत्नी गंगा प्रसाद निवासी रामपुर, सरस्वती (33) पत्नी रघुवीर निवासी रामपुर, पिंकी (12) पुत्री मानपाल निवासी रामपुर के रूप में हुई है। इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद जिलाधिकारी मेधा रूपम, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, विधायक हरिओम वर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी मौके पर पहुंच गए हैं।

### देहरादून में कंटेनर व कार भिड़ंत में छह की मौत

**देहरादून, समृद्धि न्यूज।** उत्तराखंड के देहरादून में सोमवार और मंगलवार की मध्य रात्रि में एक कंटेनर और कार की भिड़ंत हो गई,जिसमें कार सवार तीन युवक और तीन युवतियों सहित कुल छह लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने कार में फंसे शवों को बहुत मुश्किल से बाहर निकाला। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने मंगलवार को बताया कि आज करीब 01.33 बजे महानगर में ओएनजीसी चौक के पास वाहन दुर्घटना की सूचना थाना कैंट को मिली। तुरंत ही मौके पर पहुंचे पुलिस बल को एक कंटेनर व एक इनोवा गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त मिली। उन्होंने बताया कि कंटेनर के पिछले हिस्से में यह कार टकराई हुई, पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मिली। जिसमें कुल 07 लोग सवार थे, जिनमें से 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल अवस्था में मौके पर मिला।

## खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने दी राम मंदिर पर हमला करने की धमकी

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू के द्वारा अयोध्या में राम मंदिर पर हमले की धमकी के मद्देनजर रामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा करके हाई अलर्ट कर दिया गया है।

पुलिस ने मंगलवार को यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू के द्वारा अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर पर हमले की धमकी को देखते हुए अयोध्या को अलर्ट करके सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गयी है। खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने आगामी 16 और 17 नवम्बर को हमले की धमकी देने वाले ताजा आडियो संदेश के बाद सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दिया गया है। इस धमकी के सामने आते ही पुलिस और प्रशासन ने पूरी तरह सतर्कता बरतने की तैयारी शुरू कर दी है।कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू ने इस बार अयोध्या में राम मंदिर पर हमला करने की धमकी दी है। पुलिस ने बताया कि अयोध्या पहले से ही कड़े सुरक्षा घेरे में है। अर्धसैनिक बल चौबीस घंटे तैनात रहते हैं। किसी भी आतंकवादी हमले का मुकाबला करने के लिये पुलिस बल तैयार हैं।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस तरह के वीडियो पहले भी सामने आये हैं जिसमें खालिस्तानी आतंकवादी और अन्य आतंकवादी संगठनों ने अयोध्या में बम विस्फोट और फिदायीन हमले की धमकी दी थी।

कार्यक्रम

### रक्षा मंत्री ने 'अनुकूली रक्षा आधुनिक युद्ध के बदलते परिदृश्य को नेविगेट करना' विषय पर किया संवाद

## रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने की कई पहल

समृद्धि न्यूज



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने तेजी से बदलती दुनिया में नयी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए बदलते भू-राजनीतिक और तकनीकी परिदृश्य में अनुकूल रक्षा रणनीति की आवश्यकता को पहचानते हुए मजबूत और आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए कई पहल की हैं।

श्री सिंह मंगलवार को यहां मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन और विश्लेषण संस्थान द्वारा 'अनुकूली रक्षा आधुनिक युद्ध के बदलते परिदृश्य को नेविगेट करना' विषय पर आयोजित दिल्ली रक्षा संवाद के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। ,

रक्षा मंत्री ने कहा कि 'अनुकूली रक्षा' एक रणनीतिक दृष्टिकोण है जहां राष्ट्र की सैन्य और रक्षा तंत्र उभरते खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए निरंतर विकसित होते हैं। उन्होंने कहा अनुकूली रक्षा केवल जो हुआ है उसका जवाब देना नहीं है, बल्कि यह अनुमान लगाना है कि क्या हो सकता है, और इसके लिए सक्रिय रूप से तैयारी करना है। संक्षेप में, इसमें अप्रत्याशित और विकसित परिस्थितियों का सामना करते हुए भी अनुकूलन, नवाचार और विकास की मानसिकता और क्षमता विकसित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि परिस्थितिजन्य जागरूकता, रणनीतिक और सामरिक स्तरों पर लचीलापन, चपलता और भविष्य की प्रौद्योगिकियों के साथ एकीकरण अनुकूली रक्षा को समझने और बनाने की कुंजी हैं। यह रणनीतिक और परिचालन प्रतिक्रियाओं का मंत्र होना चाहिए। श्री सिंह ने 'अनुकूली रक्षा' को केवल एक रणनीतिक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे हमारे राष्ट्र के लिए खतरे विकसित हुए हैं, वैसे-वैसे हमारी रक्षा प्रणाली और रणनीति भी विकसित हुई है।

### भविष्य की सभी आकस्मिकताओं के लिए रहना होगा तैयार

हमें भविष्य की सभी आकस्मिकताओं के लिए तैयार रहना चाहिए। यह सिर्फ हमारी सीमाओं की रक्षा करने से कहीं अधिक है, यह हमारे भविष्य को सुरक्षित करने के बारे में है। रक्षा मंत्री ने बताया कि युद्ध की पारंपरिक धारणाएं उभरती प्रौद्योगिकियों और विकसित होती रणनीतिक साझेदारियों से नया रूप ले रही हैं, साथ ही खतरों और चुनौतियों की बदलती प्रकृति को ध्यान में रखते हुए सशस्त्र बलों में संचालन के नए दृष्टिकोण, सिद्धांत और अवधारणाएँ उभर रही हैं। उन्होंने मौजूदा युग को ग्रे जोन और हाइब्रिड युद्ध कहा, जहाँ बचाव के पारंपरिक तरीकों को चुनौती दी गई है। उन्होंने कहा कि उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर अनुकूलन सबसे अच्छी रणनीति है। श्री सिंह ने भारत के सामने आने वाली सुरक्षा चुनौतियों की विविध श्रेणी पर प्रकाश डाला, जिसमें पारंपरिक सीमा-संबंधी खतरों से लेकर आतंकवाद, साइबर हमले और हाइब्रिड युद्ध जैसे अपरंपरागत मुद्दे शामिल हैं।

# बकाया भुगतान न कराए जाने पर मिल अधिकारी को फटकार

- सहकारी गन्ना समिति पलिया में पहली बोर्ड बैठक आयोजित
- समिति के चेयरमैन अभिषेक अवस्थी ने बकाया भुगतान कराए जाने को लेकर 15 दिन का दिया अल्टीमेटम

**पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज़**



सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में आयोजित हुई पहली बोर्ड बैठक का माहौल काफी गर्म दिखाई दिया। चेयरमैन अभिषेक अवस्थी ने मौजूद मिल अधिकारी को किसानों का बकाया भुगतान पंद्रह दिनों में न किए जाने पर कार्रवाई की बात कही। उन्होंने कहा कि मिल के इस हिटलर शाही रवैए के चलते क्षेत्र का किसान खासा परेशान है जो वह बर्दाश्त नहीं करेंगे।

सहकारी गन्ना विकास समिति चुनाव में पहली बार किसी युवा को समिति के चेयरमैन पद की जिम्मेदारी मिली है। चुनाव में भाजपा के अभिषेक अवस्थी को समिति का चेयरमैन चुना गया था। नवनिर्वाचित समिति के चेयरमैन अभिषेक अवस्थी की अध्यक्षता में पहली बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के विशेष सचिव देवेंद्र कुमार के अलावा सभी ग्यारह डायरेक्टर जिसमें रवि शंकर मिश्र, राम प्रकाश पाल, हरपाल सिंह, तेजेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह, हेमराज, सुखराज कौर के प्रतिनिधि जरनैल सिंह, माया देवी के प्रतिनिधि अखिलेश कुमार, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलवीर सिंह शामिल हुए। बैठक के शुरुआत की चर्चा चीनी मिल द्वारा किसानों का बकाया भुगतान न किए जाने से शुरू हुई। इस दौरान बैठक में शामिल बजाज चीनी मिल के यूनिट हेड ओपी चौहान को बोर्ड ने पंद्रह दिनों का अल्टिमेटम देते हुए किसानों का बकाया भुगतान किए जाने की बात कही। कहा गया कि अगर निर्धारित तिथि तक भुगतान न किया गया तो चीनी मिल कार्रवाई को तैयार रहें। इसके अलावा बैठक में किसान हित में कई प्रस्ताव पास हुए जिसमें गत बैठक एक जनवरी 2020 में कार्रवाई की पुष्टि की गई। इसके अलावा समिति का उप खाद गोदाम बेला जो कि बंद पड़ा हुआ है उसकी मरम्मत कराकर तत्काल शुरू कराए जाने, समस्त गोदामों का निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता गोदामों पर सुनिश्चित कराए जाने, समिति परिसर में सार्वजनिक शौचालय का नवीनीकरण कराए जाने, समिति के जर्जर भवनों को ध्वस्त कर परिसर को स्व'छ बनाए जाने व कर्मचारियों के आवासों में शौचालय का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

# महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम हुआ संपन्न

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मैगलगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र पाण्डेय के निर्देशन पर कोतवाली क्षेत्र के प्रार्थमिक विद्यालय रहजनियां गांव में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम महिला उपनिरीक्षक वविता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया कार्यक्रम में बालिकाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व आत्मरक्षा के गुर दिए गए व सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में भी जागरूक किया गया जिसमें महिला आरक्षी शिवांगी मिश्रा, स्वाती, मोना सिंह, अनीश कुमारी, सुनीता, कांस्टेबल वादल सिंह, सुमित जैनर रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में आनलाइन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ऑनलाइन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन आनलाइन वेबसाइट से किया गया। निःशुल्क प्रतियोगिता में कॉलेज के ×88 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया ने इस प्रतियोगिता को नई शिक्षा नीति के एनसीएफ का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कक्षा 6से 12तक के ब'चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें कक्षा 8बी से अध्ययन प्रथम, कक्षा 8सी से राज वर्मा द्वितीय, कक्षा 8डी से प्रिंस कुमार तृतीय रहे। जबकि कक्षा 10ई से मयंक वर्मा पहले, कक्षा 9सी से अंश पटेल दूसरे, कक्षा 9सी से दिव्यांश कश्यप को तीसरे पायदान पर रहे। कक्षा 12सी से अभिषेक पहले, कक्षा 11ए से निमिष गुप्ता दूसरे, कक्षा 11सी के निहाल राठौर तीसरे पायदान पर रहे।

# देवोत्थानी एकादशी पर धूमधाम से हुआ शालिग्राम व माता तुलसी का विवाह

- यूनिट हेड जितेन्द्र जादौन ने संपन्न कराया विवाह कार्यक्रम

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



मंगलवार को देवउठनी एकादशी के मौके पर चीनी मिल स्थित लक्ष्मी नारायन मंदिर में भगवान विष्णु के स्वरूप शालिग्राम का माता तुलसी का विवाह बड़े धूमधाम से कराया गया। बैंड़ बाजों के साथ भगवान शालीग्राम की बारात निकाली गई। बारात लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंची जहां पर भगवान शालीग्राम व माता तुलसी का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर मिल कैंपस सहित शहर निवासी तमाम परिवारों की महिलाएं भगवान शालीग्राम व माता तुलसी के विवाह के साक्षी रहे। विवाह कार्यक्रम मंदिर पुजारी पंडित दयानन्द पांडे ने संपन्न कराया। मुख्य यजमान युनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन व उनकी पत्नी सीमा सिंह रही। विवाह कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात जितेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि पौराणिक आधार पर कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्रीहरि चतुर्मास की निद्रा से जागते हैं, इसीलिए इस एकादशी को देवउठनी एकादशी, हरिप्रबोधिनी व देवोत्थानी एकादशी भी कहा जाता हैं। इस दिन से ही हिन्दू धर्म में शुभ कार्य विवाह आदि शुरू हो जाते हैं। जिसमें पूजा का विधान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूरे विधि विधान से पूजन किया जाता है। इस दिन गन्ने व सूप का भी खास महत्व होता है। देवउठनी एकादशी के दिन से ही महिलाएं गन्ना, सूप व सिंगाड़े की विधिवत पूजा करती है और विष्णु भगवान को अर्पण किया जाता है। भगवान विष्णु को अर्पित करने के बाद गन्ने को प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। इस दिन उपवास रखने का विशेष महत्व है कहते हैं इससे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## देवउठनी एकादशी पर मनाया गया बाबा खाटू का जन्मदिन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** प्रथम श्री खाटू निशान यात्रा मंगलवार को धूमधाम से बाजे गाजे के साथ निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में भक्त श्रद्वालु मौजूद रहे। भव्य निशान यात्रा शहर के सिनेमा रोड स्थित श्री त्रिलोक गिरि मंदिर से आरंभ होकर सदर चौराहे होते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर कंजा देव स्थान मोहम्मदी रोड पर विश्राम किया। बता दें कि पौराणिक आधार पर देवउठनी एकादशी के दिन बाबा खाटू श्याम का जन्मदिन मनाया जाता है। जिसके चलते आज 12 नवंबर को श्री खाटू श्याम बाबा के जन्मदिन के अवसर पर भक्तों आस्थालुओं ने भव्यता के साथ बाबा का जन्मदिन मनाते हुए निशान यात्रा निकाली। बाबा की निशान यात्रा में विधायक अमन गिरि सहित तमाम भक्त सुधीर गुप्ता, सूरज सिंह, अभिषेक गुप्ता, पुनीत गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, अंकित यादव, जीतू गुप्ता सहित बडी संख्या में लोग बाजे गाजे व नीले निशान झंडे के साथ शामिल हुए।



## खबरें एक नजर में

### रक्तदान शिविर का आयोजन 20 नवंबर को

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** लायंस क्लब के तत्वाधान में आगामी 20 नवंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन लखीमपुर रोड स्थित संजीवनी हास्पिटल में किया जाएगा। इ'छुक रक्तदाता उक्त तिथि को सुबह 9:30 बजे से दोपहर एक बजे तक शिविर में पहुंच कर रक्तदान कर सकते हैं। यह जानकारी लायंस क्लब के अतुल अग्रवाल ने देते हुए बताया कि शिविर में मेडिकल कॉलेज लखनऊ की टीम के चिकित्सक व कुशल स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहेगे।

### चीनी मिल ने भेजा भुगतान, किसानों को फसल बुआई में मिल रही राहत

**बिजुआ खीरी।** कोतवाली भीरा के क्षेत्र ग्राम गुलरिया में संचालित बलरामपुर ग्रुप की इकाई गुलरिया चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के अन्तर्गत दिनाँक 07 नवम्बर से 10 नवम्बर 2024 तक क्रय किये गए गन्ना मूल्य का भुगतान 13 करोड़ 11 लाख 60 हजार रुपये किसानों के सम्बंधित बैंक खातों में भेजा जा रहा है। गुलरिया चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह द्वारा इस सम्बन्ध में बताया गया कि गुलरिया चीनी मिल द्वारा अब तक 21 करोड़ 43 हजार रुपये किसानों के सम्बंधित खातों में गन्ना मूल्य का भुगतान हो जायेगा। योगेश कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक द्वारा यह अपील की गई है कि किसान भाई 'यादा से 'यादा गन्ना आपूर्ति कर अपना बेसिक कोटा बढ़ावे तथा मिल को साफ, छिला, ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें।

### कथा व्यास पीठ से मंगलवार को भक्त प्रहलाद प्रसंग सुन श्रोता भाव-विभोर

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** शहर के नीलकंठ मैदान में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथा व्यास पंडित मयंक शेखर पाण्डेय ने अजामिल प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। बताया कि भक्त अजामिल के साथ भक्त प्रहलाद का जन्म हुआ। इसी कडी में नरसिंह भगवान ने अवतार धारण कर हिरण्य कश्यप का वध किया। प्रसंग सुन श्रोता भाव विभोर हो उठे। श्रीमद भागवत भगवान की आरती व भागवत का पाठ भी आचार्य अवधेश नरायण मिश्र ने किया। इस मौके पर श्रीराम राजपूत, संजय साहनी, रामचंद्र राठौर, ओम प्रकाश दीक्षित, राजेश बाजपेई, अनिल जलोटा, आनंद मिश्रा, विनोद गुप्ता, दिवाकर पांडे, दिनेश तिवारी, मनोज तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, आशीष मिश्रा, श्रीराम बाजपेई, उमेश दत्त मिश्रा, सुरेश शुक्ला संदेश, मनोज त्रिवेदी, दिवाकर पांडे, शेखर अवस्थी, अशोक अवस्थी, सुनील बाजपेई, कृष्ण कुमार बाजपेई सहित भक्त व श्रद्वालु मौजूद थे।

### बाल विकास पुष्टाहार योजना में भ्रष्टाचार का आरोप

**लखीमपुर खीरी।** विकास खंड पसगवां क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेमराजानीपुर में बाल विकास पुष्टाहार योजना की स्थिति बहुत दयनीय बनी हुई है जहां आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं को वितरित करने वाला पुष्टाहार आता है वहीं कुछ महिलाओं ने आरोप लगाया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ती उनको पुष्टाहार वितरण नहीं कर रही हैं जिससे पुष्टाहार विभाग के द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला पुष्टाहार उनको नहीं मिल रहा है गर्भवती महिलाओं ने बताया कि आंगनबाड़ी कर्मी से जब बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा वितरित किए जाने वाले पुष्टाहार के बारे में जानकारी की गई तो बताया कि पुष्टाहार उसके स्टॉक में नहीं बचा है इसलिए अभी नहीं मिलेगा जब आएगा तब दिया जाएगा।इस संबंध में जब सेमराजानीपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो वह आंगनबाड़ी केंद्र पर नहीं मिल सकीं जिससे उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# चीनी मिल की केमिकलयुक्त राख, यातायात व्यवस्था से शहरी परेशान

- भारत विकास परिषद ने एसडीएम, कोतवाल को दिया ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



भारत विकास परिषद शाखा गोला के तत्वाधान में मंगलवार को बजाज शुगर मिल द्वारा नगर में भीषण प्रदूषण एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु किए जाने के संदर्भ में जिलाधिकारी खीरी एवं पुलिस अधीक्षक खीरी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी गोला विनोद कुमार गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक गोला चंद्रशेखर सिंह को दिया गया। शाखा में ज्ञापन में मांग की है। कि गोला स्थित बजाज शुगर मिल द्वारा किए जा रहे प्रदूषण से यहां का जनमानस विभिन्न रोगों से ग्रस्त हो रहा है। मिल की चिमनी से निकलने वाली केमिकल युक्त राख सबसे अधिक समस्या उत्पन्न कर रही है। इस राख से आंख रोग, सांस रोग, त्वचा रोग सहित विभिन्न बीमारियां उत्पन्न हो रही है। जिसके चलते इलाके का जल भी दूषित हो रहा है। वहीं घरों की छतों पर राख के ढेर लग जाते हैं। गोला मिल का वर्तमान पेराई सत्र जो कि 8 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है उसके बाद से गोला नगर की यातायात व्यवस्था भी पूरी तरह से लड़खड़ा गई है। विगत कई वर्षों से प्रकाश में आया है। कि मिल के पेराई सत्र के दौरान विभिन्न मार्ग दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति काल कलवित हो चुके हैं। भारत विकास परिषद शाखा गोला के अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीक्षित ने कहा कि उक्त सभी बिंदुओं पर सक्षम अधिकारी उचित व त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करे। जिससे कि गोला का जनमानस स्व'छ हवा में सांस ले सके। इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीक्षित, रवि सक्सेना, श्वेतांक सक्सेना, जितेंद्र सिंह सुरेश कुमार मिश्रा सहित शाखा के लोग मौजूद रहे।

# 25 वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियों के साथ विद्यालय मनाएगा रजत जयंती वर्ष

- 15 नवंबर को होगा आयोजन, वर्ष 1999 में हुई थी विद्यालय की स्थापना

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज का रजत जयंती समारोह 15 नवंबर शुक्रवार को दोपहर एक बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा।

विद्यालय प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी, बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय के 25 वर्ष पूरे होने पर 15 नवंबर को रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। 25 वर्ष पूर्व 1999 में विद्यालय की स्थापना की गई थी। इस अवधि में विद्यालय ने विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने के साथ गुणवत्तायुक्ता शिक्षा प्रदान कर विद्यार्थियों को उनके मुकाम तक पहुंचाया है। तथा एक जीवन में कामयाब होने का एक मकसद दिया है। इन्ही उपलब्धियों के कारण अब विद्यालय की जिम्मेदारियां बढ गई है। बताया कि रजत जयंती समारोह के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी, कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक अमन गिरि एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू होंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल, हालत गंभीर

**बिजुआ खीरी।** भीरा लखीमपुर राजमार्ग पर बस्तौली के पास मंगलवार दोपहर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए।



कोतवाली पलिया के मोहल्ला रंगरेजान निवासी अमन 22 वर्ष व मनोज ×0 वर्ष बाइक से लखीमपुर से पलिया घर जा रहे थे। बस्तौली पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों बुरी तरह से घायल हो गए। राहगीरों और आसपास के लोगो ने घायल पड़े युवको को देखा तो बिजुआ पुलिस चौकी को सूचना दी। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुँचे बिजुआ चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार सिंह ने घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से बिजुआ सीएचसी पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान घायल मनोज की हालत बिगड़ती देख बिजुआ सीएचसी के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों युवको को ओएल ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक मनोज की हालत गंभीर बनी हुई है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर हुई बैठक

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मैगलगंज गन्ना विकास समिति कार्यालय पर निर्विरोध निर्वाचित हुए समिति अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने क्षेत्रीय गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक की। जिसमें उन्होंने समिति सचिव सहित मिल प्रबंधन को गन्ना किसानों की समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर निपटाने को कहा। उन्होंने स्वयं सप्ताह में तीन दिन समिति कार्यालय पर बैठकर गन्ना किसानों की समस्याओं को सुनने की बात कही।



समिति चुनाव के बाद डीएससीएल अजबापुर व कुंभी चीनी मिल शुरू होने के बाद पहली बार गन्ना किसानों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर समिति कार्यालय पहुंचे अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने सचिव समेत अन्य कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं की सुनवाई में लापरवाही करने वाले जिम्मेदार किसी भी गलत फहमी में न रहे उनके खिलाफ कार्रवाई से कोई बचा नहीं पाएगा। समिति और मिल प्रशासन गन्ना किसानों का पूरा ध्यान रखे। गन्ना सेंटरों पर अगर किसी तरह की शिकायत आती है तो समिति व मिल के स्थानीय अधिकारी ध्यान देकर निराकरण कराएं। सबसे 'यादा सेंटर अजबापुर मिल के हैं, इस मिल से जुड़े जिम्मेदार सक्रिय रहें और समस्याओं का निराकरण करें। अन्यथा ग्रुप के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक और संयुक्त प्रबंध निदेशक तक से मजबूती से बात रखी जाएगी। गन्ना किसान का हित सर्वोपरि है, उसको लेकर हर स्तर पर निराकरण में हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। इस मौके पर सचिव अजीत प्रताप सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, कुलदीप त्रिवेदी समेत कई किसान मौजूद रहे।

# रंगोली नाटक तथा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति अभियान फेज -5 के अंतर्गत बाल कार्निवाल सप्ताह 10 नवंबर से 14 नवंबर तब मनाए जाने के क्रम में दिनांक 12 नवंबर 2024 को जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजापुर में रंगोली नाटक तथा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 7 की छात्रा आरुषि एवं कक्षा 8 की छात्रा माही मिश्रा द्वारा 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान रानी लक्ष्मीबाई के द्वारा किए गए संघर्ष एवं उनके योगदान पर नाटक प्रस्तुत किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रियांशी कक्षा 7 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया आस्था कक्षा 8 अनसूया कक्षा 8 एवं शिखा राज कक्षा 7 को पुरस्कृत किया गया। कक्षा 6 की बालिकाओं के मध्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लाडली को प्रथम पुरस्कार पलक को द्वितीय पुरस्कार एवं अंशिका राज को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। बालिकाओं के मध्य भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 7 एवं 8 की बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से कौशल बाजपेई, कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन श्रीमती उषा बुधवार की जिला बाल संरक्षण इकाई से अनुज चतुर्वेदी संरक्षण अधिकारी वनस्टॉप सेंटर से रश्मि सेंटर मैनेजर, विजेता गुप्ता एवं खुशबू अवस्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कय्यूम जरवानी काउंसलर जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किया गया उनके द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कन्या सुमंगला योजना के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में महिला थाना कि भी सहभागिता रही। महिला थाना के उपनिरीक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा समस्त हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। विभा सक्सेना चाइल्ड हेल्प लाइन द्वारा 1098 की कार्य प्रणाली पर प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम मे विद्यालय का समस्त स्टाफ व महिला आरक्षी सीमा आदि उपस्थित रही है।




# सभासदों ने सीएम को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन विधायक को सौंपा

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जल निगम द्वारा मानक के अनुरूप कार्य न किये जाने पर सभासदों ने 7 सूत्रीय ज्ञापन विधायक/अध्यक्ष पंचायती राज समिति उप लखनऊ को सौपकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।

नगर में टंकी निर्माण पाइप लाइन बिछाने के चल रहे कार्य से असंतुष्ट सभासदों ने ज्ञापन में लिखा है कि जल निगम ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप कार्य न करना, प्रस्तावित कार्य का कोई बोर्ड न लगाया जाना, जल निगम द्वारा घर घर टोटी लगाए जाने का प्राविधान है किन्तु घर के बाहर रिपीट लगाकर छोड़ दिया, वार्ड में पाइप लाइनों को अधिकतर पुनः पुरानी ईंटों से ही बन्द कर दिया गया, कुछ वार्डो में पुरानी पाइप लाइनों से कनेक्शन जोड़ दिया गया, मानक के अनुरूप इण्टर लॉक ईंट जो रखी से बनी हुई है वो मानक के अनुरूप नही है, पूरे नगर को खोद दिया गया है हर जगह गड्ढे है अभी तक भरा नही गया जिससे आये दिन हादसे होते रहते है। ज्ञापन दाताओ में सुशीला वर्मा, अरविन्द कुमार, राजेश राठौर, रूपा सक्सेना, रामसिंह राठौर अनुपम गुप्ता राशिद सहित तमाम सभसदो का नाम शामिल है।



# 23 साल बाद सबसे गर्म नवंबर, चार डिग्री अधिक दर्ज हो रहा तापमान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में अभी मौसम में बदलाव की संभावना नहीं है। आने वाले दिनों में धुंध छाई रहेगी। सुबह-शाम के समय में हल्की सिहरन बढ़ेगी। अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री अधिक तक दर्ज किया जाएगा। तापमान सामान्य होने में समय लगेगा।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि औसतन पूरा नवंबर महीना गर्म रहेगा। लखनऊ में यह 23 साल बाद सबसे गर्म नवंबर रहेगा। यही हालत पूरे यूपी का है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान कुछ गिरेगा, लेकिन यह सामान्य से ज्यादा गर्म ही रहेगा। लखनऊ में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए कई जगहों पर एंटी स्माग गन से पानी का छिड़काव हो रहा है। मुख्यमंत्री आवास से लेकर 1090 चौराहे तक सड़क के दोनों तरफ पेड़ों पर नगर निगम की तरफ से पानी का छिड़काव कराया गया। साथ ही लाल कुआं कुकरेल और तालकटोरा क्षेत्र में भी एंटी स्मॉग गन लगाई गई है। मौसम वैज्ञानिक ने मौसम में बदलाव के दो मुख्य कारण बताए। पहला, पश्चिमी विक्षोभ नहीं आया है। इसमें न पहाड़ों में बारिश नहीं हुई, न ही मैदानी इलाकों में ही बारिश हुई है। दूसरी, पछुवा हवा का कोई तेज प्रभाव नहीं रहा है।

# स्वच्छ और डिजिटल महाकुम्भ को प्रोत्साहित कर रही है योगी सरकार

## पीएम मोदी और सीएम योगी के डिजिटल और स्वच्छ महाकुम्भ के संकल्प को हर हाल में किया जाएगा साकार

**प्लास्टिक फ्री महाकुम्भ को प्रोत्साहित करने के लिए मेला क्षेत्र में दोना, पत्तल व जूट के थैले का हो इस्तेमाल**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ/प्रयागराज।** योगी सरकार महाकुम्भ को स्वच्छ और डिजिटल रूप में प्रदर्शित करने पर खास फोकस कर रही है। मंगलवार को प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शीर्ष समिति की 15वीं बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप इस महाकुम्भ को डिजिटल और स्वच्छ महाकुम्भ प्रदर्शित करने के लिए जो भी आवश्यक कदम हैं, वो उठाए जाने चाहिए। पूरे शहर और कुम्भ मेला क्षेत्र में डिजिटल साइनेज होने चाहिए। सफाई की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। प्रत्येक स्थान पर डस्टबिन हो, उसके साथ सफाई कर्मी और कूड़ा उठाने वाली गाड़ी के बीच समन्वय होना चाहिए। मुख्य सचिव ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण के सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि महाकुम्भ को लेकर जो तैयारियां चल रही हैं वो बहुत अच्छी हैं। विपरीत परिस्थितियों और बारिश के बावजूद भी काम पूरी गति से आगे बढ़ रहा है। जितने भी विभाग यहां तैयारियों को अंजाम दे रहे हैं, सभी अपने कार्यों को 30 दिसम्बर तक हर हाल में पूरा कर लेंगे। एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग को लेकर जो भी समस्याएं हैं, उसके विषय में भारत सरकार के साथ विमर्श किया जाएगा।

### प्लास्टिक फ्री महाकुम्भ को करें प्रोत्साहित

उन्होंने कहा कि कोई भी नाला खुला नहीं होना चाहिए। नाले का पानी नदी में नहीं जाना चाहिए। आवश्यकता हो तो स्पेशलाइज्ड टीमों को इसमें लगाया जाय। नालों के साथ-साथ सॉलिड वेस्ट का निस्तारण प्राथमिकता में होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि शहर में जहां-जहां कम्युनिटी टॉयलेट्स हैं, वहां लोग टेबल लगाकर न बैठें। साथ ही, एंट्रेंस एरिया खाली रहना चाहिए, ताकि किसी को असुविधा न हो। सफाई कर्मियों के खाने पीने की व्यवस्था जहां वो हों वहीं सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप प्लास्टिक फ्री महाकुम्भ को प्रोत्साहित करें। दोना, पत्तल, जूट के थैले सब्सिडाइज्ड होने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसको इस्तेमाल करें। हाथ से दोना और पत्तल बनाने वालों को भी मेला क्षेत्र में स्टॉल दिलाए जाने की व्यवस्था की जाए। पेंट माई सिटी के तहत ओवरब्रिज और आरओबी पर बड़े आर्टिस्ट्स द्वारा पेंटिंग्स को लगाया जाना चाहिए।

### दस प्रस्तावों को मिली सैद्धांतिक मंजूरी

मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने मुख्य सचिव के समक्ष अनुमोदन के लिए 10 प्रस्ताव भी रखे। जिन्हें सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई। इसमें लोक निर्माण विभाग और सीएंडडीएस के दो-दो और नगर निगम, मेला प्राधिकरण, पर्यटन विभाग, जल निगम नगरीय, सूचना विभाग और राज्य सड़क परिवहन विभाग का एक-एक प्रस्ताव शामिल रहा। इसमें प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा जनवरी में कराए जाने वाले कुम्भ कॉनक्लेव के लिए 2.35 करोड़ रुपए, पर्यटन विभाग द्वारा परेड ग्राउंड में 55 प्रीमियम टेंट लगाने के लिए 3.51 करोड़, दारागंज बक्सी बांध तिराहा से दशाश्वमेध घाट तक मार्ग प्रकाश व्यवस्था के लिए 1.83 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई।

# छात्रों की मांगों को संवेदनशीलता से सुनें अधिकारी

**छात्रों का कीमती समय आंदोलन में नहीं, उनकी तैयारी में लगे**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के पीसीएस प्री और आरओ..एआरओ की परीक्षा दो दिन में संपन्न कराने के निर्णय के विरोध में सोमवार को शुरू हुआ छात्र आंदोलन प्रयागराज में यूपीपीएससी मुख्यालय के सामने आज दूसरे दिन भी जारी है। देर रात जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस आयुक्त ने आयोग में बैठक की, जो बेनतीजा रही। इसे लेकर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बयान जारी किया है।

उन्होंने एक्स पर कहा, यूपी पीसीएस परीक्षा में एक से अधिक दिन की परीक्षा, निजी संस्थानों को केंद्र न बनाने और मानकीकरण प्रक्रिया को लेकर छात्रों की चिंताएं गंभीर और महत्वपूर्ण हैं। छात्रों की मांग है कि परीक्षाएं पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी हों, ताकि उनकी मेहनत का सम्मान हो और भविष्य सुरक्षित रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में, भाजपा सरकार ने 2017 से भर्ती माफियाओं के खिलाफ सख्त कदम उठाकर निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया की मिसाल पेश की है। लगभग 7 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर सरकार ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया है। सभी सक्षम अधिकारी छात्रों की मांगों को संवेदनशीलता से सुनें और शीघ्र समाधान निकालें। यह सुनिश्चित करें कि छात्रों का कीमती समय आंदोलन में नहीं, बल्कि उनकी तैयारी में लगे। न्यायालय में लंबित मामलों का भी शीघ्र समाधान निकाला जाए ताकि किसी छात्र का भविष्य अंधकार में न रहे।

नॉर्मलाइजेशन को लेकर विरोध कर रहे अभ्यर्थियों का तर्क क्या हैं? कैसे यह पीसीएस और आरओ-एआरओ की परीक्षा को प्रभावित करेगा? कैसे तय होगा कि कौन सा पेपर कठिन और कौन सरल है? आयोग को दो दिन परीक्षा करवाने की जरूरत क्यों पड़ी? आखिर कैसे तय होगा कि कौन सा पेपर कठिन और कौन सा सरल था। हो सकता है कि जो पेपर कठिन लग रहा, वह किसी को सरल लग रहा हो। परीक्षा होने के बाद स्वाभाविक विवाद होगा और भर्ती कोर्ट में फंस जाएगी। आरओ-एआरओ की परीक्षा लीक हुआ था तब दोबारा परीक्षा की मांग को लेकर लोक सेवा आयोग का अभ्यर्थियों ने घेराव किया था।

आरओ-एआरओ परीक्षा का पेपर फरवरी में लीक हुआ था, तब दोबारा परीक्षा की मांग को लेकर लोक सेवा आयोग का अभ्यर्थियों ने घेराव किया था।उप्र लोक सेवा आयोग ने सोमवार की रात एक बयान जारी कर कहा था, परीक्षाओं की शुचिता और छात्रों के भविष्य को संरक्षित करने के उद्देश्य से परीक्षाएं केवल उन केंद्रों पर कराई जा रही हैं, जहां किसी प्रकार की गड़बड़ियों की कोई संभावना नहीं है।

पूर्व में दूर-दराज के परीक्षा केंद्रों में कई प्रकार की गड़बड़ियां संज्ञान में आयी हैं, जिन्हें खत्म करने के लिए यह कदम उठाए गए हैं।÷ बयान में आयोग ने कहा कि परीक्षाओं के संबंध में अभ्यर्थियों ने आयोग को पत्र भेजकर बताया है कि कुछ टेलीग्राम चैनलों एवं यू ट्यूबर्स द्वारा परीक्षा को टलवाने की साजिश की जा रही है। आयोग ने पिछले मंगलवार को इन परीक्षाओं की तिथियों की घोषणा की। जहां पीसीएस प्री की परीक्षा के लिए सात और आठ दिसंबर की तिथि घोषित की गई है, वहीं समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ..एआरओ) प्री की परीक्षा के लिए 22 और 23 दिसंबर की तिथि घोषित की गई है।

### छात्रों के प्रति सरकार का रवैया क्रूर नहीं, बल्कि सहयोग और सहानुभूति का हो



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में यूपीपीएससी के अभ्यर्थियों के विरोध प्रदर्शन को लेकर सियासत में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती भी कूद पड़ी हैं। मायावती ने यूपीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग का समर्थन करते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपी के पास एक समय में परीक्षा कराने की बुनियादी सुविधाओं का इतना अभाव है कि पीसीएस आदि जैसी विशिष्ट परीक्षाएं दो दिन में करानी पड़ रही हैं। गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई आदि की जबरदस्त मार झेल रहे छात्रों के प्रति सरकार का रवैया क्रूर नहीं, बल्कि सहयोग एवं सहानुभूति का होना चाहिए। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया पर एक के बाद एक कई पोस्ट किए है। मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस तथा आरओ-एआरओ की भी प्रारंभिक परीक्षा-2024 एक समय में कराने में विफलता को लेकर आक्रोशित छात्रों पर पुलिस कार्रवाई से उत्पन्न स्थिति की खबर का व्यापक चर्चा में रहना स्वाभाविक। उन्होंने आगे लिखा, क्या यूपी के पास एक समय में परीक्षा कराने की बुनियादी सुविधाओं का इतना अभाव है कि पीसीएस आदि जैसी विशिष्ट परीक्षा दो दिन में करानी पड़ रही है। पेपर लीक पर रोक व परीक्षाओं की विश्वसनीयता अहम मुद्दा है, जिसके लिए एक बार में ही परीक्षा व्यवस्था जरूरी है। सरकार इस ओर ध्यान दे। इस मामले में अपनी आखिरी पोस्ट में बसपा प्रमुख मायावती ने लिखा, गरीबी, बेरोजगारी व महंगाई आदि की जबरदस्त मार झेल रहे छात्रों के प्रति सरकार का रवैया क्रूर नहीं बल्कि सहयोग एवं सहानुभूति का होना चाहिए। इसको लेकर सरकार खाली पड़े सभी बैकलाग पर जितनी जल्दी भर्ती की प्रक्रिया पूरी करे उतना बेहतर।

# बिरसा मुंडा की जयंती पर 15-20 नवंबर तक विश्व जनजाति भागीदारी उत्सव मनाएगी सरकार

**सीएम योगी करेंगे भागीदारी उत्सव का शुभारंभ**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय गौरव दिवस) पर 15 से 20 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव मनाएगी। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस दौरान उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में मेजबान राज्य समेत देश-विदेश की लोकसंस्कृति उतरेगी। उद्घाटन समारोह के उपरांत 11 बजे से सांस्कृतिक समागम शोभायात्रा भी निकलेगी, जिसमें मेजबान उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों के कलाकार शामिल होंगे। प्रतिदिन शाम 5 से रात्रि 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इसमें सहरिया, बुक्सा आदि जनजाति के लोकनृत्य का भी अवलोकन किया जा सकेगा। दूसरी तरफ जनजाति लोकवाद्यों का भी मंचीय प्रदर्शन होगा।

पोथी घर में जनजाति पुस्तकों का भी अवलोकन कर सकेंगे। छह दिवसीय कार्यक्रम में योगी सरकार 20 से अधिक प्रांत के कलाकारों को मंच देगी। इसमें मेजबान उत्तर प्रदेश समेत जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, सिक्किम, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, केरल, पश्चिम बंगाल, गोवा, असम, त्रिपुरा, पंजाब, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश शामिल हैं। वहीं, स्लोवाकिया व वियतनाम के लोक कलाकारों द्वारा भी विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। 15 नवंबर को उद्घाटन समारोह के उपरांत 11 बजे से सांस्कृतिक समागम शोभायात्रा निकलेगी।

इसमें जम्मू-कश्मीर के मोंगो नृत्य-बकरवाल, राजस्थान के तेरहताली नृत्य, लंगाध्मांगणियार गायन, सिक्किम के सिंघी छम नृत्य, कर्नाटक के फुगड़ी सिद्धि नृत्य, ओडिशा का घुड़का नृत्य, मध्य प्रदेश के रमढोल नृत्य, महाराष्ट्र के सांगी मुखौटे नृत्य, छत्तीसगढ़ के माटी मांदरी के जरिए अन्य प्रांतों के कलाकारों को उत्तर प्रदेश में मंच मिलेगा। वहीं, मेजबान उत्तर प्रदेश के कलाकार चंगेली नृत्य, नगमतिया, बीन बादन, कठपुतली का मंचीय प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान पोथी घर में जनजाति से जुड़ी पुस्तकों का भी अवलोकन कर वहां के रहन-सहन, खान-पान, संस्कृति के बारे में भी जान सकेंगे। 16 से 20 नवंबर तक अनेक प्रांतों के लोकनृत्य लोकगीतों से जुड़े कार्यक्रम अनवरत चलते रहेंगे। दोपहर 12 बजे से विमर्श भी होगा। 16 को क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, 17 को जनजाति शिक्षा व स्वास्थ्य-जागरूकता व समाधान पर विमर्श कार्यक्रम होगा। 18 को लोकल से ग्लोबल तक जनजातियों में उद्यमिता विकास की संभावनाएं तक विमर्श होगा। 19 को इसका विषय जनजाति विरासत संरक्षण व संवर्धन है। 20 को जनजाति विकास में गैर सरकारी संस्थाओं की भूमिका पर विमर्श होगा। 19-20 नवंबर को मध्य प्रदेश की टीम की तरफ से जननायक बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित नाटक की प्रस्तुति होगी। जनजाति लोकवाद्यों का मंचीय प्रदर्शन भी होगा।

## खबरें एक नजर में

### हिन्दू महासभा त्रिदंडी ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रत्येक मंगलवार की भांति अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी के तत्वावधान में आज यहां ग्रामसभा बसहा, कुर्सी रोड स्थित शिव मन्दिर में सामूहिक रूप में हनुमान चालीस का पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान राजेश शुक्ला रिंकू द्वारा हुये इस धार्मिक आयोजन के मौके पर अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चंद्र मौली शुक्ला, प्रदेश प्रचार मंत्री सुनील कुमार सिंह, अमित कश्यप, अजीत फटन सहित क्षेत्र के काफी संख्या में लोग मौजूद थे। हनुमान चालीसा के पाठ के उपरान्त राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने सम्बोधित करते हुये लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक मंगलवार को देश-प्रदेश के विभिन्न मन्दिरों में सामूहित रूप से हनुमान चालीसा, एवं आरती कर देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने का संकल्प लें। जैसे मुसलमान शुक्रवार को जुम्मे के दिन सभी मस्जिद को जाते हैं और नमाज अदा करते हैं इस रूप में हिंदू मंगलवार की शाम को नजदीकी मंदिर में जाकर हनुमान चालीसा का पाठ करें और हिंदुओं को संगठित होने का संदेश दें।

### छात्रों की आवाज को कुचलने का प्रयास किया जा रहा : लोकदल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने उत्तर प्रदेश में युवाओं को रोजगार पाने के लिए आंदोलन का शरण लिए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि, ये बड़े ही शर्म की बात है। एक तरफयुवा को रोजगार देने वाली सरकार नौकरी का प्रमाण पत्र दे रही है और फोटो खिंचवाती है, तो दूसरी ओर बेरोजगार युवाओं को पुलिस से लाठी मरवा रही है। लोकदल उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के पीसीएस प्री और आरओ-एआरओ की परीक्षा दो दिन में संपन्न कराने के निर्णय के विरोध में छात्र आंदोलन प्रयागराज में यूपीपीएससी मुख्यालय के सामने आज दूसरे दिन भी समर्थन किया है। भाजपा के लोग एक देश एक चुनाव की बात तो करते है वह आज एक साथ परीक्षा नहीं करा पा रहे हैं क्यों? नॉर्मलाइजेशन की यह प्रक्रिया भ्रष्टाचार के लिए लूपहोल है।

### धूमधाम से खाटू श्याम मंदिर में मनाया जाएगा श्याम जन्मोत्सव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्री श्याम परिवार के महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि इस बार श्री खाटू श्याम बाबा का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जाएगा जिसमें 12 नवंबर श्री श्याम यात्रा सुबह 7.00 बजे नरही स्थित राम दास मंदिर निकट पेट्रोल पंप से श्री श्याम ध्वजा यात्रा प्रारंभ होकर मंदिर प्रांगण को पहुंचेगी जन्मोत्सव पर बाबा का भव्य दरबार कलकत्ता के कलाकारों से बनाया गया हैं। बाबा के दर्शन के लिए मन्दिर सुबह से मध्यरात्रि तक खुला रहेगा। वहीं शाम को भजन संध्या आओ जन्मदिन बाबा को कार्यक्रम में भजन गायक पवन मिश्रा, अंजू यादव, मयंक कश्यप, अनुष्का मिश्रा, राम, नीतू शर्मा द्वारा भजनों का गुलदस्ता पेश करेगा। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम बाबा को 56 भोग लगाया जाएगा मध्यरात्रि को मिल्क केक काट कर जन्मदिन उत्सव मनाया जाएगा। प्रवक्त अनुराग साहू बताया कि 13 नवंबर को ब्रज अनुरागी पूनम दीदी द्वारा भजन सायं 8बजे मन्दिर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### बंद मकान मे चोरी, दरवाजे की कुंडी काटकर सामान ले गए चोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकारी के मुताबिक चिनहट के शाहपुर निवासी कार चालक पवन नाथ द्विवेदी के घर 9 से 11 नवंबर के बीच चोरी हो गई। इस दौरान वह अपने परिवार के साथ बारबंकी रामसनेही घाट स्थित भिठरिया गांव गए थे। जहां भागवत कथा हो रही है। बेटे प्रशांत ने बताया कि वह 9 नवंबर की शाम को पिता पवन, मां रीता और छोटे भाई हर्ष के साथ गांव गए थे। 11 नवंबर की रात को लौटने पर मेन गेट पर ताला खोलकर अंदर देखा तो सभी दरवाजे खुले थे और सामान बिखरा था। चोरों ने ताला तोड़ने की जगह दरवाजों की कुंडी ही काट दी थी। चोर घर में रखे करीब 3.50 लाख रुपए कीमत के जेवर, 50 हजार नगद, टीवी समेत कीमती सामान चुरा ले गए। पुलिस कंट्रोल रूम को रात में ही सूचना दी। जिसके बाद पहुंचे पुलिस कर्मियों ने जांच पड़ताल की। चिनहट इंस्पेक्टर भरत पाठक ने मंगलवार सुबह मौके पर जांच पड़ताल की।

### हॉस्पिटल के वार्ड बॉय की संदिग्ध मौत, धरने पर बैठे घरवाले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार को वार्ड बॉय की ड्यूटी के दौरान संदिग्ध मौत हो गई। घटना लखनऊ-कानपुर बाईपास चौराहे के पास ब्लू लाइन अस्पताल की है। मौत की जानकारी होते ही युवक के घरवालों के साथ किसान संगठन के लोग अस्पताल पहुंचे और हंगामा करने लगे। दुबग्गा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने अस्पताल पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक का नाम देवेंद्र यादव (25) है। परिजनों का कहना है कि डॉक्टर सहित अस्पताल का पूरा स्टाफफरार है। प्रदर्शन कर रहे लोगों की पुलिस से नोकझोंक भी हो गई। परिजनों ने हॉस्पिटल के मालिक और स्टाफपर कार्रवाई की मांग की है।

# उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था मुख्यमंत्री योगी को देगी मांगपत्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था की प्रथम प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ भवन के सभागार में संस्था के अध्यक्ष श्याम सुन्दर अग्निहोत्री की अध्यक्षता एवं महामंत्री ओंकार नाथ तिवारी के संयोजकत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रांतीय पदाधिकारियों के अतिरिक्त विभिन्न जिलों के अध्यक्ष एवं मंत्रीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। राज्य सरकार द्वारा पेंशनरों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए बैठक में निर्णय लिया गया कि पेंशनर्स की प्रमुख समस्याओं से संबंधित मांगपत्र, ज्ञापन शीघ्रातिशीघ्र मुख्यमंत्री को सौंपा जाय।

बैठक में प्रमुख रूप से राशिकरण के प्रकरण में न्यायालयों में योजित याचिकाओं में स्थगनादेशों तथा विभिन्न राज्यों द्वारा लिए गए निर्णयों को देखते हुए राशिकरण की कटौती अवधि को घटाकर अधिकतम 11 वर्ष किये जाने, 65, 70 व 75 वर्ष की आयु पर मूल पेंशन में 05, 10 व 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी किये जाने, पूर्व की भांति रेल किराए तथा परिवहन निगम की बसों में पेंशनर्स को छूट प्रदान किये जाने, पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेश चिकित्सा योजना के अंतर्गत आने वाले चिकित्सालयों में उपलब्ध सेवाओं की विवरण पट्टिका लगवाने एवं देने से मना करने वाले चिकित्सालयों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किये जाने की बात वक्ताओं ने उठाई। बैठक में प्रमुख रूप से संस्था के संरक्षक शमशुल आरफिन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ दीक्षित, कार्यकारी अध्यक्ष आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डी एन प्रसाद विश्वकर्मा, गोपी कृष्ण श्रीवास्तव, डी एल श्रीवास्तव, अवधेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार मेहरोत्रा, राम शरण सिंह, मोहसिन अली, देवी प्रसाद तिवारी, एस डी मिश्र, सुयश कुमार उपाध्याय, बुद्धि सागर शुक्ला, सरजीत सिंह, के बी सिंह, फूल चन्द्र गुप्ता, जलालुद्दीन कुरैशी, प्रेम सिंह, श्रीराम मौर्य, विजय कुमार श्रीवास्तव, कमला कांत बाजपेई, झिनकू पाण्डेय, डा ओ पी श्रीवास्तव, महानंद चौधरी, हीरा लाल प्रसाद, महताब अली, नरेशचंद्र वर्मा, अनिल कुमार श्रीवास्तव, राम कुमार वर्मा, राम सागर मिश्र, रमा शंकर मिश्र, अमृत लाल श्रीवास्तव, अशोक कुमार दुबे, सुनील दत्त श्रीवास्तव, लहूरी, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, मुजाहिदुल हसन आदि मौजूद रहे।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** हजरतगंज पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के प्रतिष्ठित संस्थान में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले को गिरफ्तार किया है। आरोपी बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, नगर निगम और सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में क्लर्क, हेड क्लर्क और चपरासी की नौकरी दिलाने का दावा करता था। यही नहीं लोगों को विश्वास दिलाने के लिए फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर एडवांस के साथ बकाया रमक भी वसूल लेता था। डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी ने बताया कि 21 नवंबर 2023 को अमिन नाम के युवक ने नौकरी के नाम पर ठगी का मुकदमा दर्ज कराया था। उसका कहना था कि उन्हें और उनके परिचितों को एक युवक ने वाराणसी के नामी संस्थानों में सी ग्रेड की नौकरी दिलाने की बात कही थी। उसने नौकरी के नाम पर पैसे लेने के बाद नियुक्ति पत्र भी दिए, लेकिन संस्थान में ज्वाइनिंग करने पहुंचने पर ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जिसके आधार पर पुलिस ने वाराणसी के गोसाइपुर निवासी राजेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। राजेश अपने साथियों के साथ मध्यमवर्गीय परिवार के लोगों को निशाना बनाता था। जिससे वह सरकारी नौकरी के नाम पर पैसे आसानी से दे दें।

# सिंचाई अभियंता हेमंत दीपशिखा सारस्वत सम्मान से सम्मानित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** हरिद्वार से संचालित सांस्कृतिक और साहित्यिक मंच दीपशिखा ने हेमंत कुमार को दीपशिखा सारस्वत सम्मान दिया है। यह सम्मान उनकी पुस्तक आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़ी स्मृतियां और पत्र में मौलिक और शोधपूर्ण कार्य के लिए प्रदान किया गया।

हेमन्त ने ढाई वर्ष चले आजादी के अमृत महोत्सव में पैतालीस गुमनाम सेनानियों की खोज की और इस विषय से जुड़ी कुल पांच पुस्तक लिखीं। इन्हीं पांच में एक पुस्तक आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़ी स्मृतियां और पत्र रही। इस पुस्तक का विमोचन इसी 14 सितंबर को पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड और पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र रहे भगत सिंह कोश्यारी ने सेनानियों के सम्मेलन में किया था। आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़ी गतिविधियों और कार्यों के लिए हेमन्त का नाम इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दो बार दर्ज हो चुका है। बिजनौर के ग्राम फीना निवासी हेमंत सिंचाई विभाग लखनऊ में सहायक अभियंता हैं। संस्था की अध्यक्ष डॉ. मीरा भारद्वाज सचिव डॉ. सुनील कुमार त्यागी अमित उपाध्यक्ष उमेश शर्मा ने साहित्य में उल्लेखनीय कार्य कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार संपादक डॉ. पंकज भारद्वाज, डॉ. अशोक गिरि, इंजीनियर हेमन्त कुमार, साधुराम पल्लव तथा रेखा सिंघल को दुशाला स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

### ऋषि साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है : उमानंद शर्मा

**लखनऊ ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''यशराज इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 426वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री इन्दिरा देवी ने अपने प्रिय जीवन साथी स्व. गुलाब चन्द्र की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों, विभागाध्यक्षों एवं फार्मेसी के अधिकारीगणों को (हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

### सनातन महासभा ने किया गया तुलसी विवाह आयोजित

**लखनऊ ।** सनातन महासभा की ओर से तुलसी विवाह का आयोजन जानकी पुरम स्थित संस्था कार्यालय में मंगलवार को अध्यक्ष डा. प्रवीण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। डॉ प्रवीण ने बताया कि महिलाओं ने विशेष रूप से तुलसी व शालिग्राम भगवान का विवाह पूजन के साथ किया। इस विशेष सनातन संस्कृति को जीवित रखने की परंपरा को घर घर में आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर कथा सुनने के साथ लता बाजपेयी, डॉ. आहुति, नीलिमा त्रिपाठी, मधुबाला, रेनू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मोहन रोड पर चला अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जोन छह के जोनल अधिकारी द्वारा चलाए जा रहे हैं निरंतर अभियानों के क्रम में जोन की टीम के नेतृत्व में मोहान रोड नहर से आगरा एक्सप्रेस-वे तक दोनों पटरियों पर अवैध रूप से किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 25 ठेले, 15 गुमटी, अस्थाई दुकानें हटवाई गई। 3 बैंच, 1 लकड़ी की मेज, 9 टायर, 1 लोहे की जाली, 1 स्टील का काउन्टर, 2 टीन वाला काउन्टर, 1 पानी की पेटी, 1 फीज सामान जब्त किया गया।जुर्माना वसूल किया गयारू अतिक्रमण करने वालों से 5500रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। अतिक्रमण करने वालों को सचेत किया गयारू उन्हें उक्त स्थल पर पुनः अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई। अभियान में जोनल अधिकारी मनोज यादव, अवधेश कुमार कर अधीक्षक, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक संगीता गुप्ता श्री धर्मदेव एवं 296 टीम व क्षेत्रीय पुलिस की उपस्थिति में की गई।

**निरीक्षण** — महापौर के साथ अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर अधिकारी समेत जोन-7 के अन्य आला अधिकारी थे मौजूद

# जोन-7 पहुंची मेयर, अफसरों से किए सवाल, फाइलें ले गईं साथ

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल मंगलवार सुबह अचानक नगर निगम जोन- 7 ऑफिस पहुंची। अचानक मेयर को देखकर जोन ऑफिस में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान लापरवाही मिलने पर उन्होंने कई अधिकारियों को फटकार लगाई। हाउस टैक्स की फाइलों में गड़बड़ी मिली। इस पर अधिकारियों से जवाब तलब किया। अधिकारी कुछ बोल नहीं पाए। इस पर मेयर फाइलें अपने साथ ले गईं।

मेयर ने दौरे की जानकारी विभाग के अधिकारियों को नहीं दी थी। सुबह करीब 9.30 बजे जब वह घर से निकलने लगी तो बताया कि जोन- 7 की समीक्षा बैठक करेंगी। उनके साथ अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य कर अधिकारी समेत जोन-7 के अन्य आला अधिकारी थे। मेयर सुषमा खारवाल ने जब हाउस टैक्स से संबंधित फाइलों की जांच की तो उनको कई जगह पर गड़बड़ी मिली। इसके बाद उन्होंने रजिस्टर अपने पास रख लिया। और कहा- वह खुद घर पर इस पूरे मामले की जांच करेंगी। एक-एक हाउस टैक्स फाइल चेक होगी। जिस में भी गड़बड़ी हुई। संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेयर ने कहा एक हफ्ते के अंदर हाउस टैक्स से संबंधित सभी रजिस्टर को मेंटेन करें। एक सप्ताह के बाद कभी भी दोबारा जांच करूंगी। इस दौरान अगर गड़बड़ी मिली तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करूंगी। मेयर के पहुंचते ही जोन ऑफिस में हड़कंप मच गया। वे जोन के एक-एक वार्ड की टैक्स वसूली और सफाई की समीक्षा बैठक की। इस दौरान काम में लापरवाही बरतने पर कई अधिकारियों-कर्मचारियों को फटकार लगाई है। मेयर इससे पहले सोमवार को जोन चार कार्यालय पहुंची थीं। यहां उन्होंने एक महीने के अंदर जोन ऑफिस की तमाम कमियों को दूर करने का आदेश दिया था। निगम जोन-7 में डोर-टू-डोर कूड़ा उठना, सड़कों की नियमित सफाई, सीवर और टूटी सड़कें बड़ी समस्या हैं।

### पूरे भारत में यात्रा भत्ता आठ किलोमीटर पर देय है पर लखनऊ डिवीजन में सौतेला व्यवहार क्यों

**लखनऊ।** रेलवे कर्मचारी ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन के आवाहन पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने यात्रा भत्ता का मुद्दा उठाया कर्मचारियों के यात्रा भत्ता का मुद्दा तथा अन्य कई ऐसी जगह पर जहां साइकिल अलाउंस दिया जा रहा है वहां पर ट्रैक मेंटेनर कर्मचारियों को यात्रा भत्ता 16 किलोमीटर के पश्चात दिया जा रहा है यह बिल्कुल गलत है संघ इसका विरोध करता है रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2017 के अनुसार नियमों की अवहेलना है इस संबंध में रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 11छ08छ17 के मद संख्या 2(ब) के (पप)ब , का अवलोकन करें जिसमें लोकल जूरिडिक्शन से बाहर जाने पर यात्रा भत्ता देने का आदेश है। ट्रैक मेंटेनर संवर्ग का लोकल कार्य सीमा इकहरी लाइन में 4 किलोमीटर जाना एवं 4 किलोमीटर आना कुल 8 किलोमीटर होता है जबकि दोहरी लाइन में अपध्डाउन दोनों लाइनों को मिलाकर 6 से 10 किलोमीटर कार्य करना है। इससे अन्यत्र यदि ड्यूटी लगाई जाती है तो उन्हें यात्रा बता दे होगा। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ डिवीजन के अंतर्गत जो भी यात्रा भत्ता के सम्बन्ध मे विसंगतियां है उन्हें दूर करके पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ने वादा किया है की ट्रैकमैन के साथ अन्याय नहीं होने देंगे सब वाजिब लाभ ट्रैक मेंटेनर को प्रदान किया जाएंगे।

### निकाय महासंघ ने दी पुनः आन्दोलन की चेतावनी

**लखनऊ ।** स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ की एक लम्बे समय से लम्बित मांगो के समाधान न होने के कारण महासंघ द्वारा गत दिनों 26 अक्टूबर 24 से आन्दोलन की घोषणा को द्रष्टि गति रखते हुए प्रमुख सचिव नगर विकास की अध्यक्षता में हुई बैठक में जारी कार्यवृत्त के अनुसार प्रमुख रूप से मांगो के निस्तारण जनवरी 25 तक निर्णय, आदेश नहीं जारी हुए तो पुनः होगा आन्दोलन होगा। प्रमुख सचिव नगर विकास से महासंघ ने अकेन्द्रियत सेवा नियमावली व दैनिक वेतन, संविदा, तदर्थ तथा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की समस्याओं व अन्य लम्बित प्रकरणों पर समाधान समयवृद्ध कराने मांग रखते हुए कहा था कि दो माह में निर्णय नहीं हुआ तो महासंघ पुनः एकजुट कर जनवरी माह 2025 से अनिश्चित कालीन कार्यबन्दी करने हेतु मजबूर होगा।

## प्रयासों के बाद भी गंगा फिर भी मैली

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की उस टिप्पणी को हमें एक गंभीर चेतावनी के रूप में लेना होगा, जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। एनजीटी का यह खुलासा इसलिये भी चिंता बढ़ाने वाला है क्योंकि कुछ ही माह बाद यानी जनवरी 2025 की पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत होने वाली है। कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश–दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई अनेक महत्वाकांक्षी व भारी–भरकम योजनाओं के बावजूद गंगा को साफ करने में हम सफल क्यों नहीं हो पाए हैं। आखिर कौन है गंगा की यह हालत करने के गुनहगार? विडंबना देखिये कि तमाम सख्ती के बावजूद सैकड़ों खुले नाले गंगा में गंदा पानी गिरा रहे हैं। तमाम उद्योगों का अपशिष्ट पानी अनेक जगह गंगा में गिराया जा रहा है। वर्ष 2014 से गंगा की सफाई का महत्वाकांक्षी अभियान 'नमामि गंगे' शुरू किया गया था। बताया जाता है कि अब तक करीब चालीस हजार करोड़ की लागत से गंगा की सफाई की करीब साढ़े चार सौ से अधिक परियोजनाएं आरंभ भी की गई हैं। इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाये जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिये शोधन संयंत्र लगाने, गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता को बचाने, गंगा घाटों की सफाई के लिये काफी काम तो हुआ लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं। जो हमें बताता है कि जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं करेंगे, गंगा मैली ही रह जाएगी। सिर्फ सरकारी प्रयास काफी नहीं हैं। दरअसल, लगातार बढ़ती जनसंख्या का दबाव और गंगा तट पर स्थित शहरों में योजनाबद्ध ढंग से जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था को अंजाम न दिये जाने से समस्या विकट हुई है। गंगा को साफकरने के लिये जरूरी है कि स्वच्छता अभियान एक निरंतर प्रक्रिया हो। एक बार की सफाई निष्प्रभावी हो जाएगी यदि हम प्रदूषण के कारकों को जड़ से समाप्त नहीं करते। इसके लिये गंगा के तट वाले राज्यों में पर्याप्त जलशोधन संयंत्र युद्ध स्तर पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही गंगा सफाई अभियान की नियमित निगरानी होनी चाहिए। इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जाना चाहिए। लोगों को बताया जाना चाहिए कि गंगा सिर्फनदी नहीं है यह खाद्य शृंखला को संबल देने वाली तथा हमारी आध्यात्मिक यात्रा से भी जुड़ी है। गंगा में अघुलनशील कचरा व अन्य अपशिष्ट डालने से रोकने के लिये जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। यदि जागरूकता व प्रेरित करने से बात नहीं बनती तो इसके लिये जुर्माने का प्रावधान भी होना चाहिए। साथ ही गंगा में जहरीला कचरा बहाने वाले उद्योगों पर भी आर्थिक दंड लगाना चाहिए। एक बात तो तय है कि सरकार के साथ जब समाज की जिम्मेदारी तय नहीं की जाती, गंगा का साफहोना असंभव जैसा हो जाएगा। गंगा सिर्फबहती नदी नहीं है हमारे पुरखों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। गंगा मुक्तिकामी भी है। जीवनदायिनी भी है। ऐसे में केंद्र सरकार की नमामि गंगा परियोजना में राज्यों की भागीदारी और जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए।

# कृषि में महिलाओं को सशक्त बनाती नमो ड्रोन दीदी योजना

प्रियंका सौरभ

राष्ट्रीय मो ड्रोन दीदी सटीक कृषि और संसाधन अनुकूलन में योगदान दे सकती है। भारत का कृषि क्षेत्र प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों के एकीकरण के साथ परिवर्तन के शिखर पर है। ड्रोन प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करने वाली नमो ड्रोन दीदी जैसी योजनाएँ सटीक कृषि और संसाधन अनुकूलन के माध्यम से खेती को आधुनिक बनाने की क्षमता प्रदान करती हैं, जो कृषि में प्रमुख चुनौतियों का समाधान करती हैं। ड्रोन उर्वरकों और कीटनाशकों के सटीक अनुप्रयोग को सक्षम करते हैं, अपव्यय को कम करते हैं और समान वितरण सुनिश्चित करते हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन रासायनिक उपयोग में 30त्न तक की कमी सुनिश्चित करते हैं। ड्रोन फसलों की वास्तविक समय की निगरानी की अनुमति देते हैं, फसल के स्वास्थ्य, मिट्टी की स्थिति और समय पर हस्तक्षेप के लिए प्रारंभिक रोग का पता लगाने पर डेटा प्रदान करते हैं। आंध्र प्रदेश में, ड्रोन ने कीटों के हमलों का समय पर पता लगाने के कारण फसल के नुकसान को 20त्न तक कम करने में मदद की। ड्रोन फसल के विकास पैटर्न, मिट्टी के स्वास्थ्य और उपज के अनुमान पर सटीक डेटा प्रदान करते हैं, जिससे खेत प्रबंधन और निर्णय लेने में सुधार होता है। वैश्विक स्तर पर, ड्रोन तकनीक ने कृषि सहित कई उद्योगों में क्रांति ला दी है। भारत में, ड्रोन में अपार संभावनाएं हैं- वे बड़े क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर सकते हैं, फसलों की निगरानी कर सकते हैं, बीमारियों या कीटों का पहले से पता लगा सकते हैं और कीटनाशकों और उर्वरकों के सटीक उपयोग की सुविधा प्रदान कर सकते हैं। यह सटीक खेती का तरीका पारंपरिक खेती के तरीकों से जुड़ी लागत और बर्बादी को कम करते हुए फसल की पैदावार को बढ़ाता है। हालांकि, भारतीय कृषि में ड्रोन को अपनाना धीमा रहा है। उच्च लागत, सीमित जागरूकता और ग्रामीण क्षेत्रों में अपर्याप्त तकनीकी बुनियादी ढांचे ने व्यापक कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न की है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, नमो ड्रोन दीदी योजना न केवल ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देती है बल्कि ग्रामीण महिलाओं को सशक्त भी बनाती है।



**महाराष्ट्र में तैनात ड्रोन ने किसानों को पैदावार का बेहतर अनुमान लगाने और उत्पादकता बढ़ाने में सक्षम बनाया। ड्रोन पोषक तत्वों जैसे इनपुट के परिवर्तनीय दर अनुप्रयोग की अनुमति देते हैं, विशिष्ट क्षेत्र की ज़रूरतों के अनुसार समायोजन करते हैं, इनपुट दक्षता को अधिकतम करते हैं। उत्तर प्रदेश में, ड्रोन-सहायता प्राप्त खेती ने किसानों को मिट्टी की उर्वरता भिन्नताओं के आधार पर उर्वरकों को सटीक रूप से लागू करने में सक्षम बनाया, जिससे पोषक तत्वों के उपयोग की दक्षता में वृद्धि हुई। ड्रोन तकनीक में स्वचालन कीटनाशकों या उर्वरकों के छिड़काव जैसे कार्यों में मानवीय त्रुटि को कम करता है, जिससे अधिक प्रभावी संचालन होता है। मध्य प्रदेश में एक पायलट परियोजना ने कीटनाशक छिड़काव में कम त्रुटियों को दिखाया।**

महाराष्ट्र में तैनात ड्रोन ने किसानों को पैदावार का बेहतर अनुमान लगाने और उत्पादकता बढ़ाने में सक्षम बनाया। ड्रोन पोषक तत्वों जैसे इनपुट के परिवर्तनीय दर अनुप्रयोग की अनुमति देते हैं, विशिष्ट क्षेत्र की ज़रूरतों के अनुसार समायोजन करते हैं, इनपुट दक्षता को अधिकतम करते हैं। उत्तर प्रदेश में, ड्रोन-सहायता प्राप्त खेती ने किसानों को मिट्टी की उर्वरता भिन्नताओं के आधार पर उर्वरकों को सटीक रूप से लागू करने में सक्षम बनाया, जिससे पोषक तत्वों के उपयोग की दक्षता में वृद्धि हुई। ड्रोन तकनीक में स्वचालन कीटनाशकों या उर्वरकों के छिड़काव जैसे कार्यों में मानवीय त्रुटि को कम करता है, जिससे अधिक प्रभावी संचालन होता है। मध्य प्रदेश में एक पायलट परियोजना ने कीटनाशक छिड़काव में कम त्रुटियों को दिखाया, जिससे फ़सल की उपज में 15त्न सुधार हुआ। ड्रोन मिट्टी में नमी के स्तर का आकलन करने में मदद करते हैं, जिससे सटीक सिंचाई की सुविधा मिलती है, जिससे पानी का संरक्षण होता है और यह सुनिश्चित होता है कि केवल आवश्यक क्षेत्रों में ही पानी मिले।

ड्रोन-सहायता प्राप्त सिंचाई ने गुजरात के जल-दुर्लभ क्षेत्रों में पानी के उपयोग को 15त्न तक कम कर दिया। इनपुट लागत में कमी- उर्वरकों और कीटनाशकों जैसे इनपुट के सटीक उपयोग से, किसान लागत बचाते हैं, जिससे बेहतर संसाधन प्रबंधन में योगदान मिलता है। पंजाब में स्वयं सहायता समूह ने नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन का उपयोग करके इनपुट पर 20त्न लागत बचत की सूचना दी। ड्रोन कीटनाशकों और उर्वरकों के छिड़काव जैसे कार्यों में मैनुअल श्रम की आवश्यकता को कम करते हैं, जिससे किसानों को श्रम लागत में कटौती करने और परिचालन दक्षता में सुधार करने में मदद मिलती है। नमो ड्रोन दीदी के तहत ड्रोन सेवाओं को अपनाने के बाद हरियाणा के किसानों ने श्रम व्यय में 25त्न तक की कमी का अनुभव किया। ड्रोन तकनीक बड़े खेतों में छिड़काव और निगरानी जैसे कार्यों के लिए आवश्यक समय को काफी कम कर देती है, जिससे समग्र कृषि उत्पादकता में सुधार होता है। राजस्थान में, ड्रोन की सहायता से कीटनाशक के छिड़काव ने संचालन में लगने वाले समय को 7 दिनों से घटाकर 2 दिन कर दिया, जिससे उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ड्रोन सटीक कीट प्रबंधन में मदद करते हैं, कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग को कम करते हैं, जिससे दीर्घकालिक मिट्टी और पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य में सुधार होता है। तमिलनाडु के किसानों ने ड्रोन-सहायता प्राप्त कीट प्रबंधन प्रणालियों का उपयोग करके फसल की गुणवत्ता में 10त्न सुधार की सूचना दी।

नमो ड्रोन दीदी योजना खेती को आधुनिक बनाने, सटीक कृषि को बढ़ाने और इष्टतम संसाधन उपयोग सुनिश्चित करने में प्रौद्योगिकी-आधारित कृषि की अपार क्षमता को प्रदर्शित करती है। उचित कार्यान्वयन और समर्थन के साथ, ऐसी पहल भारत के कृषि क्षेत्र को स्थिरता और बढ़ी हुई उत्पादकता की ओर ले जा सकती हैं।

हालाँकि भारत कृषि में ड्रोन को एकीकृत करने वाला पहला देश नहीं है, लेकिन तकनीक के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने पर इसका ध्यान अद्वितीय है। निरंतर सरकारी समर्थन, बेहतर बुनियादी ढाँचे और किसानों की बढ़ती जागरूकता के साथ, नमो ड्रोन दीदी योजना में खेती को आधुनिक बनाने, खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की क्षमता है। इन चुनौतियों का समाधान करके, यह पहल लैंगिक समानता और ग्रामीण तकनीकी उन्नति को बढ़ावा देते हुए कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने की मांग करने वाले अन्य विकासशील देशों के लिए एक मॉडल के रूप में काम कर सकती है।

## विचार

# खो-खो के वर्ल्ड कप से भारतीय खेल को वैश्विक पहचान मिलेगी

सुधांशु मित्तल

मसभारत के माटी के खेल, खो-खो का पहली बार वर्ल्ड कप होने जा रहा है। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित और भारतीय युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित इस टूर्नामेंट का उद्देश्य देसी खेल खो-खो को वैश्विक मंच पर लाना है। खो-खो वर्ल्ड कप 13 से 19 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। महाभारतकालीन इस खेल को आज दुनिया के पटल पर लाने की जोरदार कोशिश की जा रहा है। भारत के प्राचीन खेल खो-खो के पहले वर्ल्ड कप के आयोजन से भारतीय मिट्टी से जुड़े इस खेल को वैश्विक स्तर पर पहचान स्थापित करने में मदद मिलेगी और भविष्य में ओलिंपिक और एशियाई खेलों में इसके प्रवेश का रास्ता प्रशस्त होगा।

सदियों पुराने रोमांचक खेल खो-खो की जड़ें भारतीय पौराणिक कथाओं में हैं। इतिहास में इसका वर्णन मौर्या शासनकाल चौथी ईसा पूर्व में मिलता है। ÷खो-खो÷ खेल का वर्णन महाभारत काल में भी किया गया है। इस खेल के आधुनिक स्वरूप की शुरुआत महाराष्ट्र में हुई थी, जो आज दुनिया के सभी महाद्वीपों तक पहुंच गया है। वर्ष 1914 में बाल गंगाधर



तिलक ने पहली बार खो-खो खेल के नियमों पर रूल बुक लिखी। विश्व के खेल इतिहास में खो-खो की एंट्री 1936 में बर्लिन ओलिंपिक में डेमो खेल से मानी जा सकती है। जब अडोल्फ हिटलर ने इस खेल को सराहा। वर्ष 1996 में पहली बार खो-खो की पहली एशियाई चैंपियनशिप आयोजित की गई। वर्ष 2010 में इस खेल को पहली बार इंडोर मेट पर खेलना शुरू किया गया। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया का लक्ष्य है कि 2032 में होने वाले ओलंपिक में इस खेल को शामिल किया जाए।

भारत सरकार कई स्वदेशी खेलों को बढ़ावा दे रही है और 2025 में खो-खो विश्व कप के उद्घाटन संस्करण की मेजबानी करना उसी दिशा में एक कदम है। भारत के प्राचीनतम खेलों में से एक खो-खो के इस विश्व कप का उद्घाटन संस्करण का आयोजन 13 से 19 जनवरी 2025 के बीच नई दिल्ली में होगा। इस समय खो-खो विश्व के सभी महाद्वीपों 54 देशों में खेला जा रहा है तथा 2025 के अंत तक खो-खो दुनिया भर के 90 देशों में अपनी उपस्थिति रजिस्टर कर लेगा। इस वर्ल्ड कप में इंग्लैंड, जर्मनी, हॉलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे, जिनमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें शामिल होंगी। जबकि कुछ देश ऑब्जरवेशन डेलिगेट भेजेंगे।

**प्रत्येक खो-खो टीम में 18 सदस्य होंगे जिसमें 15 खिलाड़ी, 01 कोच, 01 मैनेजर और 01 सपोर्ट स्टाफ का सदस्य होगा। इसमें भाग लेने वाली टीमें इंदिरा गाँधी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आगामी 8 जनवरी से प्रैक्टिस सेशन में भाग ले सकेंगी तथा पूरे परिसर में पीले और हरे रंग की कुल 1200 प्रैक्टिस मैट्स बिछायी जाएँगी। इस चैंपियनशिप में अफ्रीकी महाद्वीप से घाना, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। एशिया का प्रतिनिधित्व मेजबान भारत के साथ दक्षिण कोरिया, पाकिस्तान, श्रीलंका, भूटान, बांग्लादेश, नेपाल इंडोनेशिया, ईरान, और मलेशिया करेंगे। यूरोप से जर्मनी, नीदरलैंड पोलैंड और इंग्लैंड, प्रतिभागी होंगे जबकि उत्तरी अमेरिका का प्रतिनिधित्व अमेरिका और कनाडा करेंगे।**

प्रत्येक खो-खो टीम में 18 सदस्य होंगे जिसमें 15 खिलाड़ी, 01 कोच, 01 मैनेजर और 01 सपोर्ट स्टाफ का सदस्य होगा। इसमें भाग लेने वाली टीमें इंदिरा गाँधी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आगामी 8 जनवरी से प्रैक्टिस सेशन में भाग ले सकेंगी तथा पूरे परिसर में पीले और हरे रंग की कुल 1200 प्रैक्टिस मैट्स बिछायी जाएँगी। इस चैंपियनशिप में अफ्रीकी महाद्वीप से घाना, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। एशिया का प्रतिनिधित्व मेजबान भारत के साथ दक्षिण कोरिया, पाकिस्तान, श्रीलंका, भूटान, बांग्लादेश, नेपाल इंडोनेशिया, ईरान, और मलेशिया करेंगे। यूरोप से जर्मनी, नीदरलैंड पोलैंड और इंग्लैंड, प्रतिभागी होंगे जबकि उत्तरी अमेरिका का प्रतिनिधित्व अमेरिका और कनाडा करेंगे। दक्षिण अमेरिका महाद्वीप से पेरू और ब्राजील की टीमें होंगी जबकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ओशिनिया की टीमें होंगी।

पुरुष वर्ग में अफ्रीका महाद्वीप से घाना, केन्या और दक्षिण अफ्रीका भाग लेंगे।एशिया महाद्वीप से मेजबान भारत, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, नेपाल,पाकिस्तान और दक्षिण कोरिया भाग लेंगे।यूरोप से नीदरलैंड और इंग्लैंड भाग लेंगे।नार्थ अमेरिका से अमेरिका और कनाडा के अलाबा साउथ अमेरिका से ब्राज़ील के अतिरिक्त ऑस्ट्रेलिया की 16 टीमें भाग लेंगी। महिला वर्ग में अफ्रीका महाद्वीप से केन्या, साउथ अफ्रीका और यूगांडा भाग लेंगे। एशिया महाद्वीप से भारत, भूटान, ईरान, मलेशिया, नेपाल,पाकिस्तान, साउथ कोरिया और श्रीलंका भाग लेंगे। यूरोप से इंग्लैंड, जर्मनी और पोलैंड भाग लेंगे। पेरू देश साउथ अमेरिका का प्रतिनिधित्व करेगा तथा इसके अतिरिक्त न्यूजीलैंड की महिला टीम भी भाग लेगी। पड़ोसी देश पाकिस्तान महिला और पुरुष दोनों वर्गों में हिस्सेदारी लेगा जिससे यह वर्ल्ड कप ज्यादा रोमांचिक हो जायेगा। वर्ल्ड कप के मुख्य मुकाबलों के लिए 16 टीमों को 4 वर्गों में बांटा जायेगा तथा प्रतेयक ग्रुप के मैच लीग फॉर्मेट में खेले जायेंगे। प्रत्येक ग्रुप की 2 टीमों को नॉक आउट स्टेज के माध्यम से खिलाया जायेगा। इस वर्ल्ड कप के सफल आयोजन के लिए इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक सात सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमें एशियन खो-खो फेडरेशन के प्रेजिडेंट और खो-खो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव को सह चेयरमैन तथा आयोजन समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सदस्य सचिव मनोनीत किया गया है।

## नये मुख्य न्यायाधीश से अपेक्षाएं

बतौर मुख्य न्यायाधीश हाल के वर्षों में सबसे लम्बे कार्यकाल को पूरा करने वाले जस्टिस डीवाई चन्द्रचूड़ के सेवानिवृत्त होने के बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस संजीव खन्ना ने सोमवार को कार्यभार सम्हाल लिया है। अगले छह माह तक इस जिम्मेदारी को संभालने के बाद वे 13 मई, 2025 को रिटायर होंगे।

पिछले कुछ वर्षों से देश के जो हालात हैं तथा न्यायदान की इस सर्वोच्च संस्था में ही जो कुछ हुआ है उसके चलते अब सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से सिर्फइस बात की अपेक्षा नहीं रह जाती कि वे लम्बित मामलों को कितनी जल्दी निपटाते हैंय या उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के कामकाज को कितना सहज बनाया अथवा अपने दायरे में कौन से व्यवस्थागत सुधार किये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्य पद्धति ने शीर्ष अदालत की भूमिका को औपचारिक जिम्मेदारियों से कहीं अधिक बड़ा और महत्वपूर्ण बना दिया है। जस्टिस खन्ना के पूर्ववर्ती चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ द्वारा जिस तरीके से अपने प्रारम्भिक कार्यकाल में आस जगाई परन्तु जाते-जाते उनका जो आकलन हुआ वह निराशाजनक रहा। इसलिये अब मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना समेत आने वाले हर सीजेआई के कामों की समीक्षा इस आधार पर होगी कि वे सरकार से संविधान तथा नागरिक अधिकारों को कितना बचा पाते हैं। 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस खन्ना की सिफारिश 2019 की कोलेजियम ने की थी। यदि उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि को देखें तो वे जस्टिस हंसराज खन्ना के भतीजे हैं, जिन्होंने आपातकाल के दौरान हैबियस कॉर्पस वाले मामले में अकेली असहमति जताई थी। उन्होंने कहा था कि बगैर समुचित प्रक्रिया के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को निलम्बित नहीं किया जा सकता। इसका खामियाजा उन्हें इस रूप में भुगतना पड़ा था कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मुख्य न्यायाधीश के चयन में उनकी वरिष्ठता को नजरंदाज कर दिया था।

फलतः उन्होंने सत्ता के सामने सिर न झुकाते हुए त्यागपत्र दे दिया था। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में उनका सम्मानजनक स्थान बना हुआ है। जस्टिस संजीव खन्ना का न्यायविदों का परिवार है जो अपनी ईमानदारी व कर्तव्य परायणता के लिये प्रसिद्ध है। जस्टिस खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट से आते हैं और इस कोटे में सुप्रीम कोर्ट के इस पद तक पहुंचने वाले वे दो दशकों में पहले न्यायाधीश हैं। हालांकि इस मानदण्ड में किसी को सीजेआई बनाने की व्यवस्था का पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं वर्तमान सांसद रंजन गोगोई ने अपनी आत्मकथा में मजाक उड़ाते हुए कहा है कि यह लाभ मिलने का कोई आधार नहीं हो सकता, वैसे ही जैसे कि उन्हें उनके बहुत छोटे कार्यकाल का मिल रहा है। जस्टिस गोगोई अनेक फैसलों तथा व्यक्तिगत जीवन के कारण बेशक विवादास्पद (रामजन्म भूमि का फैसला, खुद पर लगे यौन उत्पीड़न के मामले की खुद सुनवाई करना, सेवानिवृत्त होकर राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करना आदि) रहे हैं परन्तु उनका यह कहना तर्कसंगत है कि दिल्ली कोटे तथा कार्यकाल के चलते किसी का चीफ जस्टिस बनना उचित नहीं है। इस मानदण्ड पर देखें तो जस्टिस संजीव खन्ना कोई विशेष योग्यता लेकर नहीं आ रहे हैं। इसके बावजूद यदि उनके अब तक के महत्वपूर्ण निर्णयों को देखें तो कुछ फैसले उल्लेखनीय हैं। इनमें प्रमुख है चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक घोषित करना तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को इस आधार पर जमानत देना कि उन्हें जेल में पहले ही 90 दिनों तक रखा जा चुका था। मुख्य न्यायाधीश पद के साथ जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जुड़ी है, वह है श्मास्टर ऑफ दि रोस्टरश् की। यानी कौन सा मामला किस जस्टिस के पास सुनवाई के लिये जाये, यह निर्धारण भी उसे करना होता है। लम्बे समय तक सीजेआई के इस उत्तरदायित्व के बारे में लोगों को बहुत कम जानकारी थी परन्तु पिछले दिनों सरकार के विरोधी कहे जाने वाले अनेक लोगों के मामले जब एक ऐसी न्यायाधीश के पास जाने लगे जो गुजरात हाईकोर्ट से आई हुई हैं, तो लोगों की नजरें चीफ जस्टिस के मास्टर ऑफदि रोस्टर की भूमिका पर भी गयीं।



## राशिफल

**मेषः-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है।

**बृषभः-** शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढे.गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कर्कः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कायरे पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के ब्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः-** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी।

**कुंभः-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

# पुष्कर मेले में जीवंत होती है लोक संस्कृति

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में त्यौहारों, पर्वों एवं मेलों की अनूठी परम्परा एवं संस्कृति है वैसी देश में अन्यत्र कहीं मिलना कठिन है। यहां का प्रत्येक मेला एवं त्यौहार लोक जीवन की किसी किवदन्ती या किसी ऐतिहासिक कथानक से जुड़ा हुआ है। इसलिए इनके आयोजन में सम्पूर्ण लोक जीवन पूरी सक्रियता से भाग लेता है। इन मेलों में राजस्थान की लोक संस्कृति जीवन्त हो उठती है। इन मेलों के अपने गीत हैं, जिनके प्रति जन साधारण की गहरी आस्था दृष्टिगोचर होती है। इससे लोग एकता के सूत्र में बंधे रहते हैं। राजस्थान में अधिकांश मेले, पर्व-त्यौहार के साथ जुड़े हुए हैं।

मेलों का महत्व देवताओं एवं देवियों की आराधना को लेकर भी है क्योंकि देर्वाचन से मानव को शान्ति प्राप्त होती है। वैसे तो राजस्थान के विभिन्न भागों में बहुत बड़ी संख्या में मेले आयोजित किए जाते हैं, परन्तु कुछ गिने-चुने मेलों का अपना ही महत्व होता है। यहां के धार्मिक मेलों में सम्बंधित धर्म अनुयायियों के अतिरिक्त अन्य धर्म के लोग एवं अन्य जाति के लोग भी खुलकर भाग लेते हैं। अजमेर से लगभग 11 किमी दूर हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पुष्कर है। यहां पर कार्तिक



पूर्णिमा को मेला लगता है, जिसमें बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। पुष्कर मेला कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक लगता है। मेलों के रंग राजस्थान में देखते ही बनते हैं। ये मेले मरुस्थल के गांवों के कठोर जीवन में एक नवीन उत्साह भर देते हैं। लोग रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धजकर जगह-जगह पर नृत्य गान आदि समारोहों में भाग लेते हैं। यहां पर काफी मात्रा में भीड़ देखने को मिलती है। लोग इस मेले को श्रद्धा, आस्था और विश्वास का प्रतीक मानते हैं। पुष्कर मेला थार मरुस्थल का एक लोकप्रिय व रंगों से भरा मेला है।

पुष्कर झील भारतवर्ष में पवित्रतम स्थानों में से एक है। प्राचीनकाल से लोग यहां पर प्रतिवर्ष कार्तिक मास में एकत्रित हो भगवान ब्रह्मा की पूजा उपासना करते हैं। पुष्कर मेले का एक रोचक अंग ऊंटों का क्रय-विक्रय है। निःस्संदेह अन्य पशुओं का भी व्यापार किया जाता है। परन्तु ऊंटों का व्यापार ही यहां का मुख्य आकर्षण होता है। मीलों दूर से ऊंट व्यापारी अपने पशुओं के साथ में पुष्कर आते हैं। सम्भवतः यह ऊंटों का संसार भर में सबसे बड़ा मेला होता है। कार्तिक के महीने में यहां लगने वाला ऊंट मेला दुनिया में अपनी तरह का अनूठा तो है ही साथ ही यह भारत के सबसे बड़े पशु मेलों में से भी एक है। मेले के समय पुष्कर में कई संस्कृतियों का मिलन देखने को मिलता है। एक तरफ तो मेला देखने के लिए विदेशी सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, तो दूसरी तरफ राजस्थान व आसपास के तमाम इलाकों से आदिवासी और ग्रामीण लोग अपने-अपने पशुओं के साथ मेले में शरीक होने आते हैं। मेला रेत के विशाल मैदान में लगाया जाता है। ऊंट मेला और रेगिस्तान का नजदीकी रिश्ता है। इसलिए ऊंट तो हर तरफ देखने को मिलते ही हैं। लेकिन कालांतर में इसका स्वरूप एक विशाल पशु मेले का हो गया है। इसलिए लोग ऊंट के अलावा घोडे, हाथी, और बाकी मवेशी भी बेचने के लिए आते हैं। सैलानियों को इन पर सवारी का लुत्फ मिलता है। मेला स्थल से परे पुष्कर नगरी का माहौल एक तीर्थनगरी सरीखा होता है। कार्तिक में स्नान का महत्व हिंदू मान्यताओं में वैसे भी काफी ज्यादा है। इसलिए यहां साधु भी बड़ी संख्या में नजर आते हैं। मेले के शुरुआती दिन जहां पशुओं की खरीद-फरोख्त पर जोर रहता है। वहीं, बाद के दिनों में पूर्णिमा पास आते-आते धार्मिक गतिविधियों का जोर हो जाता है। श्रद्धालुओं के सरोवर में स्नान करने का सिलसिला भी पूर्णिमा को अपने चरम पर होता है। पुष्कर मेले के दौरान इस नगरी में आस्था और उल्लास का अनोखा संगम देखा जाता है। पुष्कर को इस क्षेत्र में तीर्थराज कहा जाता है और पुष्कर मेला राजस्थान का सबसे बड़ा मेला माना जाता है। पुष्कर मेले की प्रसिद्धि का अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि ऐतिहासिक धरोहरों के रूप में ताजमहल का जो दर्जा विदेशी सैलानियों की नजर में है। ठीक वही महत्व त्यौहारों से जुडे पारम्परिक मेलों में पुष्कर मेले का है। पुष्कर को इस क्षेत्र में तीर्थराज कहा जाता है। क्योंकि यहां समूचे ब्रह्मांड के रचयिता माने जाने वाले ब्रह्माजी का निवास है। पुष्कर के महत्व का वर्णन पद्मपुराण में मिलता है। इसके अनुसार एक समय ब्रह्माजी को यज्ञ करना था। उसके लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के लिए उन्होंने धरा पर अपने हाथ से एक कमल पुष्प गिराया। वह पुष्प अरावली पहाड़ियों के मध्य गिरा और लुढ़कते हुए दो स्थानों को स्पर्श करने के बाद तीसरे स्थान पर ठहर गया। जिन तीन स्थानों को पुष्प ने धरा को स्पर्श किया वहां जलधारा फूट पड़ी और पवित्र सरोवर बन गए। सरोवरों की रचना एक पुष्प से हुई इसलिए इन्हें पुष्कर कहा गया।

प्रथम सरोवर कनिष्ठ पुष्कर, द्वितीय सरोवर मध्यम पुष्कर कहलाया। जहां पुष्प ने विराम लिया वहां एक सरोवर बना, जिसे ज्येष्ठ पुष्कर कहा गया। ज्येष्ठ पुष्कर ही आज पुष्कर के नाम से विख्यात है। पुष्कर में लगभग चार सौ मंदिर है। इसीलिए इसे मंदिर नगरी भी कहा जाता है। कई आस्थावान लोग पुष्कर परिक्रमा भी करते हैं। सुबह और शाम के समय यहां आरती होती है। वह दृश्य अत्यंत मनोहारी होता है। इतनी विशेषताओं के कारण पुष्कर को तीर्थराज कहने के अलावा देश का पांचवां धाम भी कहा जाता है। पुष्कर सरोवर में कार्तिक पूर्णिमा पर पर्व स्नान का बड़ा महत्व माना गया है। क्योंकि कार्तिक पूर्णिमा पर ही ब्रह्माजी का वैदिक यज्ञ संपन्न हुआ था। तब यहां सम्पूर्ण देवी-देवता एकत्र हुए थे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# आरपीबीएस का प्ले ग्राउंड खेल व खिलाड़ियों से गुलजार

- अपर जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी ने फीता काटकर किया स्पोर्ट्स वीक का आगाज़
- बास्केट बॉल, सेपकटाकरा, जेवलिन थ्रो, शॉटपुट थ्रो, रस्साकस्सी व एथलेटिक्स जैसे एक दर्जन से अधिक खेलों में विद्यार्थी आजमाएंगे हाथ

कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज़।





नगर के रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल में मंगलवार से वार्षिक क्रीडा महोत्सव का रंगारंग आगाज हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने मार्चपास्ट की सलामी ली।

बाल दिवस के अवसर पर एक सप्ताह तक चलने वाले बाल महोत्सव के तहत मंगलवार को कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। दो तीन वर्षों से आरबीपीएस शिक्षा के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों के लिए मंच तैयार करने में यथाशक्ति प्रयास रत है । खेलों से भी विद्यार्थी उच्च शिखर छू सकते हैं। लेकिन खेलों को खेल भावना से ही खेला जाना चाहिए। उक्त आशय के विचार समारोह के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने क्रीडा महोत्सव का उद्घाटन करते हुए बच्चों से व्यक्त किए। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश व उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद का स्कूल बैंड ने गाजे बाजे से अगवानी की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार अग्रवाल ने बुके देकर व बैच पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती एवं महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय की छात्राओं वैष्णवी गुप्ता, आरना, कृतिका, आदित्या, अविका पांडेय, वैष्णवी मिश्रा ने शुभ दिन आयो रे स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। मार्च पास्ट में भाग ले रहे सागर, सृष्टि, पृथ्वी व आकाश हाउस के छात्रों ने अतिथियों के सम्मान में सलामी पेश की। अपर जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी ने फीता काटकर व मशाल जलाकर स्पोर्ट्स वीक का आगाज़ किया। अब पूरे सप्ताह आरबीपीएस का प्ले ग्राउंड खेल व खिलाड़ियों से गुलजार रहेगा। दोनों अधिकारियों ने सेपकटाकरा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारम्भ कराया।

इस अवसर पर जनतंत्र इंटर कालेज के प्रबंधक डा. आत्मप्रकाश, पूर्व प्रवक्ता राधेलाल यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, अनिल अरजरिया, डा. मुकेश खरे, दिनेश अग्रवाल, जितेन्द्र चौबे, नीरज अरजरिया मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल सर ने किया। प्रिंसिपल अमित अग्रवाल ने इस अवसर पर बताया कि विद्यार्थी बास्केटबॉल, सेपकटाकरा, जेवलिन थ्रो, शॉटपुट थ्रो, रस्साकसी, क्रिकेट, शतरंज समेत एक दर्जन खेलों में जोर आजमाएंगे। आभार विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने व्यक्त किया।

## जान से मारने की धमकी पुलिस से, नहीं दिये ट्रांजेक्शन के पैसे

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बा निवासी एक युवक द्वारा ट्रांजैक्शन के पैसे न दिए जाने पर गाली गलौज जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी है जिससे आहत होकर कोतवाली प्रभारी को तहरीर सौंप न्याय की गुहार लगाई है। कस्बा निवासी फत्तेपुर निवासी रोहित कुमार पुत्र कल्लू ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले के युवक सोनू साहू पुत्र चंद्रिकाने बारह हजार ट्रांजैक्शन आईडी से ट्रांसफर कराया और पैसे देने से आनाकानी कर रहा है मांगने पर गाली गलौज व जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कोतवाली में पुलिस को ?2000 देने की बात कह रहा है जिससे आहत होकर पीड़ित ने थाना प्रभारी को तहरीर सौप कर न्याय की गुहार लगाई है वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया, युवक ने शादी से किया इंकार, युवती ने काटा हंगामा

**राठ(हमीरपुर)।** प्रेमी द्वारा शादी न करने पर नोएडा से आई प्रेमिका ने प्रेमी के घर आकर जमकर हंगामा काटा। प्रेमिका ने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर तीन वर्ष तक शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी है। नोएडा निवासी युवती ने बताया कि वह नोएडा की एक फैक्ट्री में सुपरवाइजर के पद पर हैं। उसी फैक्ट्री में राठ कोतवाली के खेड़ा गांव निवासी एक युवक भी वहां काम करता था। इस दौरान उसकी युवक से दोस्ती हो गई। धीरे.धीरे दोस्ती प्रेम में बदल गई। आरोप लगाया कि युवक ने उसे शादी का झांसा देकर तीन वर्ष तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। बताया कि जब उसने युवक से कोर्ट मैरिज करने के लिए कहा तो वह चकमा देकर अपने गांव भाग आया। शुक्रवार को वह राठ कोतवाली पहुंची और युवक के विरुद्ध तहरीर दी थी। पुलिस ने उसे युवक के घर रहने के लिए कहा। आरोप लगाया कि युवक व उसके स्वजन उसे नहीं अपना रहे हैं। उसे घर से बाहर निकल जाने की धमकी दे रहे हैं। वहीं युवक ने बताया कि एक युवती उसके घर में जबरन घुस आई हैं। वह घर से बाहर निकलने का नाम नहीं ले रही है। युवती मरने की धमकी दे रही है और उसे ब्लैकमेल कर रही है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। युवती के स्वजनों को बुलाया जा रहा है।

### युवक ने दो साल तक तक किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**राठ।** युवती ने शादी का झांसा देकर दो वर्ष तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती का मेडिकल परीक्षण कराया है। मझगवां थाने के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि गांव का शिवम राजपूत उसे शादी का झांसा देकर दिल्ली व अन्य जगहों पर दो वर्ष तक रखे रहा। आरोप लगाया कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म भी किया है। जब उसने युवक से शादी करने के लिए कहा तो युवक शादी करने से मना कर रहा है। पीड़ित युवती ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। मझगवां थानाध्यक्ष नंदलाल प्रजापति ने बताया कि युवती की तहरीर पर युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### दामाद को कमरे में बंद कर पुलिस से की शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** ससुराल में आकर दामाद ने पत्नी व अपनी सास को बेहरमी से मारपीट कर घायल कर दिया। ससुरालियों ने दामाद को कमरे में बंद कर कोतवाली पहुंच तहरीर दी है। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी हेमा पत्नी दाताराम सेन ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब दस बजे उसका दामाद वीरेंद्र पुत्र मुन्ना निवासी महोबकंठ जिला महोबा उसके घर पर आया और उसे व उसकी पुत्री संध्या को घरेलू विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर दामाद ने उसे व उसकी पुत्री को डंडे से जमकर मारा.पीटा। मारपीट से उसके दाहिने हाथ में चोट आईं हैं। आरोप लगाया कि दामाद जबरन नाती को उठाकर ले जा रहा था। तभी उसके पकड़ लिया।

### ई लाटरी सिस्टम से चयन आज

**हमीरपुर।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिन किसानों ने कृषि यंत्रो,कृषि रक्षा उपकरण की आनलाइन बुकिंग करायी है उनकी ई– लाटरी सिस्टम से चयन 13 नवम्बर को स्थानीय मीटिंग हाल में होगा। इसके लिये जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है प्रातः ग्यारह बजे किसानों को मीटिंग हाल में उपस्थित होना है। ताकि समय से कार्यवाही की जा सके।

### आदर्श रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ के नवीन प्लेटफार्म पर मूलभूत सुविधाओं का पूर्ण रूप से अभाव



**कुलपहाड़ महोबा।** आदर्श रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ के नवीन प्लेटफार्म पर मूलभूत सुविधाओं का पूर्ण रूप से अभाव है रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं है पिछले छै माह पूर्व बस्ती की तरफ प्लेटफार्म नम्बर एक का निर्माण कराया गया था जिसमें रेलवे विभाग द्वारा आज तक रोशनी पानी तथा शौचालयों की व्यवस्था नहीं की गयी है रात्रि के समय आने वाली सभी ट्रेनों से उतरने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है प्लेटफार्म नंबर 1 से 2 पर जाने के लिए यात्रियों को ट्रेन की पटरी पर करना पड़ती है जिससे यात्रियों को हमेशा ट्रेन की चपेट में आने का खतरा बना रहता है क्योंकिअब झांसी मिर्जापुर मार्ग में दोहरीकरण का कार्य चल रहा है हरपालपुर से महोबा तक दोहरीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है दोनों लाइनों पर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के इंजन चल रहे हैं जिससे हमेशा पटरी पार करने में खतरा बना रहता है विभाग द्वारा रेलवे प्लेटफार्म पर 6 महीने बीत जाने के बाद प्लेटफार्म नंबर एक से दो जाने के लिय अभी तक ओवरब्रिज का निमार्ण नहीं कराया है प्लेटफार्म नंबर एक पर पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है यात्रियों के लिए शुलभ शौचालय भी नहीं बनाए गए हैं जिससे महिला यात्रियों को विशेष परेशानी उठानी पड़ती है।

### थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ.नि. श्रीकृष्ण वैश्य व उ.नि. योगेश रावत मय हमराह कां मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त शान सिंह पुत्र स्व भगवत सिंह उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम मौहारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 21 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद करते हुए मुढारी तिराहा के पास वहद कस्बा कुलपहाड़ से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 342/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने लोहे के धारदार बांका के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों एवं अपराधिक घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरादमगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कुलपहाड प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा गठित की गयी उ.नि. दिनेश तिवारी, कां. अजय कुमार, कां. मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुंदेलखण्ड महाविद्यालय के सामने वाले रोड के पास से एक नफर अभियुक्त महेन्द्र पाठक पुत्र देवनारायण पाठक नि.मु. टौरियापुरा कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को हिरासत में लिया, इस दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अदद लोहे का धारदार बांका अवैध रुप से बरामद किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुलपहाड़ में मुअसं. 343/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

# मौदहा बीडीओ गोरखपुर में कराए गए कार्यों की जांच में भारी धांधली में फंसे

- शासन ने आरोप पत्र हमीरपुर भेज जिला प्रशासन को किया सूचित, एक सप्ताह के अंदर शासन ने बीडीओ से मागा जवाब

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

गोरखपुर में नियुक्त रहे खंड विकास अधिकारी मौदहा भारी अनियमितताओं में फंसे हुये है। ब्लाक में कराये गये पंद्रह कार्यों में दस कार्य तो कराये ही नही थे जो पांच कार्य कराये थे वह भी अधोमानक कार्य जांच में सावित किये गये है। शासन जिलाधिकारी को सूचित करते हुये बीडीओ को आरोप पत्र देकर एक सप्ताह के अन्दर अपना पक्ष रखने को कहा है।

जानकारी के मुताबिक गोरखपुर जिले मे नियुक्त रहे बीडीओ मौदहा कई ब्लाकों में नियुक्त रहे है। वहा पर कराये गये कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताएं जांच में पायी गयी है। शासन ने भेजे गये पत्र में कहा है कि बीडीओ दुर्योधन द्वारा जिन पंद्रह कार्यो की जांच की गयी थी उसमे दस काम तो कराये ही नही गये है उसमे पांच कार्य जो कराये गये है वह भी अधोमानक है यानी कि वह भी आधे अधूरे है गुणवत्ता विहीन है। इनके कार्यों की जांच सहायक अभियंता समेत दो सदस्यीय टीम से करायी गयी थी। कराये गये कार्यों में भारी धांधली पाये जाने पर बीडीओ का तवादला हमीरपुर के लिये कर दिया गया था।

हालाकि जांच के दौरान बीडीओ ने अपना स्पष्टीकरण भी दिया था मगर स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाये जाने पर शासन ने मामले की जानकारी जिलाधिकारी हमीरपुर को दी है। कहा है कि दोषी बीडीओ को समस्त कागजात रिसीव करा कर शासन को अवगत कराया जाये। ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके। एक सप्ताह के अंदर शासन ने बीडीओ से जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। यह मामला गोरखपुर जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। सरकारी वित्तीय अनियमितताओं को बीडीओ अपना निजी मामला बता रहे है जो हास्यास्पद कहा जायेगा।

### क्या बोले बीडीओ दुर्योधन

**हमीरपुर।** इस मामले जानकारी करने पर खंड विकास अधिकारी मौदहा दुर्योधन का कहना है कि यह जांच पडताल उनका निजी मामला है इससे पत्रकारों से क्या लेना देना है। उन्होने नाराजगी भरे शब्दो में कहा कि पत्रकार होने का मतलब यह नही है कि आप किसी निजी जांच की पूछताछ करे। सरकारी अनियमितता को वह निजी मामला बता रहे है।

# बीज भंडार बंद, दर-दर भटक रहे किसान, फसल बोआई हो रही लेट

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



कस्बे के राजकीय बीज भंडार बंद रहने व समय से न खुलने पर किसानों में खासा आक्रोश दिखाई दे रहा है रवि की फसलों की बुवाई का समय होने पर किसान बीजों के लिए दर.दर भटक रहा है सरकारी मिशनरिया किसानों को समय से बीज न मिलने से किसान बेहद परेशान होकर दर.दर भटकने को मजबूर यहां तक की अरतरा निवासी किसान दिनेश कुमार शिवहरे ने बताया कि सरकारी बीज भंडार में जब बीज लेने के लिए गोदाम गए तो 12 बजे तक राजकीय बीज भंडार के चक्कर काटने के बाद प्रभारी गोदाम खोलने के लिए आए जब उनसे गेहूं का बीज मांगा गया तो उन्होंने बताया कि गेहूं का बीज नहीं है वही किसान का कहना है कि बाजार भाव में गेहूं चने की उछाल के कारण गोदाम से गायब कर बाजार में भेज दिया गया है जिससे किसान दर.दर ठोकरे खाते बीज के लिए भटक रहा है। किसान अतुल कुमार अरतरा निवासी ने बताया की सरकारी बीज भंडार में बीज लेने के लिए गए तो वहां से गेहूं चने का बीज गायब है गोदाम प्रभारी गेहूं चने का बीज खत्म होने की बात कह रहे हैं जौए मसूर अलसी व मटर की उपलब्धता बता रहे हैं। वही हिमौली निवासी किसान ओमप्रकाश ने बताया खेत की तैयारी पलेवा कर की जा चुकी है बुवाई के लिए बीज लेने के लिए राजकीय बीज भंडार गए तो वहां चना और गेहूं का बीज गायब मिला।

# बड़े कुल की फातिहा के साथ चार दिवसीय उर्स का हुआ समापन

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



क्षेत्र के विख्यात सूफी संत हजरत बाबा निजामी का चार दिवसीय सालाना उर्स के अंतिम दिन बड़े कुल की फातिहा हुई, जिसके बाद रंग की महफ़िल व लंगर खिलाया गया। इसी बीच बाबा निजामी के चार दिवसीय सालाना उर्स का मंगलवार को समापन हो गया, मेले देखने के लिए अंतिम दिन भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं सोमवार को देर रात शानदार कव्वालियों का आयोजन हुआ। क्षेत्र के कम्हरिया गांव स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत हकीम अब्दुल्ला शाह बाबा निजामी र.अ. के 62वें सालाना उर्स के चौथे एवं अंतिम दिन सुबह कुरानख्वानी हुई जिसके बाद सुबह से कम्हरिया में पांच जगहों पर लंगर खिलाया गया। वहीं आस्ताने में सुबह 11 बजे बड़े कुल की फातहा का आयोजन हुआ जिसमें फातहा के बाद रंग की महफ़िल हुई और डेग का लंगर खिलाया गया। उर्स अंतिम दिन अकीदतमंदों से खचाखच भरा रहा। वहीं सोमवार की रात आस्ताने में शानदार कव्वालियों का आयोजन हुआ। इसी बीच पुलिस एवं कमेटी के लोगों की भूमिका सराहनीय रही। कुल की महफ़िल में हजारों की संख्या में अकीदतमंद मजार के आसपास उपस्थित होकर कव्वालियां सुनते नजर आए। मंगलवार को उर्स के समापन दिन में मेला खचाखच भरा रहा।

# बैंक मित्र लुटेरों के नजदीक पहुंची पुलिस, खुलासा बहुत जल्द, दो लोग सुमेरपुर के

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर के छिमौली मार्ग में कल सोमवार को दिनदहाड़े हुए बैंक मित्र के करीब दो लाख कट्टा लगा कर आंख में मिर्च डाल लूटने वाले बाइक सवार तीन लुटेरे तक पुलिस पहुंच चुकी है खुलासा किन्ही कारणों से फिलहाल नहीं कर पारही है। इन लुटेरों में एक सुमेरपुर तथा दो यही के लोग स्थानीय बताई जा रहे हैं। एक से कुछ पैसा भी नगदी पुलिस ने बरामद करने की भी चर्चा है। इंडियन बैंक की मिनी शाखा के बैंक मित्र छिमौली गांव निवासी शिवरतन जो गाँव में अपने ग्रहकों को पैसा देने के लिए 18 हजार रुपया निकालने की लूटेरों को लोकेशन मिल रही थी। पुलिस ने इस मामले को लेकर पहले इंडियन बैंक दी। यहां तक कई टीम में बनाकर और इस घटना के 12 घंटे के अंदर पुलिस उन लोगों के चेहरों को पहचान कर कुछ को रात ही में हिरासत में ले लिया था। घटना के बाद छापेमारी कई जगह हुई और पुलिस केयर आधार पर कई ऐसे लोग भी चले थे जो घटनाओं में संदिग्ध हो सकते थे।पुलिस ने एक युवक को पकड़ कुछ नकदी रूपए भी बरामद किए हैं। जबकि एक अन्य विभाग सुमेरपुर क्षेत्र का बताया जा रहा है जिसकी पहचान हो चुकी है और उसकी गिरफ्तारी के लिए कई टाइम लगा दी गई है। क्षेत्राधिकार विनीता पहल ने बताया कि पुलिस लुटेरों के निकट तक पहुंच चुकी है। घटना से संम्बंधित सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होने के साथ लूटा गया रुपया भी बरामद कर लिया जाएगा। कहा इसका खुलासा शीघ्र ही किया जाएगा।

## गजबः एक ट्रक को दो नंबर देखकर एआरटीओ भौचक्के

**हमीरपुर।** ट्रक मालिकों द्वारा एक ट्रक के दो नंबर डलवा कर प्रशासन को चकमा देने का काम शुरु कर दिया है पिछले दिनों एआरटीओ ने ललपुरा क्षेत्र में एक ट्रक पकड़ कर थाने में पुलिस के हवाले किया था चारदिन बाद उसी क्षेत्र में दूसरा ट्रक पकड़ा गया वह भी पुलिस के हवाले किया गया, मगर दोनो ट्रको के नंबर एक ही थे यह देखकर एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय भौचक्के रह गये। इसके लिये आरटीओ कानपुर को पत्र लिखा गया है। जानकारी के मुताबिक चालान से बचने के लिये ट्रक मालिको ने एक नया खेल खेलना शुरु कर दिया है पुलिस व आरटीओ को चकमा देकर ट्रको के नंबर में बाजीगरी

- कड़ी कार्रवाई के लिये आरटीओ कानपुर से मांगी रिपोर्ट

करना शुरु कर दिया है। पिछले दिनों एक ही नंबर के दो ट्रक ललपुरा क्षेत्र में एआरटीओ के हाथ लग गये हालाकि दोनो ट्रको का चालान किया गया है। एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि दोनो ट्रको की जानकारी व कार्यवाही चेचिस नंबर देखकर कर दिया गया है इन ट्रको के खिलाफ और भी कार्यवाही होनी चाहिये इसके लिये आरटीओ कानपुर को पत्र लिखागया है वहा से जानकारी मांगी गयीहै जैसे ही जानकारी मिलती है तुरंत कड़ी कार्यवाही की जायेगी ताकि भविष्य में इस प्रकार कीगलती ट्रक मालिक न कर सके। बताया जाता है इस प्रकारके केस इसके पहले भी मिल चुके है। कई वाहन ऐसे है जो दो दो नंबर से चल रहे ताकि चालान व अन्य कार्यवाही से बचा जा सके। एआरटीओ अमिताभ राय का कहना है कि चालान दोनो ट्रको का कर दिया गया है डिटेल कानपुर से मांगी गयी है चालक ने प्लेट को छिपा लिया था मगर कार्यवाही की गयी है।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे पांच गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रिया कलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ.नि. अनूप कुमार पाण्डेय मय हमराह हे.कां. प्रदीप कुमार, हे.कां. दयाराम कुशवाहा व कां0 पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ग्राम नटर्रा थाना चरखारी जनपद महोबा के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 05 नफर अभियुक्तगण क्रमशः .नरेन्द्र राजपूत पुत्र सुघर सिंह उम्र 22 वर्ष .राजा राजपूत पुत्र स्व0 दयाराम राजपूत उम्र 48 वर्ष .जगमोहन पुत्र पंचम बसोर उम्र 50 वर्ष अनिल राजपूत पुत्र सुघर सिंह उम्र 24 वर्ष .रामपाल पुत्र नरायनदास श्रीवास उम्र 40 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम नटर्रा थाना चरखारी जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से जामातलाशी 390 रू0, मालफड़ 1900 रू. कुल 2290/- रूपया व 52 अदद ताश पत्ते बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 274/2024 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई ।

# नकली शराब बनाने में संलिप्त गैंग का भंडाफोड़

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

- अभियुक्तों के कब्जे से नकली शराब सहित बड़ी मात्रा में खाली क्वॉर्टर, रैपर, ढक्कन और पैकिंग मशीन हुई बरामद

जनपद में पुलिस अधीक्षक, पलाश बंसल के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु नकली/अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस टीम द्वारा की जा रही ताबड़तोड कार्यवाही के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में गठित की गयी थाना महोबकंठ एवं आबकारी की संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

थाना महोबकंठ एवं आबकारी की संयुक्त पुलिस टीम ने नकली/अवैध शराब के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए थानाक्षेत्र महोबकंठ के ग्राम चौका में दबिश दी इस दौरान अभियुक्त मूलचन्द्र पाल के मकान बहद ग्राम चौका से अवैध शराब के साथ 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.धीरज कुशवाहा पुत्र चन्द्रभान कुशवाहा उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम रावतपुरकला थाना महोबकंठ जिला महोबा 2.मूलचन्द्र पाल पुत्र बालमुकुंद पाल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम चौका थाना महोबकंठ जिला महोबा 3.दयाराम पाल पुत्र तुलई पाल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम चौका थाना महोबकंठ जिला महोबा 4.अखिलेश यादव उर्फ अनिरूद्ध पुत्र शिवसिंह यादव उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम छाती पहाड़ी थाना हरपालपुर जिला छतरपुर मप्र को पुलिस हिरासत में लिया गया जिनके कब्जे से 60 अदद लेबिल प्रिन्स ब्रान्ड, 178 ढक्कन, 180 अदद खाली पौवा शीशी प्लास्टिक, 743 अदद ढक्कन शील पन्नी व एक अदद प्लास्टिक की पिपिया में लगभग 04 लीटर अवैध नकली शराब नाजायज की बरामदगी की गई है । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ में मुअसं-207/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम व अन्य धारओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# नकली खाद बेचने वाले तस्करों का भंडाफोड

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

- चार अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से बड़ी मात्रा में नकली खाद की बोरियां, रैपर और पैकिंग मशीन बरामद

जनपद महोबा के थाना महोबकंठ क्षेत्रअन्तर्गत ग्राम चौका से किसान बन्धुओं को नकली खाद को मिलावटी/अवैध रुप से खाद वितरण करने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना महोबकंठ की पुलिस टीम को नकली खाद के भण्डाफोड किये जाने व इसमें संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार गिरफ्तारी की गई।

जिसके क्रम में थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने कृषि विभाग के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए थानाक्षेत्र के ग्राम चौका में दबिश दी, इस दौरान मौके (मूलचन्द्र पाल पुत्र बालमुकुन्द पाल निवासी ग्राम चौका थाना महोबकंठ के मकान के अन्दर) से 4 नफर अभियुक्तों को अवैध रुप से नकली खाद का निर्माण करते हुए गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में नकली खाद की बोरियां, खाद की बोरियों के रैपर, पैकिंग मशीन और केमिकल की बरामदगी की गई है। जब गिरफ्तार किए हुए अभियुक्तो से पूछताछ की गई तो उन्होंने कि हम 05 लोग इस कार्य को करते हैं, हमारा एक पार्टनर निशान्त यादव पुत्र विजय सिंह यादव निवासी ग्राम गुढा ब्लाक व तहसील नौगांव जनपद छतरपुर(म.प्र.) है जो मौके पर मौजूद नहीं है, हम लोग नौगांव जनपद छतरपुर (म.प्र.) से अन्नदाता उर्वरक जिंकेटेड सिंगल सुपर फास्फेट की बोरी खरीद लाते हैं जिसको पलटकर खाली भारत एन.पी.के. ग्रेड 15-15-15 कम्पनी आरसीएस की बोरियों में पुनः भरकर सिलाई कर उन्हे दो से तीन गुना अधिक दामों में स्थानीय किसानों को बेच देते हैं।

# पुलिस अधीक्षक महोबा ने श्रीस्वामी गोवर्धन नाथजी मेला चरखारी का किया निरीक्षण

- सुरक्षा-व्यवस्था के संबंध में संबंधित को दिए निर्देश

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा जनपद के थाना चरखारी क्षेत्रअन्तर्गत श्री गोवर्धन नाथ जी मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों के दृष्टिगत मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का भौतिक सत्यापन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है और ग्यास मेला बंदोबस्त ,सुरक्षा और यातायात व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत सम्पूर्ण मेला परिसर में आवश्यक पुलिस प्रबन्ध करते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस को तैनात किया गया है साथ ही महिला सुरक्षा को दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस की भी तैनाती की गई है एवं सादी वर्दी में भी पुलिस तैनात किया गया है, संपूर्ण मेला परिसर में महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों को भी स्थापित कराया गया है। पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि मेला स्थल के अंदर वाहनों का प्रवेश बिल्कुल वर्जित रखा जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह गौर, थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# आम के आम गुठलियों के दाम है पराली प्रबंधन

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

जिले में स्थापित सी0बी0जी0 प्लांट द्वारा किसानों से पराली एकत्र करने की कार्यवाही के साथ-साथ पराली जलाने की घटनाओं पर प्रवर्तन की कार्यवाही एवं पराली प्रबन्धन हेतु रिलायन्स इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा नामित अधिकृत मेसर्स बायोफ्यूल सर्किल द्वारा तहसील सिरौलीगौसपुर के ग्राम सैदनपुर, तहसील रामनगर के ग्राम अशोकपुर चाचूसराय एवं तहसील हैदरगढ़ के ग्राम राजापुर में अपने कलेक्शन सेन्टर स्थापित किये गये हैं जिसके माध्यम से आस-पास के 15 से 20 कि0मी0 क्षेत्र की पराली संग्रहित कराई जा रही है। अभी तक बायोफ्यूल सर्किल द्वारा सैदनपुर से 4000 मी0टन, अशोकपुर चाचूसराय से 8000 मी0टन एवं राजापुर से 1000 मी0टन पराली एकत्र करते हुये लगभग 4200 किसानों की पराली एकत्र की गई है, जबकि क्वालिटी बायोग्रीन द्वारा सूरतगंज रोड, फतेहपुर में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किया गया है जहां से लगभग 700 किसानों से अभी तक 2000 मी0टन पराली एकत्र की गई है।




### सीबीजी प्लांट से लाभ कमाएं किसान

इस प्रकार सी0बी0जी0 प्लांट के माध्यम से जनपद में लगभग 15000 मी0टन पराली एकत्र की जा चुकी है। इससे एक ओर जहां किसान की कटाई और जुताई का खर्च बच रहा है वहीं पराली का प्रबन्धन भी सुगमता से हो पा रहा है। इस सम्बन्ध में उपनिदेशक कृषि श्रवण कुमार ने बताया कि कई किसानों से वार्ता की गई, विकास खण्ड हैदरगढ़ के ग्राम संसारा के किसान रमेश पाल पुत्र राम खेलावन द्वारा बताया गया कि इससे खेत साफ-सुथरा होने के साथ ही खेत की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है। उनके द्वारा अन्य किसानों से भी अपील की गई कि अपनी पराली कदापि न जलायें। विकास खण्ड हैदरगढ़ के ग्राम संसारा के ही प्रगतिशील किसान मंशाराम पुत्र मन्नूलाल द्वारा बताया गया कि सीबी0जी0 प्लांट के माध्यम से पराली की बेल बनने से खेत एक समान बराबर हो रहा है और आय भी प्राप्त हो रही है।

खेत में कोई भी पुवाल डंठल न बचने से जुताई और बुवाई भी आसान हो जा रही है। तहसील सिरौली गौसपुर के ग्राम पीठापुर के किसान विनय कुमार वर्मा पुत्र बिन्द्रा प्रसाद, ग्राम परसा के किसान अजय कुमार पुत्र सालिकराम, ग्राम सिरौली के किसान उमाकांत पुत्र संत कुमार वर्मा द्वारा भी सी0बी0जी0 प्लांट के माध्यम से पराली संग्रहित किये जाने की सराहना की और बताया कि इससे बिना किसी लागत के हमारे खेत से ही समस्त पराली संग्रहित हो जा रही है और खेत भी साफ हो रहा है तथा इसकी उर्वरा शक्ति और नमी भी बनी रह रही है।

### पराली जलाने की घटनाओं की सघनता से हो रही निगरानी

विगत दिवसों में पराली जलने का अधिक घटनाओं को देखते हुए कृषि एवं राजस्व विभाग के कार्मिकों एवं अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमण कर पराली प्रबंधन का प्रचार प्रसार किया जा रहा है, साथ ही किसानो से अपील की जा रही है कि वे पराली न जलायें क्योंकि इससे एक ओर जहां पर्यावरण प्रदूषित होता हैं वहीं खेत की उर्वरा शक्ति भी कमजोर हो जाती है तथा खेत के सभी प्रकार के मित्र कीट भी नष्ट हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त पराली जलाने पर 02 एकड़ तक 2500/- व 02 एकड से 05 एकड तक 5000/- तथा 05 एकड से अधिक पर 15000/- रू0 तक के जुर्माने का भी प्राविधान हैं। अद्यतन तिथि तक पराली/कूड़ा-करकट जलाने वाले 93 व्यक्तियों पर रू0 250000/- का अर्थदण्ड अधिरोपित किया जा चुका है, जिसके सापेक्ष रू0 92500/- की वसूली भी करा ली गई है, जबकि बिना एस.एम.एस. के संचालित 10 कंबाइन मशीन को सीज किया गया है। इसके अतिरिक्त भारतीय न्याय संहिता की धारा 223, 270, 280 के अंतर्गत 13 व्यक्तियों विरूद्ध प्राथमिकी भी दर्ज करायी गई है। बीते सोमवार को पराली जलाते पाये जाने पर सिरौलीगौसपुर के ग्राम डूंडी के उमेश कुमार पुत्र सुन्दरलाल एवं विकास खंड हरख के ग्राम टिकरा मुर्तज़ा के मो0 अरशद पर 5000- 5000 का अर्थदण्ड लगाया गया है।

## बेतरतीब चला रहे ई रिक्शा चालक, बन रहे दुर्घटनाओं का सबब



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ई रिक्शा चालकों की लापरवाही के चलते आये दिन होते हैं हादसे आज फिर कस्बा के पानी टंकी चौराहा के पास लकड़ी लाटकर जा रहा ई रिक्शा पलटा, जिसमें चालक चालक हुआ चोटिल लोग बाल बाल बचे।

मामला जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ज़ैदपुर कस्बा का है जहां ई चालकों की संख्या में हर रोज बढ़ोतरी होने से हादसे होते रहते हैं। वहीं आज पानी टंकी चौराहा गुड्डू टायर की दुकान के पास ओवरलोड लकड़ी लादकर ले जा रहा ई रिक्शा पलट गया। इसके बाद तत्काल मौके पर स्थानीय लोग पहुंच कर ई रिक्शा को सीधा किया। वहीं इस घटना में ई रिक्शा चालक चोटिल हो गया। जबकि लोग बाल बच गये। बताते चलें इन ई रिक्शा चालकों पर विभाग व पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न होने से नाबालिग सहित बिना लाइसेंस के तमाम ई रिक्शा चालक दिन भर नियम कानून को ताक पर रख थाना चौराहे सहित क्षेत्र व विभिन्न मोहल्लों में फर्राटा भरते देखें जाते हैं। फिर भी पुलिस व विभाग मौन है।

## ओवरटेक करते समय बाइक सवार ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराया, मौके पर मौत

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कार को ओवरटेक करते समय मोटरसाइकिल सवार ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गया। जिसकी दर्दनाक मौत हो गयी। वही दूसरा भाई गम्भीर रुप से घायल हो गया। बताते चलें कि हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के भियापुर गांव निवासी 28 वर्षीय सूरज अपने भाई रमेश के साथ अपनी मोटरसाइकिल से बाराबंकी जा रहे थे। रास्ते में जैदपुर थाना क्षेत्र के हरख चौराहा के पास एक कार को ओवरटेक करते समय मोटरसाइकिल ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गयी।टक्कर काफी तेज होने के कारण मोटरसाइकिल ट्रॉली के नीचे घुस गई,जिससे सूरज की मौके पर मौत हो गयी जबकि भाई रमेश को घायल हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है। सूचना मिलते ही जैदपुर पुलिस मौके पर कर शव को ट्रैक्टर ट्रॉली से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की। जैदपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने बताया कि हरख चौराहा के पास मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर ट्रॉली के बीच हुई दुर्घटना में सूरज की मौत हो गयी है।शव को पोस्टमॉर्टम हेतु भेज मामले की जांच की जा रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत दौलतपुर चकई विकास खण्ड राजेपुर, फर्रु0**

पत्रांक:02/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 12/11/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 अन्तर्गत ग्राम पंचायत दौलतपुर चकई की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 13/11/2024 से दिनांक 19/11/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 19/11/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुच्छन के घर से उमर खान के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | ब्रिक, सीमेन्ट, मौरम आदि | 2.00 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 2- | सानू के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | ईट, सीमेंन्ट, मौरम आदि | 1.200 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

नियम व शर्तें:- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

ग्राम प्रधान (चंदा बेगम)-दौलतपुर चकई, राजेपुर — सचिव-(अशोक कुमार)-दौलतपुर चकई, राजेपुर

## खबरें एक नजर में

### श्री सत्यनाम सेवा संस्थान द्वारा निकाली गई पांच कोसी परिक्रमा



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कोटवधाम में श्री सत्यनाम सेवा संस्थान द्वारा निकाली गई पांच कोसी परिक्रमा जिसकी अगवाई कमोली धाम के साहेब कमलेश दास व मधनापुर के महंत अखिलेश दास की अगुवाई में पांच कोसी परिक्रमा साहेब जगजीवन दास का आशीर्वाद लेकर पद यात्रा को कोटवधाम पश्चिम द्वार से प्रारंभ किया गया। साहेब पीतांबर दास के दर्शन करते हुए मादरपुर स्थित साहेब मोती दास के दर्शन करते हुए सरदहा धाम साहेब अहलाद दास के दर्शन किया। जहां मंदिर पर महंत दीपक दास व महंत कर्मेंद्र दास द्वारा भक्तों का स्वागत किया। ग्राम भीति में अरविन्द सिंह व ग्रामीण ने भक्तों को नजल पान कराया गया। उसके पश्चात यात्रा समर्थ स्वामी जगजीवन साहब की तपोस्थली साहेब पूरवा में दर्शन किया और कोटवधाम में परिक्रमा का समापन हो गया। जिसमें शेषनारायण तिवारी,प्रेम दास,सत्यनाम दास,राघवेंद्र तिवारी, मयंक बाजपेयी व हज़ारो की संख्या में सत्यनामी भक्त मौजूद रहे।

### पेड़ से फंदा लगाकर अधेड़ ने दे दी जान



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** एक बाग में एक अधेड़ व्यक्ति ने पेड़ से लटक कर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली बदोसराय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है। मंगलवार को थाना बदोसरांय क्षेत्र के कोटवाधाम में शिवलाल 45 वर्ष पुत्र स्वर्गीय शंकरदास ने बीती रात एक बाग में फांसी लगा ली। सूचना पर पंहुची कोतवाली बदोसरांय पुलिस ने शव को उतरवा कर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। पारिवारिक कलह के चलते शिवलाल काफी परेशान रहता था। शिवलाल बीती रात घर चुपके से निकलकर गांव के ही एक बाग में फांसी लगा लिया। सुबह सात बजे जब लोगो ने देखा पेड़ पर एक लाश लटक रही है।तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोतवाली बदोसराय पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी सन्तोष कुमार सहित पुलिस कर्मी मौके पर पहुच कर शव को उतरवा कर कब्जे में ले लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### निकाय कर्मी की गायब हुई मोटरसाइकिल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर से निकाय कर्मी की मोटरसाइकिल चोरी हो गई । पीड़ित निकायकर्मी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार को ड्यूटी करने आए कर्मचारी मनोज कुमार यादव सुबह मोटरसाइकिल खड़ी करके कार्यालय चले गए। शाम को ड्यूटी समाप्त होने पर जब वह कार्यालय से बाहर निकले तो यह देखकर उनके होश उड़ गए कि उनकी मोटरसाइकिल गायब थी। काफी तलाश के बाद मोटर साइकिल ना मिलने पर कोतवाली हैदरगढ़ में तहरीर दी है।

## परिक्रमार्थियों के हमराह बने नगर आयुक्त, जानी व्यवस्थाओं की हकीकत

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।



नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बीती रात्रि में पंचकोसी परिक्रमा में विभागीय अधिकारियों के साथ भ्रमण किया।नगर आयुक्त द्वारा परिक्रमा करने के साथ साथ श्रद्धालुओं की सुविधार्थ निगम द्वारा स्थापित कैम्पों पर प्रदत्त सुविधाओं/व्यवस्थाओं को देखा गया।नगर आयुक्त ने पंचकोसी परिक्रमा के दौरान परिक्रमार्थियों से वार्ता की गयी।परिक्रमार्थियों द्वारा भी परिक्रमा के अनुभवों को साझा किया गया तथा निगम द्वारा प्रदत्त सुविधाओं/व्यवस्थाओं की सराहना की गयी।नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम अयोध्या धाम में आये हुए श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान किये जाने हेतु पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। परिक्रमा के दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं के सुविधार्थ पथ-प्रकाश व्यवस्था, गड्ढा मुक्ति, साफ सफाई, शुद्ध जलापूर्ति सहित आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध करायी गयी है,व्यवस्थाओ के सम्यक पर्यवेक्षण हेतु वरिष्ठ अधिकारियों सहित विभागीय अधिकारियों/ अभियंताओं की ड्यूटी लगायी गयी है जिससे श्रद्धालुओं को परिक्रमा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि परिक्रमा के आयोजन को सकुशल संपन्न कराने हेतु सभी अधिकारी/ कर्मचारी बधाई के पात्र है।रीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त, वागीश कुमार शुक्ला, सहायक नगर आयुक्त, गुरू प्रसाद पाण्डेय, सौरभ नाथ, मुख्य अभियन्ता, पुनीत कुमार ओझा, सहायक अभियन्ता, राजपति यादव आदि निगम के विभागीय अधिकारी उपथित रहे।

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम VISHWANATH SINGH व जन्मतिथि 01.07.1944 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम VISHVANATH SINGH व जन्मतिथि 01.01.1946 है। VISHVANATH SINGH F/o of Army No-3001690K, रैंक-हवलदार भगवान सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़ निवासी-ग्राम-खैरा, पोस्ट-ढोचरा, जिला-भिन्ड, राज्य-मध्य प्रदेश।

**कार्यालय-नगर पंचायत-खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांक:-177/न0पं0खिम0/2024-25 दिनांक 12/11/2024

**संशोधित ई-निविदा सूचना**

कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर द्वारा कार्यालय के पत्रांक-174/न0पं0खिम0/ई-नि0सू0/2024-25 दिनांक 06/11/2024 को ई-निविदा प्रकाशित की गई थी। ई-टेण्डर पोर्टल उक्त निविदा की प्रकाशन तिथि पर 08/11/2024 थी, किन्तु किसी कारणवश उक्त ई-निविदा सूचना पोर्टल पर अपलोड नहीं हो सकी, जिसमें निम्नानुसार संशोधित किया जाता है तथा शेष नियम व शर्तें यथावत् रहेगी।

| E-Bid Referance | /न0पं0खिम0/2024-25 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 14.11.2024 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bids | 09.12.2024 12:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 09.12.2024 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive Officer Nagar Panchayat Khimsepur, Farrukhabad |

(डॉ0 लव कुमार मिश्रा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रुखाबाद।

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट आये बाइक सवार, युवती सहित दो लोगों की मौत



**बेलहरा, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवती सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। राजगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक सहित गाडी को अपने कब्जे में लेते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

जानकारी के मुताबिक फतेहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर-रामनगर मार्ग पर स्थित नवीगंज गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में इसी थाना क्षेत्र के मदनपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र रामजियावन व रामनगर थाना क्षेत्र के जफरपुर निवासी रिशू (19) पुत्री देशराज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। राहगीरों द्वारा ट्रक चालक को गाडी सहित पकड लिया गया और मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया गया। वहीं मृतक के परिजन बृजेश कुमार ने बताया कि रिशू व मृतक अनिल की बहन अनीता के साथ बाराबंकी स्थित ब्रिटानिया फैक्ट्री में काम काम करती है जो छुट्टी होने पर मदनपुर आई थी जहां से मंगलवार को अनिल रिशू को उसके घर भेजने अपनी बाइक से जा रहा था तभी रास्ते में दुर्घटना का दोनों शिकार हो गए। परिजनों के मुताबिक मृतक अनिल कुमार दो बहनों में इकलौता वारिस था।पुलिस ने दोनों की शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दर्दनाक सड़क हादसे में मृत दोनों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने सीएचसी पहुंच कर मृतकों के परिजनों को तांता सांत्वना दी।

## चेयरमैन के चुनाव की वैधता को लेकर दायर याचिका खारिज

### चेयरमैन आलोक तिवारी को मिली जीत और राहत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** डेढ़ वर्ष पूर्ण संपन्न हुए नगर पंचायत चुनाव में कड़े मुकाबले के बाद विजय पताका फहराते हुए निर्दलीय अध्यक्ष बने आलोक तिवारी ने एक बार पुन: विजय श्री हासिल की है। निकट प्रतिद्वंद्वी रहे अयूब खान द्वारा दायर की गई रिट याचिका को एडीजे कोर्ट द्वितीय द्वारा दोनों पक्षों की लम्बी बहस के बाद खारिज कर दिया गया है। न्यायालय के इस निर्णय के बाद अध्यक्ष समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है और लोग एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दे रहे हैं। खुशी के इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री संतोष, समर्थक नितिन मौर्य महेंद्र मिश्रा नागेंद्र मिश्रा बैजनाथ मौर्य पूर्व बूथ अध्यक्ष नवनीत उर्फ नीलू मिश्रा, त्रिभुवन यादव,अमित मिश्रा, अनुज श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे और कहा कि एक बार फिर सत्य की विजय हुई है।



उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत अध्यक्ष हैदरगढ़ के चर्चित चुनाव मे कड़े मुकाबले के बाद विजयी हुए आलोक तिवारी की विजय को अवैधानिक बताते हुए चुनाव में प्रतिद्वंद्वी रहे सपा प्रत्याशी अयूब कुरैशी द्वारा रिकाउंटिंग को लेकर न्यायालय में रिट याचिका दायर की गई थी। दोनों पक्षों के वकीलों की जबरदस्त दलीलो के बाद मंगलवार को आए न्यायालय के फैसले में अय्यूब कुरैशी द्वारा की गई रिकॉर्डिंग की याचिका को खारिज कर दिया गया। न्यायालय के इस निर्णय में उच्च न्यायालय के विद्वान अधिवक्ताओ पीयूष श्रीवास्तव एवं राजीव शुक्ल द्वारा अहम भूमिका निभाई गई।

## दस दिवसीय मानस सम्मेलन में उमड़ी भीड़

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

श्री राम की अयोध्या पुरी पावन को भी पावन करने वाली है। यहां की भूमि वंदनीय है । क्योंकि अयोध्या का संबंध उन तीर्थों से है जो जीवों को मुक्ति प्रदान करते है। उक्त बात मानस मर्मज्ञ पंडित अजय शास्त्री ने ब्रह्मलीन बाबा प्रेमदास कुटी 108 लालता दास जी के द्वारा आयोजित 10 दिवसीय मानस सम्मेलन-महायज्ञ कार्यक्रम के अंतिम दिन कहीं।

श्री शास्त्री ने बताया कि अयोध्या धाम में पापी से पापी व्यक्ति भी तर जाता है। उन्होंने कहा कि मथुरा,काशी,हरिद्वार सहित सात तीर्थों में ऐसा ही प्रताप है। लेकिन संतमत है कि अयोध्या पुरी का महत्व ही



अलग है। क्योंकि मथुरा में बहने वाली यमुना भगवान सूर्य देव जी की पुत्री है।जो कि अयोध्या के सम्राट हैं। वहीं हरिद्वार में बहने वाली मां गंगा को अयोध्या के भागीरथी ही लाए थे। काशी नगरी में भी राम नाम का महत्व है। क्योंकि भगवान भोलेनाथ राम जी का सुमिरन किया करते हैं। अजय शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म राष्ट्र कल्याण शिक्षा देता है।हम पूरे विश्व में हर तरफ प्रसन्नता रहे इसके अनुयाई हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में राम नाम सुमिरन का अत्यधिक महत्व बताया गया है। सम्मेलन में देवी प्रसाद पांडे ने बताया कि अहंकार त्याग कर जो भगवान की भक्ति करता है। उसका कल्याण होता है। अयोध्या से पधारे संत पंडित दीन बंधुजी महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति विश्व के कल्याण का संदेश देती है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने सभी का कल्याण किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से राम तीरथ दास जी महाराज, अखिलेश्वर दास जी महाराज,पुजारी दास, तेज सिंह, ओमप्रकाश मौर्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

**कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़ बाराबंकी।**

संख्या-369/न0पं0है0/ठेका नीलाम/2024-25 दिनांक:: 11.11.2024

**नीलामी सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी की सीमान्तर्गत स्थित टैम्पा/टैक्सी स्टेण्डो की नीलामी वर्ष 2023-24 की अवशेष अवधि (01/12/24 से 31.03.2024) तक के लिये खुली बोली के रूप में दिनॉक 20-11-2024 को समय 11:30 बजे कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़ के मीटिंगहाल में अयोजित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति उक्त तिथि एवं निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होकर नगर पंचायत द्वारा निर्धारित जमानत राशि जमा करके नीलामी में भाग ले सकते हैं। यदि किसी कारण से दिनांक 20-11-2024 को नीलामी सम्पन्न नहीं हो पाती है तो पुनः दिनॉक 21-11-2024 एवं 22-11-2024 को प्रातः 11:30 बजे से नीलामी की जायेगी।

नीलामी की नियम एवं शर्ते निम्नवत है:-

1. प्रत्येक बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व जमानत स्वरूप रु0 50,000-00 बतौर जमानत जमा करना होगा।
2. उन व्यक्तियों या उनके वारिसानों को बोली में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा जिसके ऊपर निकाय का किसी भी प्रकार का बकाया है।
3. ठेकेदार को नगर पंचायत द्वारा निर्धारित दरों पर ही टैम्पों स्टैण्ड शुल्क वसूल करने का अधिकार होगा।
4. ठेका स्वीकृत होने पर ठेकेदार को शासन द्वारा निर्धारित दर से स्टाम्प शुल्क देना होगा।
5. जिस व्यक्ति के नाम ठेका स्वीकृति होगा उसे ठेके की धनराशि का प्रथम किश्त 1/2 धनराशि तुरन्त जमा करना अनिवार्य होगा एवं द्वितीय किश्त माह फरवरी 2025 के अन्तिम सप्ताह में जमा करना होगा। निश्चित अवधि में बकाया धनराशि न जमा करने पर ठेकेदार से 18 प्रतिशत ब्याज सहित वसूली की जायेगी।
6. तमाम प्रयासों के उपरान्त यदि ठेकेदार द्वारा निश्चित समय पर बकाया नहीं जमा करेगा तो बकाया की वसूली ब्याज सहित भू0 राजस्व की भॉति कार्यवाही की जायेगी।
7. ठेके की अवधि 01-12-2024 से 31-03-2025 तक ही होगी।
8. नगर पंचायत हैदरगढ़ द्वारा टैक्सी स्टैण्ड हेतु चिन्हित स्थल पर ही टैक्सी गाड़ियां खड़ी की जायेगी।
9. ठेके की दैनिक वसूली (सरकारी वाहन को छोड़कर) निम्नानुसार की जायेगी।
10. अन्य कीसी जानकारी के लिये कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़ पर किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

(अशोक कुमार खरवार)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत हैदरगढ़
बाराबंकी।

(आलोक तिवारी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत हैदरगढ़
बाराबंकी।

# सीडीओ की अध्यक्षता में मेगा क्रेडिट कैम्प आयोजित

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबन्धकों, बैंक सखियों आदि को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

उप्र राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय मेगा क्रेडिट कैम्प का आयोजन हर्षवर्धन विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। सीडीओ ने कहा कि अन्तिम पंक्ति में खडे निर्धन परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है एनआरएलएम योजना के माध्यम से बैकर्स स्वयं सहायता समूहों को आवश्यकतानुसार आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें।

समस्त पात्र समूहों के खाते खुलवाने तथा बैंक क्रेडिट लिंकेज कराये जाने व एनपीए हुये समूहो को प्राथमिकता से धनराशि जमा कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। मेगा कैम्प में वित्तीय वर्ष 2024-25 का रिर्जव बैंक ऑफ इण्डिया के द्वारा जारी मास्टर सकुर्लर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बैंक से सम्बंधित प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी।

मेगा क्रेडिट कैम्प में 500 स्वयं सहायता समूहों को 30 करोड की धनराशि का प्रतीक स्वरूप चेक वितरण किया गया तथा समूहों को स्वीकृत/ वितरण पत्र भी दिये गये साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबन्धकों, बैंक सखियों तथा आजीविका का कार्य करने वाले समूह सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन प्रबंधक जितेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

### वृद्ध व किशोरी से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोग पीड़ित की भूमि पर शौचालय निर्माण करा रहे थे। विरोध करने पर गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद पीड़ित व उसकी नातिन को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम डिगसरा निवासी रामकुमार पुत्र बलदेव प्रसाद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीते सोमवार की सुबह 09 बजे उसके गांव के ही मंगली प्रसाद, ब्रह्मपाल, डालसिंह व उसकी पत्नी कोमल देवी जबरन उसकी भूमि पर शौचालय का निर्माण करा रहे थे। जब पीड़ित ने विरोध किया तो उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसकी नातिन ज्योति को मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्रचार- प्रसार कर यातायात पुलिस नियमों के प्रति कर रही जागरूक

- यातायात नियम से संबंधित वाहनों में पोस्टर चस्पा कर लोगों को किया जा रहा जागरूक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में यातायात प्रभारी आफाक खां ने अपनी टीम के साथ रोडवेज बस स्टैंड के आसपास वाहनों में यातायात नियम से संबंधित स्टीकर/ पंपलेट चस्पा करवाए। वहीं शहर के लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज में छात्रों को यातायात नियम संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रभारी ने बताया कि यातायात माह में विशेष यातायात जागरूकता के साथ अभियान चलाए जाते हैं। और यातायात नियमों से संबंधित प्रचार- प्रसार कराया जाता है। ताकि जन-जन तक यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचे। और लोग सड़क दुर्घटनाओं से बचें। प्रभारी ने बताया कि तिर्वा



ऑटो में पोस्टर चस्पा कर जागरूक करते यातायात प्रभारी आफाक खां

क्रासिंग पर एक बाइक सवार नशे की हालात में वाहनों को रोक- रोक कर खड़ा करवा रहा था। जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो रही थी। प्रभारी द्वारा उक्त बाइक को सीज़ कर दिया गया।

# ई रिक्शा चालक ने खड़ी छात्रों को मारी टक्कर

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नशे की हालत में ई रिक्शा चला रहे रिक्शा चालक ने स्कूल की छुट्टी से बहन के इंतजार में खड़ी छात्राओं पर ई रिक्शा से मारी टक्कर छात्राएं हुई घायल सृष्टि पुत्री धर्मेंद्र गुप्ता निवासी पीपल वाली गली नव्या पुत्री धर्मेंद्र गुप्ता निवासी पीपल गली के दोनों छात्राएं सेंट मारिया पब्लिक स्कूल से पढ़कर छुट्टी में आ रही थी जैसे ही गनी मार्केट के सामने फुटपाथ पर अपने घर जाने के इंतजार में खड़ी थी। इस समय ई रिक्शा चालक शराब के नशे में रिक्शा दोनों छात्रों को पर चढ़ा दिया जिससे दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई रहागीरों



नशे की हालत मे ई रिक्शा चालक

ने रिक्शा चालक को पड़कर कोतवाली पुलिस को सपोर्ट कर दिया पुलिस रिक्शा ब चालक को ले जाकर कोतवाली में बंद कर दिया रिक्शा चालक काफी शराब के नशे में रिक्शा चला रहा थे।

# गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की हुई बैठक

- डीएम ने लापरवाही बरतने पर सीडीपीओ व सुपरवाइजरों को दी कड़ी चेतावनी
- पोषण की सभी योजनाओं में प्रभावी रूप से और अधिक जमीनी स्तर पर कार्य कर लक्ष्य करें पूरा



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर फीडिंग व पोषण सम्बन्धी कार्यो में शिथिलता व लापरवाही बरतने पर सीडीपीओ व सुपरवाइजरों को कड़ी चेतावनी देते हुए अगले माह में अपेक्षित प्रगति नही आने पर वेतन रोकते हुए विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

उन्होनें सीडीपीओ को कडे निर्देश देते हुए कहा कि अपने- अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर अधिक से अधिक सेम बच्चों का चिन्हांकन कर एनआरसी में भर्ती करायें इस कार्य में भी किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होने निर्देश दिये कि प्रत्येक माह राशन वितरण की फीडिंग, गृह भ्रमण, दक्षता मापन, पोषण ट्रेकर पर करना सभी सीडीपीओ सुनिश्चित करें। पोष्टाहार का वितरण, शत- प्रतिशत हर हाल में ससमय वितरण हो जाना चाहिए।

कहा कि राज्य पोषण मिशन के कार्यो को शत-प्रतिशत धरातल पर साकार करने की आवश्यकता है तभी शिशुओ और माताओं को उचित पोषण मिल पायेगा।

उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि पोषण की सभी योजनाओं में तकनीकी व प्रभावी रूप से और अधिक जमीनी स्तर पर कार्य कर लक्ष्य की पूर्ति करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुदेश गुप्ता, उपायुक्त एनआरएलएम राजकुमार लोधी सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मनमानी के चलते नहीं खुल रहा अमरौली का आंगनवाडी केन्द्र

- ग्राम प्रधान ने जताई नाराजगी उठाई कार्यवाही की मांग

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

शासन के तमाम सख्त निर्देशों के बाबजूद कार्यकत्री अपने मनमाने रवैये के चलते आंगनवाडी केन्द्र करीब एक सप्ताह से न खोलने से अभिभावकों में बेहद रोष व्याप्त है। क्षेत्र के ग्राम अमरौली प्राइमरी विद्यालय परिसर में बना आंगनवाडी केन्द्र करीब एक सप्ताह से नहीं खुल रहा है इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुऐ गांव के प्रवेश कुमार, दिनेश कुमार, राजू , दरवेश कुमार, रामकृष्ण, रमेश चन्द्र, अजय कुमार आदि अभिभावकों ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र पर लगभग आधा सैकड़ा बच्चे पंजीकृत हैं कार्यकत्री अर्चना देवी अपने मनमाने रवैये के चलते केन्द्र न खोलने से बच्चे केन्द्र पर जाकर बन्द होने से बैरंग घर लौट आते हैं जिससे शिक्षा के नाम से नौनिहालों के साथ कार्यकत्री खुलेआम मज़ाक कर रही है इस लापरवाही की कई बार विभाग के अफसरों से शिकायत भी की गई लेकिन परिणाम बिल्कुल सिफर साबित हुए। तालग्राम विकास खण्ड की महिला व बाल विकास पुष्टाहार विभाग की सुपरवाइजर संगीता देवी का कहना है केन्द्र न खोलने जानकारी मिली है वहां कार्यकत्री की इस लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस भेजकर जांच करायेंगे सही पायें जाने पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी ग्राम प्रधान बृजेश कुमार वर्मा ने लापरवाह आंगनवाडी कार्यकत्री के खिलाफ कठोर कार्यवाही के लिये विभाग के उच्च अफसरों से मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### आवारा कुत्तों ने समधन में चार लोगों को फिर काटा

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** कई दिनों से कस्बा समधन नगर में आवारा कुत्तों ने आतंक मचाया है। जिससे छोटे- छोटे बच्चों में भय व्याप्त हो गया है। पिछले तीन दिन पहले कुत्ते के काटने से नगर के मोहल्ला आज़ाद नगर में एक अधेड़ की मौत हुई थी। मंगलवार को समधन नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी रामगोपाल बाल्मिक उम्र लगभग 30 वर्ष सुबह मुख्य सड़क पर साफ - सफाई कार्य करने की ड्यूटी कर रहे थे इस समय आवारा कुत्ते ने उन पर हमला बोल कर काट लिया इसी तरह बीता सोमवार को मोहल्ला कादर खान नगर निवासी धर्मेंद्र सक्सेना का 7 वर्षीय पुत्र पवन कुमार सक्सेना व कमलेश सक्सेना की पुत्री लगभग 10 वर्षीय खुश्बू सक्सेना बच्चों के साथ मोहल्ले में खेल रही थी तभी आवारा कुत्तों ने उसे भी काट लिया वहीं सोमवार को ही मोहल्ला सैय्यदवाडा निवासी सुभाष सक्सेना को भी कुत्तों ने काट लिया सभी घायलों ने गुरसहायगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुत्ते काटे जाने का टीकाकरण कराया है। गांव के लोगों ने इन आवारा कुत्तों को पकड़वाये जाने की प्रशासन से मांग की है।

### शराब के नशे में युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोल्ड में काम करने जा रहे युवक से कस्बे के ही लोगों ने शराब के नशे में गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बा समधन के मोहल्ला गोरीनवादा निवासी बद्दू पुत्र मंगली ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है कि मंगलवार की सुबह करीब 8.30 बजे जब वह अपने घर से काम पर जा रहा था। तभी ईट भट्टे के पास शराब पी रहे कस्वा समधन के मोहल्ला असफाक उल्ला नगर निवासी आकिल पुत्र अबरार व चंदन पुत्र आफाक ने बेवजह उससे गाली गलौज की। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्लंबर की बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव में पाइप लाइन की फिटिंग करने आए प्लंबर की बाइक चोरी हो गई थी। बाइक को मौके पर न देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम द्वारिकापुरी निवासी शिवम पुत्र अनिल कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है बीती 07 अक्टूबर की शाम करीब 6.20 बजे जब वह काम से लौटा तो बाइक मौके पर ना देख उसके होश उड़ गए। जिसकी सूचना उसने सराय प्रयाग चौकी व कोतवाली पुलिस को दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

### भगवान के जगते ही शुभ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जगत के पालन हार भगवान विष्णु के योग निद्रा से जगते ही जगत में जय जयकार होने लगा। और शुभ कार्य का अब होने लगेगा। जहां अखिल ब्रह्मांड में सभी भक्तजन भगवान को योग निद्रा से जगकर भगवान की जय जयकार कर रहे हैं। वही नगर की शक्ति पीठ गमा देवी में शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने शंख बजा कर भगवान को योग निद्रा से वैदिक पूजन कर जगने के लिए भगवान विष्णु से स्तुति की। ताकि जगत का कल्याण हो सके। और शुभ कार्य निर्विघ्नता से होते रहे। इस मौके पर अभिषेक तिवारी रवि तिवारी श्री गणेश पाठक मनोहर सिंह चौहान जितेंद्र वर्मा प्रमोद शर्मा विमल पाठक छाया गुप्ता मधु भदोरिया राजकुमारी वर्मा राधा यादव रामादेवी गुप्ता रेनू शर्मा आज नगर के श्रद्धालु जनों ने भी भगवान से सबके कल्याण की प्रार्थना की। बाद में भगवान की आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ।

### दहेज में नहीं मिली बाइक तो ससुरालियों ने की मारपीट

**जालौन,उरई।** ससुरालियों द्वारा अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग करने एवं मांग पूरी न होने पर ससुरालियों द्वारा तेलू खाने के बहाने रिश्तेदार के यहां बुलाकर व बंधक बनाकर मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु की। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम इस्लामपुरा निवासी चांदनी पुत्री रामजी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने हिन्दू रीति रिवाज के साथ उसकी शादी वर्ष 2020 में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खर्रा निवासी मोहन के साथ कि थी। लेकिन शादी में दिए गए दान दहेज से ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद उन्होंने बाइक, फ्रिज व सोने की जंजीर की मांग शुरू कर दी। पिता की स्तिथि ऐसी नहीं है कि वह उनकी मांग को पूरा कर सकें। इसके बारे में जब उसने ससुरालियों को बताया तो उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

# देवोत्थान एकादशी पर घर व देवालयों में हुई पूजा

- तुलसी विवाह के साथ देवालयों में गूंजे जयकारे

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

देवोत्थान एकादशी को लेकर नगर व क्षेत्र में धूमधाम से पर्व मनाया गया। बाजारों में खूब गन्ने व सिंघाड़े की बिक्री हुई। इसके अलावा कार्तिक एकादशी को महिलाओं ने माता तुलसी और सालिगराम का विवाह भी बड़े धूमधाम से किया और उनकी पूजा अर्चना की।



पर्व पर गन्ना की खरीददारी करते लोग।

मंगलवार को नगर के मुख्य तिराहा चौराहा और तिर्वा रोड पर देवोत्थान एकादशी को लेकर गन्ने के ढेर दिखाई पड़े स्थानीय लोगों ने त्योहार को लेकर गन्ने की खरीददारी की। इसके अलावा स्थानीय लोगों ने भगवान की पूजा से संबंधित अन्य सामग्री को भी खरीदा। राममंदिर के महंत राकेश चंद्र दुबे ने बताया कि देवोत्थान एकादशी वाले दिन भगवान विष्णु अपनी निद्रा का त्याग कर जागते हैं जिसको लेकर देवोत्थान एकादशी का त्यौहार मनाया जाता है। इसमें सच्चे मन से भगवान विष्णु की पूजा करने वाले व्यक्ति को सारे सुखों की प्राप्ति होती है। वहीं महिलाओं ने अपने घरों में माता तुलसी का विवाह भी पूजा पाठ के साथ संपन्न कराया।

### रंजिशन मारपीट कर दी जानमाल की धमकी

**जालौन (उरई)।** रंजिश के चलते गांव के ही लोगों द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी चरन सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही सीताराम, टिंकू, बॉबी उसके परिवार से रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते आए दिन गाली, गलौज करते रहते हैं। लेकिन शांति रखने के उद्देश्य से वह शांत रहता है। लेकिन इससे उनके हौसले और बढ़ गए हैं। आरोप लगाया कि वह अपने घर के दरवाजे पर काम कर रहा था तभी उपरोक्त तीनों वहां आए और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर तीनों ने मिलकर लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

## टीम की छापेमारी से बकायेदारों में हड़कंप



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लगातार क्षेत्र में हो रही बिजली चोरी पर लगाम लगाने व राजस्व वसूली को लेकर विजिलेंस व बिजली विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। जिसमे 35 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए और 03 लाख के राजस्व की भी वसूली भी की गई। मंगलवार को बिजली विभाग के विधुत वितरण मंडल कन्नौज अधीक्षण अभियंता नंदलाल, अधिशाषी अभियंता विधुत वितरण खंड छिबरामऊ अभिषेक सिंह, बिजिलेंस प्रभारी तरुण प्रताप सिंह, जेई आशीष कुमार व विकास कुमार, लाइनमैन संजय, संतोष, सरमू आदि ने मिलकर नगर के तिर्वा रोड, विजय नगर, चकोर रोड, जीटी रोड पर छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें टीम ने 35 बकायेदारों के कनेक्शन काटकर 03 लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की। अभियान से बकायेदारों व विद्युत चोरी करने वालों में हडकंप मचा रहा।

# युवती से व्यपहरण के मामले में युवक को तीन साल की कैद

- तीन वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया दण्डित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

थाना सौरिख में मुकदमा भादवि के तहत पंजीकृत अभियोग में न्यायालय द्वारा अभियुक्त को धारा 363 भादवि में दोषी पाते हुये तीन वर्ष का साधारण कारावास एवं 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।अभियुक्त द्वारा वादी की भतीजी का व्यपहरण करने के सम्बन्ध में थाना सौरिख पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारो को निर्देशित किया गया था। पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए न्यायालय एसीजेएम छिबरामऊ द्वारा अभियुक्त जनक सिंह बाथम पुत्र मेवाराम निवासी गढियापाह थाना सौरिख को 03 वर्ष का साधारण कारावास एवं 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# खाटू श्याम के जन्मदिन पर भंडारा आयोजित



गुरसहायगंज में प्रसाद वितरित करते आयोजक।

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर व क्षेत्र में खाटू श्याम का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर जगह-जगह भंडारा का आयोजन किया गया। जहां भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया और हवन पूजन भी हुआ। मंगलवार को नगर में सुबह से ही खाटू श्याम के जन्मोत्सव को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई।

जिसको लेकर नगर के रामगंज, जीटी रोड, तिर्वा रोड व संतोषी माता मंदिर, बाईपास पर हनुमान मंदिर, जीटी रोड पर राम मंदिर, तिर्वा रोड पर सती माता मंदिर आदि में खाटू श्याम का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम के चित्र पर केक काटा और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। वही नगर के सती माता मंदिर में हवन पूजन के बाद खाटू श्याम का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।इसी प्रकार तेराजाकेट चौराहा पर बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## खाटूश्याम के जन्मोत्सव पर हुआ भंडारे का आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** डीजे की धुन पर जमकर झूमे श्याम प्रेमी जगह जगह कराया गया जलपान खाटूश्याम का जन्मोत्सव नगर में धूमधाम से मनाया गया वही श्याम प्रेमियों द्वारा तृतीय निशान यात्रा निकाल कर विशाल भण्डारे का आयोजन किया। छिबरामऊ सौरिख नगर में बाबा खाटूश्याम के जन्मोत्सव पर खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा तृतीय निशान यात्रा निकाली यह यात्रा संतोषी माता मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर के नादेमऊ चौराहा होते हुए अम्बेडकर तिराहा, पाल तिराहा, संजय नगर, ऋर्षिभूमि चौराहा होते हुए भारतीय विद्यालय में यात्रा का समापन हुआ यात्रा में महिलाओं व पुरुष श्यामप्रेमियों ने बचकर हिस्सा लिया वही डीजे की धुन पर जमकर झूमे युवा यात्रा में महिलाओं ने बचकर हिस्सा लिया तत्पश्चात उपस्थित श्यामप्रेमियों ने भंडारे प्रसाद ग्रहण किया।

# चल वैजयंती ट्रॉफी विद्यालयों ने नगर पालिका को सौंपी

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका छिबरामऊ के द्वारा स्थापना उत्सव की तैयारियां जोर-जोर चल रही है उसी क्रम में गत वर्ष की विजेता विद्यालयों के द्वारा चल वैजयंती ट्रॉफी नियमानुसार नगर पालिका को सौंप दी गई है। इस संदर्भ में पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि स्थापना उत्सव की शुरुआत से ही नियम बनाया गया था कि सभी प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यालयों को चल वैजयंती ट्रॉफी दी जाएगी जो कि अगले वर्ष पुनरूस्पर्धा के लिए सभी विद्यालयों के समक्ष आयेगी उसी क्रम सीनियर वर्ग के गत वर्ष विजेता विद्यालय सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा ढोल नगाड़े की गूंज के साथ मुख्य मार्ग से



होते हुये नगर पालिका को सौंपी गई। ट्रॉफी को स्वीकार करते हुए अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तिरंगा तिराहा से फूल मालाओं से सजाये गए वाहन पर ट्रॉफी को रखा गया। उत्साहित बच्चों ने मार्च करते हुए नगर पालिका गेट तक पहुंचाया जहां नगर पालिका स्टॉफके द्वारा चेयरमैन की अगुवाई में ग्रहण की गई। जूनियर वर्ग विजेता सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी के द्वारा बुधवार को मुख्य बाजार से होते ट्रॉफी नगर पालिका को सौंपी जायेगी। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ एवं नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे। '34 विद्यालय चल वैजयंती ट्रॉफी के लिए करेंगे संघर्ष'नगर पालिका के तकनीकी सलाहकार एवं गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष करीब 3 दर्जन विद्यालयों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया है विद्यालयों ने समूह गायन, नृत्य के अलावा कबड्डी, खो खो, वॉलीबाल में हिस्सा लिया है।

# जिला कारागार व वन क्षेत्र में सुधरेंगी व्यवस्थाएं : विधायक

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, जेल मंत्री दारा सिंह चौहान के द्वारा उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा को जेल विभाग व वन विभाग का स्थायी समिति में सदस्य नामित किया गया है। विधायक को समिति में सदस्य बनाए जाने से जिला कारागार में अब अन्य व्यवस्थाओं के सुधार पर भी ध्यान दिया जाएगा। साथ ही वन विभाग का सदस्य बन जाने से उनके विधानसभा क्षेत्र में पौधारोपण की विशेष निगरानी होने लगेगी साथ ही है वनों से कटने वाले अवैध पेड़ों पर रोक लगेगा।



साथ ही लकड़ी माफ़ियाओं पर भी कार्रवाई की उम्मीद बढ़ गई है। विधायक गौरीशंकर वर्मा अपनी विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक विकास कार्य कराने में हमेशा आगे रहे हैं। उन्हें जेल व वन विभाग की समिति में जगह मिलने से वह अब और सक्रियता के साथ काम करेंगे।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक फांसी पर झूला

**जालौन (उरई)।** बंगरा रोड पर ग्राम छिरिया में 27 वर्षीय युवक राहुल दोहरे पुत्र काशीप्रसाद ने गमछे से फांसी लगा आत्महत्या कर ली।राहुल ने अपनी झोपड़ी में इस घटना को अंजाम दिया। परिवारजनों ने बताया कि राहुल ने चार साल पहले लव मैरिज की थी। शादी के बाद दोनों गांव छिरिया में रहने लगे थे।मिली जानकारी के अनुसार, दो महीने पहले राहुल की पत्नी किसी बात को लेकर नाराज होकर मुंबई चली गई थी। हाल ही में फोन पर दोनों के बीच किसी बात पर विवाद हुआ था, जिसके बाद राहुल मानसिक रूप से काफी तनाव में था। इसी तनाव के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। राहुल अपने पीछे दो वर्ष का बेटा भी छोड़ गया है, जो अब पिता के साये से वंचित हो गया है।

# नकली नोट छापने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

- 1,40,900 रुपये के नकली नोट व सामान हुआ बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस ने लाखों के नकली नोटों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस ने कई दिन के प्रयास के बाद नकली नोट बनाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर किया और उनकी निशानदेही पर लाखों नकली नोट व नोट बनाने का सामान बरामद किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने पत्रकारों को बताया की कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस ने 12 नबम्वर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम जाजपुर गोवा जाने वाले अन्डरपास के पास घेराबंदी की। पुलिस ने सर्वेश कुमार पुत्र जगन्नाथ प्रसाद निवासी ग्राम बिलसड़ थाना राजा का रामपुर जनपद एटा व विपिन कुमार उर्फ जेपी पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी ग्राम टिकुरा नगला थाना मेरापुर को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों की पूछताछ के पश्चात अन्य यज्ञमित्र पुत्र स्व0 देवेन्द्र सिंह व दीपक यादव पुत्र रामेश्वर सिंह निवासीगण नदौरा के यहां छापा मारा। पुलिस को मौके पर नकली नोट कुल 1,40,900 रुपये व नकली नोट बनाने के उपकरण बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

बरामद नोटों में 500 के 180 नोट कुल 90,000 रुपये, 100 के 503 नोट कुल 50,300 रुपये, 200 के 03 नोट कुल 600 रुपये तथा कुल 1,40,900 रुपये बरामद हुए। इसके अलावा 1 अदद प्रिन्टर, 377 पेज सफेद कम्पनी जे0के0 एक्सल बोन्ड सुपर व्हाइट बोन्ड पेपर, 5 मोबाइल फोन, 1 कटर व 01 बिजली बोर्ड व तार बरामद हुआ। एसपी ने मीडिया को बताया की अंतर्जनपदीय शातिर अपराधियों में दो लोग नकली नोट छापते थे। उनके अन्य दोनों साथी नकली नोटों को बाजार में चलते थे।



घटना का खुलासा करते एएसपी व मौजूद अभियुक्तगण

## तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर, चालक घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार बोलेरों ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे चालक घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मौनी बाबा आश्रम के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जिससे बाइक उछलकर खंदी में जा गिरी। टक्कर लगने से बाइक चालक राजेंद्र सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी नरसिंहपुर, थाना कोतवाली कायमगंज घायल हो गया। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने बाइक सवार युवक को खंदी से निकाला। घायल युवक ने बताया कि वह शाहजहांपुर से खाटू श्याम मंदिर से वापस लौट रहा था, तभी शमसाबाद की तरफसे तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो ने सामने से टक्कर मार दी। जिसमें उसकी बाइक भी छतिग्रस्त हो गई। घायल युवक को रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने निजी वाहन से सीएचसी शमसाबाद में भर्ती कराया। जहां घायल युवक राजेन्द्र का उपचार जारी था।



घायल बाइक चालक

# यूरिया खाद लेकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली पर 85 हजार का जुर्माना

- राजेपुर क्षेत्र में चार वाहन सीज, 31 वाहनों का किया गया चलान
- पुलिस तथा परिवहन विभाग ने चलाया संयुक्त चेकिंग अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यातायात माह के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी नगर/यातायात ऐश्वर्या उपाध्याय तथा एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत की टीम द्वारा यातायात प्रभारी सत्येन्द्र कुमार के साथ नगर एवं राजेपुर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। राजेपुर थाने में 04 वाहनों को सीज कर उन पर 1.01 लाख का जुर्माना लगाया गया। चेकिंग टीम द्वारा जहानगंज मार्ग पर 300 बोरी यूरिया खाद लेकर जाने वाली एक ट्रैक्टर-ट्राली को भी पकड़ा गया तथा उस पर 85 हजार रुपया का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा यातायात पुलिस द्वारा 30 अन्य वाहनों के चालान किये गये। आगामी शीत ऋतु में कोहरे के दृष्टिगत जनपद को दुर्घटना मुक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न वाहनों में लगे रिफ्लेक्टिव टेप की जांच की गयी। रिफ्लेक्टिव टेप न होने पर 02 वाहनों का चालान किया गया तथा उन पर 20 हजार रुपये का दण्ड लगाया गया। टीम द्वारा 32 ट्रैक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टिव टेप भी लगवाये गये तथा उन्हें सभी प्रपत्र पूर्ण कराकर चलने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।



चेकिंग के दौरान सीओ नगर व एआरटीओ प्रवर्तन

## धूमधाम से सम्पन्न हुआ ठाकुरजी व तुलसीजी का विवाह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तुलसी विवाह आयोजन समिति फतेहगढ़ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर में धूमधाम से बारात निकालकर बरगदिया घाट पर विधिवत मंत्रोच्चार के बीच विवाह संपन्न कराया गया। बारात धूमधाम से निकाली गई। भक्तों द्वारा जगह-जगह पर चाय नाश्ता का वितरण किया गया। बारात में सुंदर मनमोहक झांकियां निकाली गईं। जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही थीं। राधा-कृष्ण की झांकी, रीद्धि सिद्धि सबको रिझा रही थीं। नाग नागिन का नृत्य ने सभी को खूब लुभाया। शोभायात्रा एमआईसी तिराहे से 3 बजे रात्रि में शुरु होकर कोतवाली रोड, फतेहगढ़ के मुख्य मार्ग से होते सुभाष चौक होते हुई बारात सुबह 7 बजे बरगदियाघाट पहुंची। जहां ठाकुरजी और तुलसीजी का धूमधाम से विवाह सम्पन्न हुआ। विवाह की सभी रस्में विधिवत अदा की गयीं। इस शुभ अवसर पर तुलसी विवाह अयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी, महामंत्री गौरव सक्सेना, हर्षित मिश्रा, गुड्डू वर्मा, मनू, सौरभ गुप्ता, अमन बाथम आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के मामले में पति पर दोष सिद्ध




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

- सजा के बिन्दु पर सुनवाई 13 नवम्बर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज फास्ट ट्रैक (त्वरित) प्रथम न्यायाधीश संदीप तिवारी ने वैभव उर्फ जीतू पुत्र जयनारायन को दहेज हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए ॉ13 नवम्बर की तिथि नियत की गयी है। बीते चार वर्ष पूर्व अनिल कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी गुतासी मऊदरवाजा ने थाना जहानगंज पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैंने पुत्री अल्पी की शादी लगभग चार वर्ष पूर्व वैभव उर्फ जीतू निवासी पंजूखिरिया जहानगंज के साथ हिन्दू रीतिरिवाज के साथ दान दहेज देकर सम्पन्न की थी। मेरी पुत्री के ससुरालीजन पति वैभव, जेठ, जेठानी आदि लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। जिसकी शिकायत मेरी पुत्री ने मुझे व मेरे बेटे को बताई थी।

कई बार इस बात को लेकर समझा बुझाकार भेज देते थे। 21 फरवरी 2020 को मेरे दामाद व उसके परिजनों ने मेरी पुत्री की मारपीट कर हत्या कर दी तथा शव को छत के कुंडे से लटका दिया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता पंकज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संदीप तिवारी ने वैभव उर्फ जीतू को दहेज हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 13 नवम्बर की तिथि नियत की गयी है।

# जीरागौर में मनरेगा से लेकर विकास कार्यों में हो रहा भ्रष्टाचार

- पिछले दस वर्षों में गांव की सूरत नहीं, प्रधान की जरुर बदली सीरत
- छह गुना बढ़ी सम्पत्ति, बीडीओ से लेकर सभी सरकारी धन का कर रहे बंदरबांट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र के ग्राम जीरागौर में विकास कार्य न होने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्य न कर अधीनस्थ सरकारी पैसे का बंदरबांट कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कमालगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत जीरागौर जिसमें सरकारी धन का दुरुपयोग साफ दिखाई दे रहा है। गांव में विकास के नाम पर टूटी फूटी गलियां जो की कागजों में वन चुकी हैं, लेकिन सरकारी धन को किसी भी तरह खर्च दिखाकर उसका बंदरबांट किया जा सके।

विकास खंड अधिकारी कार्यालय पर बैठकर समीक्षा करते हैं, समीक्षा बैठक में आरआरसी सेंटर कूड़ा संग्रह केंद्र तथा आवासों पर समीक्षा की जाती है, लेकिन वह समीक्षा केवल कागजों पर ही दिखाई जाती है और धरातल पर कार्य शून्य के स्तर से चल रहे हैं। वहीं मनरेगा योजना में भी बड़े पैमाने पर गोलमाल हो रहा है। सभी ग्राम पंचायत में लगातार श्रमिकों की संख्या कागजों में भरी जाती है और मनरेगा पोर्टल पर अपलोड की जाती है। जिसका समय से पैसा निकाला जाता है। जिसमें मनरेगा कार्यालय, विकास खंड अधिकारी, रोजगार सेवक तथा सभी कर्मचारियों के बीच में बंदरबांट होता है और मनरेगा योजना को लगातार चूना लगाया जा रहा है। वर्तमान ग्राम प्रधान अजरा बेगम द्वारा विगत 10 वर्षों से पूर्व में 5 साल यही प्रधान रही हैं। विकास कार्य के नाम से ग्रामवासियों को लगातार बेवकूफ बनाया गया है। कॉलोनी के नाम पर एससी/एसटी बस्तियों में कोई भी सुविधा नहीं दी गई एवं कोई भी विकास कार्य नहीं करवाया गया।

वहीं ग्राम प्रधान की विगत 10 वर्षों में संपत्ति करीब 6 गुना बढ़ गई है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया विगत 10 वर्षों में ग्राम प्रधान द्वारा कई खेत खरीद लिए गए हैं और विकास के नाम से आए पैसे को वह अपने निजी स्वार्थ के लिए खर्च कर रहे हैं।



विकास की पोल खोल रही ग्राम जीरागौर की गलियां

# कार्तिक मेले की आधी-अधूरी तैयारियां देख विफरे डीएम

- सहयोग न करने वाले कर्मचारियों पर दर्ज करायी जाये एफआईआर
- जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को दिये कड़े दिशा निर्देश

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमसाबाद ढाईघाट पर लगने वाले कार्तिक मेले की व्यवस्था को देखने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक पहुंचे। गंगा तट व्यवस्थाएं आधी अधूरी देख जिला पंचायत कर्मचारी से नाराजगी जतायी। मेले में जो भी कर्मचारी सहयोग ना करें कायमगंज उप जिलाधिकारी को उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के कड़े निर्देश दिये।

## शाहजहांपुर की तरफ भी मिलीं अव्यवस्थायें, पीएसी का वोट न होने पर हुए नाराज



मेले की तैयारियां देखते जिलाधिकारी, एसपी व एसडीएम आदि

डीएम और एसपी ने ढाईघाट गंगा के उत्तरी धार पर लगने वाले मेले का निरीक्षण किया और वहीं शाहजहांपुर जिला पंचायत के जेई प्रमोद कुमार और इंजीनियर संजय सिंह से नाराजगी जताते हुए कहा कि कितने वाच टॉवर लगे हैं और कितने वाच टॉवर ना होने ओर पीएसी का वोट न होने पर नाराजगी जतायी। कायमगंज उप जिलाधिकारी को गंगा तट पर घूम रहे अन्ना पशुओं को पकड़वाने के लिए और गौशाला में रखवाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बताया एक भी गोवंश गंगा तट पर नहीं होना चाहिए। सभी को गौशाला में भिजवाया जाए और एसडीएम को निर्देशित किया जितने वोट लगेंगे और जितने गोताखोर होंगे सबका नंबर और वोट पर नंबर भी होना चाहिए। कोई भी अव्यवस्था होगी तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके बाद शमशाबाद की तरफ धार पर लगने वाले मेला में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी रामगोपाल चौधरी और जूनियर इंजीनियर राम प्रवेश, इंजीनियर अनिल शुक्ला से मेले के बारे में जानकारी ली। अपर मुख्य अधिकारी ने बताया इधर दो वाच टॉवर, तीन घाट, पांच महिला स्नान गृह, 10 गोताखोर और पानी के हैंडपंप 10 मेले के लिए लगेंगे। वहीं अपर मुख्य अधिकारी रामगोपाल चौधरी ने जूनियर इंजीनियर को निर्देशित किया कि महिलाओं के स्नान के लिए भी घाट की व्यवस्था अलग कराई जाए। मेले की तैयारी के लिए जिला पंचायत की तरफसे बनवाये जा रहे रास्ते से जिलाधिकारी की गाड़ी नहीं निकल पायी। जिससे गाड़ी लगभग 500 मीटर पहले से ही वापस हो गयी। वहीं बताया गया है कि मेले की सुरक्षा के लिए डेढ़ सेक्शन तैराकी पीएसी प्लाटून, पीएसी, 20 दरोगा, 20 हेड कांस्टेबिल, बीस महिला कांस्टेबिल, 50 कांस्टेबिल से मेले की निगरानी की जायेगी।

# पति ने स्वयं तथा दो अन्य मित्रों से जबरन कराई पत्नी की कोर्ट मैरिज

- मारपीट कर घर से निकाला, न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

पति एवं ससुरालीजनों की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। तब पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार लक्ष्मी पत्नी रणजीत सिंह पुत्री दिनेश श्रीवास्तव निवासी ग्राम खुदागंज ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया कि पीड़िता ने रंजीत पुत्र सतीश चंद्र के साथ प्रेम प्रसंग में 4 वर्ष पूर्व शादी की थी। पीड़िता बतौर पत्नी रंजीत के साथ 4 वर्ष से रह रही है। पीड़िता के पति रणजीत सिंह ने षड्यंत्र के तहत मोहन सिंह पुत्र राम सिंह निवासी बंथना इंकलाब खेड़ा कोहनी गाजियाबाद पोस्ट थरना खेड़ा जिला गाजियाबाद एवं जीत सिंह पुत्र रामवीर निवासी अल समाज ट्रस्ट सुंदरपुरी गाजियाबाद के साथ भी कोर्ट मैरिज करवाई, लेकिन पीड़िता को अपने साथ ही रखा। पीड़िता जीत सिंह और मोहन सिंह को नहीं जानती है और ना अपनी मर्जी से कोर्ट मैरिज की है। पीड़िता अपने पति रणजीत सिंह के साथ संबंध से गर्भवती हो गई। जिसकी जानकारी होने पर पीड़िता के ससुर सतीश सिंह एवं सास मीना एवं जेठ सुरजीत सिंह एवं उसकी पत्नी अभिलाषा सोमवंशी ने पीड़िता का अल्ट्रासाउंड करवाया, तो पीड़िता 3 महीने की गर्भवती निकली, तो उक्त लोगों द्वारा जबरन दवा खिलाकर पीड़िता का गर्भपात करवा दिया गया और उसके बाद पीड़िता के साथ मारपीट करके घर से बाहर निकाल दिया। उसके बाद पीड़िता अपने पति जिनकी जनसेवा केंद्र की दुकान है। उस कमरे में रह रही है। पीड़िता ने बताया पति रणजीत सिंह कई बार उसके साथ मारपीट कर चुके है। एक बार जान से मारने की नियत से पीड़िता के गले पर लात रखकर जान से मारने की कोशिश की। जिस पर बड़ी मुश्किल से वह बची।

पीड़िता के पति ने एक झूठा तलाक का मुकदमा न्यायालय में डाल रखा है। जिसकी जानकारी पीड़िता को सम्मन आने पर हुई। पीड़िता का माता-पिता से रिश्ता टूट गया है। अब पीड़िता का सहारा पति रणजीत सिंह ही है, परंतु रणजीत सिंह एवं उसके घर वाले पीड़िता के साथ मारपीट कर रहे हैं। उपरोक्त लोग पीड़िता के साथ कभी कोई अप्रिय घटना कारित कर सकते हैं। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# गोली मारकर घायल करने के मामले में अभियुक्त को तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गोली मारकर घायल करने के मामले में अभियुक्त को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-09 ने तीन वर्ष का साधारण कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

वादी मुकदमा जगदीश द्वारा दिनांक 19.10.2000 को समय करीब 05:30 बजे को अपने घर से खेतों की तरफ शौच करने जा रहा था। गांव के ही रामवीर पुत्र रामकुमार, रामकुमार पुत्र छदामी लाल निवासी उम्मरपुर व सेवाराम उर्फ शिब्बू पुत्र कोमिल ठाकुर निवासी त्योरी इस्माइलपुर थाना नवाबगंज रास्ते में बालकराम धोबी के घर के पास थे। सेवाराम पर रामवीर के भाई श्यामवीर की लाइसेंसी बन्दूक थी। मुझे देखकर रामवीर कहने लगा कि साले जगदीश तू बहुत खिलाफत करता है। आज तुझे देखता हूँ और गाली देने लगा। जब मैंने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो इतने में ही रामवीर व रामकुमार ने सेवाराम से कहा कि देखते क्या हो मारो साले के गोली। इतने में ही सेवाराम ने जान से मारने की नियत से मेरे ऊपर बन्दूक से फायर किये। जिससे मैं घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। जब मैं चिल्लाया तो मौके पर महेन्द्र पुत्र जयराम जाटव उम्मरपुर, जोगराम पुत्र इतवारी लाल धोबी आ गये। ये लोग जानमाल की धमकी देते हुए गांव से उत्तर की ओर भाग गये। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने पर तहरीर दी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। तब उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर मु0अ0सं0 166/2000 धारा-307/34, 504, 506 भा0द0सं0 के तहत पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। विवेचक द्वारा उपरोक्त धाराओं में न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी तथा बचाव पक्ष के अधिवक्ता के तर्कों को सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर तत्कालीन पीठासीन अधिकारी मेराज अहमद द्वारा उपरोक्त मुकदमे के तहत अभियुक्तगण रामवीर, रामकुमार तथा सेवाराम उर्फ शिब्बू के विरुद्ध दिनांक 15.12.2003 को आरोप विरचित किये गये। मुकदमा विचारण के दौरान रामकुमार व सेवाराम की मृत्यु हो गयी। रामवीर को अंतर्गत धारा-324 भा0द0सं0 थाना नवाबगंज के आरोप में दोष सिद्ध को तीन वर्ष का साधारण कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया जाता है।

अर्थदण्ड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा-504 भा.द.सं. में छह माह का साधारण कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वहीं धारा 506 भा.द.सं.में एक वर्ष का साधारण कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार




पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समृद्धि न्यूज की खबर का असर

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमालगंज पुलिस ने मु0अ0सं0 241/2024 धारा-3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त कुंदन उर्फ राजा बाबू पुत्र कप्तान सिंह निवासी सुमित्तापुर थाना कमालगंज को गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि 10.11.2024 को पीड़िता की लिखित तहरीर पर पुलिस ने थाना पर 241/2024 धारा-74 बी.एन.एस. बनाम कुन्दन पुत्र कप्तान सिंह निवासी सुमित्तापुर थाना कमालगंज पंजीकृत होकर विवेचना उ0नि0 शिव कुमार के सुपुर्द की गयी। दौराने विवेचना बयान पीड़िता अंतर्गत धारा-180/183 बीएनएसएस व अन्य साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-74 बी.एन.एस. का लोप किया गया एवं धारा-3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। पुलिस ने अभियुक्त को रजीपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया तथा उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# धूमधाम से मना देवोत्थान एकादशी का पर्व

- सिंघाड़ा, गन्ना, शकरकंद की हुई जमकर बिक्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

देवोत्थान एकादशी का पर्व मंगलवार को जिले में धूमधाम से मनाया गया। इस दिन से भगवान विष्णु सृष्टि का कार्यभार संभालते हैं और इसी दिन से सभी तरह के मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार एकादशी व्रत रखने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है और मृत्यु के पश्चात मोक्ष की प्राप्ति होती है।

देवोत्थान एकादशी पर सिंघाड़ा, गन्ना, शकरकन्द की विशेष रुप से पूजा अर्चना की जाती है। जिसकी वजह से इनक चीजों के दाम आसमान पर पहुंच गये। हालांति लोगों ने थोड़ी बहुत वस्तुओं की खरीददारी कर त्योहार की औपचारिकतायें पूरी कीं। जहां सिंघाड़ा 30 से 35 रुपये किलो, वहीं शकरंकद भी 40 से 45 रुपये किलो तथा गन्ना 15 से 20 रुपये प्रति गन्ना के हिसाब से बिका। बाजार में जगह-जगह सिंघाड़ा, गन्ना तथा शकरकंद की खरीददारी करते लोग दिखायी दिये। इसके पीछे एक कथा भी प्रचलित है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्रीहरी ने शंखासुर नाम के दैत्य का वध किया था। दोनों के बीच काफी लंबे समय तक युद्ध चला था। शंखासुर के वध के बाद जैसे ही युद्ध समाप्त हुआ भगवान विष्णु बहुत ज्यादा थक गए। इसलिए युद्ध समाप्त होते ही वह सोने के लिए प्रस्थान कर गए। भगवान इस दिन क्षीरसागर में जाकर सो गए और इसके बाद वह कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को जागे, तभी से इस पूजा का विधान पड़ा। बताते हैं कि इस दिन सारे मांगलिक कार्य शुरु हो जाते हैं। देवोत्थान एकादशी को लेकर घरों में महिलाओं चौक बनाकर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं द्वारा व्रत रखा गया।




बाजार में सिंघाड़ा व गन्ना की होती बिक्री

केंद्रीय गृह मंत्री ने धनबाद जिले के झरिया और बाघमारा विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा

# करोड़ों लूटने वालों को उल्टा लटकाकर करेंगे सीधा

एजेंसी

**धनबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को झारखंड के धनबाद जिले के झरिया और बाघमारा विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप कमल फूल की सरकार बना दो, ये करोड़ो रुपये लूटने वालों को हम उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे।



अमित शाह ने कहा कि जिस एक रुपये वाली स्टाम्प ड्यूटी योजना को इन लोगों (हेमंत सरकार) ने बंद कर दिया है, उस स्टाम्प ड्यूटी को फिर से लागू करने का काम करेंगे। संपत्ति खरीदने से जुड़ी एक रुपये योजना फिर से लागू होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरक्षण कम करने जा रही है। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में कहा कि मुस्लिम आरक्षण देंगे। मुस्लिम आरक्षण देंगे तो आदिवासी, पिछड़ा, दलित का आरक्षण घटेगा लेकिन जब तक एक भी सांसद, विधायक भाजपा का है, आरक्षण कम नहीं होने देंगे।

शाह ने कहा कि आपका एक वोट तय करेगा कि खुद को करोड़पति-अरबपति बनाने वाला जेएमएम चाहिए या गरीब माताओं को लखपति दीदी बनाने वाली नरेन्द्र मोदी की सरकार चाहिए। झारखंड के गरीब आदिवासियों, पिछड़े वर्ग और युवाओं का जो पैसा उनलोगों ने लूटा है, वो सूद समेत झारखंड की तिजोरी में जमा होगी। यह मेरा आपसे वादा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देंगे। क्या आप लोगों को बेरोजगारी भत्ता मिला? हमारी दीदी (झरिया प्रत्याशी रागिनी सिंह) को जिताकर ला दो, आपको हर महीने दो हजार रुपये का चेक मिलेगा।

अमित शाह ने कहा कि गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपये आपके बैंक अकाउंट में हर माह जमा हो जाएगा। देश में कितना भी गैस सिलेंडर का भाव हो आपको अपने यहां 500 रुपये से ज्यादा इसके दाम नहीं देने होंगे। इसके साथ दिवाली और रक्षाबंधन पर दो गैस सिलेंडर मुफ्त में देने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा कश्मीर में धारा 370 वापस लाना चाहते हैं लेकिन राहुल बाबा की चौथी पीढ़ी भी अब धारा 370 को वापस नहीं ला पाएगी। कश्मीर को हमसे कोई नहीं छीन सकता।

### एनडीए व भाजपा को छोड़कर कोई भी झारखंड का हितैषी नहीं



**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि एनडीए और भाजपा को छोड़कर कोई भी झारखंड का हितैषी नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड बनने की बात थी तब कांग्रेस पार्टी के लोग टाल-मटोल कर रहे थे। यही लालू यादव थे, जिन्होंने कहा था कि मेरी लाश पर झारखंड बनेगा। लालू जी आज जिंदा तो हैं और झारखंड भी विराजमान है। इसका श्रेय अटल बिहारी बाजपेयी को जाता है। झारखंड हमने बनाया है और सवारेंगे भी हमीं। नड्डा मंगलवार को झारखंड के बगोदर में एनडीए प्रत्याशी नागेंद्र महतो के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे वीर-वीरांगनाओं ने अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंका है और अब समय आ गया है कि यही वीर-वीरांगनाएं झारखंड से इस सरकार को उखाड़ फेंकेगी। साथ ही कहा कि जहां झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी है, वहां भ्रष्टाचार है। जहां ये तीनों पार्टियां हैं वहां परिवारवाद है। ये परिवारवाद के सूचक हैं। ये भाई भतिजावाद करने वाले लोग है। ये आपके हर हिस्से को लूटने वाले लोग हैं। नड्डा ने कहा कि आपकी गूंज दूर-दूर तक जानी चाहिए और 20 तारीख को नागेंद्र बाबू को चुनाव जिताकर भेजना है। झारखंड को मुख्यधारा में लाने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। हमने आदिवासी नेताओं को मुख्यधारा में लाकर याद किया। झारखंड की मुख्यधारा में आपको आगे आने में पूरी ताकत लगानी है।

# बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में ईडी की छापेमारी में फर्जी आधार, जाली पासपोर्ट व अवैध हथियार बरामद

एजेंसी

**रांची।** बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम झारखंड में रांची और पाकुड़ सहित पश्चिम बंगाल के 24 परगना और कोलकाता में कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम ने मंगलवार सुबह रांची के बरियातू स्थित होटल स्काई लाइन, आश्वी डायग्नोसिस, बाली रिसॉर्ट और माउंटेन व्यू रिसोर्ट सहित छह ठिकानों पर पहुंचकर तलाशी ले रही है। इसके अलावा पाकुड़ के पिरतल्ला में अल्ताफ मनकर के यहां भी छापेमारी चल रही है।

ईडी के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान अब तक फर्जी आधार, जाली पासपोर्ट, अवैध हथियार, अचल संपत्ति के दस्तावेज, नकदी, आभूषण, प्रिंटिंग पेपर, प्रिंटिंग मशीन और आधार बनाने के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले खाली प्रोफार्मा सहित कई सामान बरामद किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 16 सितंबर को झारखंड में बांग्लादेशी महिलाओं की तस्करी और संदिग्ध घुसपैठ की जांच के लिए मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था। ईडी का आरोप है कि यह कथित रूप से काले धन को उत्पन्न करने के लिए किया गया। इस संदर्भ में ईडी ने पीएमएलए के तहत केस दर्ज किया है। यह मामला झारखंड पुलिस की एक जांच रिपोर्ट पर आधारित है, जिसे जून में रांची के बरियातू पुलिस थाना में दर्ज किया गया था। पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी, जिससे पता चला कि उसने काम की तलाश में दलालों की सहायता से बांग्लादेश से भारत में प्रवेश किया। इस मामले में पांच से छह महिलाओं को आरोपित के रूप में नामित किया गया था, जिन्हें एक स्थानीय रिसॉर्ट में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया था। शिकायतकर्ता ने कहा था कि उन्हें ब्यूटी सैलून में नौकरी दिलाने का वादा करके वेश्यावृत्ति के लिए बांग्लादेश से भारत लाया गया था।





एफआईआर के अनुसार, 21 वर्षीय बांग्लादेशी युवती को एक अन्य लड़की की मदद से कोलकाता लाया गया था। इसके बाद 31 मई की रात निजी एजेंटों की सहायता से युवती को जंगल क्षेत्र से अवैध रूप से बांग्लादेश की सीमाओं को पार कराया गया था। इसके अलावा यह मामला उन एजेंटों से संबंधित है, जो बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में अवैध घुसपैठ में संलग्न हैं और उन्हें भारतीय नागरिकता स्थापित करने के लिए फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराते हैं।

# मोदी आज रखेंगे दरभंगा एम्स की आधारशिला

एजेंसी

**पटना।** बिहार के दरभंगा में राज्य को दूसरा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 नवम्बर को दरभंगा एम्स के निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे। दरभंगा एम्स का निर्माण विवादों में रहा है लेकिन बिहार में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद दरभंगा एम्स के बनने का रास्ता साफ हुआ है।

राजग खेमे के नेता कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री का मिथिलांचल से विशेष लगाव है जबकि राजनीति के जानकारों का मानना है कि एम्स का निर्माण 2025 में राजग के लिए बड़ा गेम चेंजर साबित हो सकता है। बिहार के मिथिलांचल और तिरहुत में लोकसभा की एक 12 सीटें हैं, जिसमें 100 के करीब विधानसभा की सीटें आती हैं। इसमें 60 पर राजग का कब्जा है। एक दर्जन लोकसभा सीटों में झंझारपुर, मधुबनी, दरभंगा, मधेपुरा, शिवहर, सीतामढ़ी, सुपौल, समस्तीपुर, बेगूसराय, उजियारपुर, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर हैं। दरभंगा की 10 विधानसभा सीटों में से भाजपा के पास 6 और जदयू के पास तीन सीटें हैं। केवल एक सीट राजद के ललित यादव के पास है। मधुबनी की 10 विधानसभा सीटों में भाजपा के पास 5 और जदयू के पास तीन सीटें हैं जबकि राजद के पास केवल दो सीटें हैं। मुजफ्फरपुर की 11 विधानसभा सीटों की बात करें तो भाजपा के पास 5 और जदयू के पास एक सीटे हैं जबकि 5 सीट पर महागठबंधन के पास है।

### एनबीसीसी बनाएगी दरभंगा एम्स

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि दरभंगा एम्स का लक्ष्य कम लागत पर विशाल जनसंख्या को उच्च गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा शिक्षा और देखभाल सेवाएं मुहैया कराना है। एम्स दरभंगा को अत्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। पांडे ने कहा कि करीब 1,700 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना से उत्तर बिहार और आसपास के इलाकों को बहुत लाभ होगा। दरभंगा में एम्स इस बात का सबूत है कि राजग, जो केंद्र और राज्य दोनों पर शासन करता है, सभी क्षेत्रों के विकास के लिए काम करता है और समाज के सबसे जरूरतमंद वर्गों की परवाह करता है। केंद्र सरकार ने दरभंगा में एम्स निर्माण का जिम्मा एनबीसीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एचएससीसी इंडिया लिमिटेड सौंप दिया है। देश की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल एम्स दरभंगा के निर्माण के लिए फिलहाल 1261 करोड़ रुपये का बजट उपबंध किया गया है लेकिन इसमें वृद्धि की संभावना है। राज्य सरकार ने बिहार के दूसरे एम्स के लिए केंद्र सरकार को दरभंगा में 188 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई है। आवंटित जमीन में से 2.25 लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में एम्स के भवनों का निर्माण होगा। इस पूरी परियोजना को 36 महीने यानी तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में घोषित दरभंगा एम्स बिहार में एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान के रूप में कार्य करेगा। दरभंगा में 188 एकड़ भूमि पर 1264 करोड़ रुपये की लागत से 750 बेड वाले एम्स का निर्माण 36 महीनों में पूरा होगा।

## 2029 में आरएसएस मुक्त हो जाएगा देश : सुरेंद्र सिंह

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल ने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा झूठे वादे करने वाली पार्टी है। कहा कि भाजपा के अंत की शुरुआत हो चुकी है और 2029 में यह देश आरएसएस मुक्त हो जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान जहां दिखें सपाई, वहां बिटिया घबराई पर कहा कि मुख्यमंत्री को अपने बयान पर विचार करना चाहिए। कहा कि सच्चाई तो यह है कि जहां दिखें भाजपाई, वहां बिटिया घबराई। इसके उदाहरण में उन्होंने बीएचयू परिसर की घटना का जिक्र किया, जहां भाजपा आईटी सेल के कुछ सदस्यों पर महिलाओं के साथ अभद्रता का आरोप है। श्री पटेल ने कहा कि बीएचयू में महिलाओं के साथ हुई अभद्रता के मामले में भाजपा को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। कहा कि भाजपा का दावा सबका साथ, सबका विकास खोखला साबित हुआ है।

# हिंदुओं पर जिहादियों के सैकड़ों हमलों की सूची जारी कर विहिप ने चेताया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में जिहादी तत्वों द्वारा हिंदू समाज, उनके उत्सवों और मंदिरों पर लगातार हमले किये जाते रहे हैं। इन हमलों की सूची जारी करते हुए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने कहा कि इन सूचियों से सिद्ध होता है कि जिहादी आक्रांता हैं, पीड़ित नहीं।

भारत की कथित सेकुलर व मुसलमीन (जिहादी समर्थक) पार्टियों और नेताओं को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि वे सत्ता के मोह में इन जिहादियों को भड़का कर उनकी हिंसक प्रवृत्तियों को प्रोत्साहन दे रहे हैं और देश को गृह युद्ध की दिशा में ले जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसलिए जिहादियों को संरक्षण नहीं, सबक सिखाने की जरूरत है। देश के संविधान, कानून, न्यायपालिका तथा राष्ट्रीय सभ्यताओं व परंपराओं का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है। यह शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की आवश्यक शर्त भी है। डॉक्टर जैन ने बताया कि 300 से अधिक घटनाओं की ये सूचियां केवल जनवरी 2023 से 2024 की छठ पूजा तक के हमलों व अत्याचारों की है। इस अवधि में भी हुए अत्याचारों और हमलों का भी यह केवल दशांश है। इन हमलों की बर्बरता व क्रूरता तो अमानवीय है ही, उनके तरीके भी मानव कल्पना से परे हैं। आतंक जिहाद, लव जिहाद, लैंड जिहाद, जनसंख्या जिहाद से तो संपूर्ण विश्व त्रस्त है ही, अब थूक जिहाद, पेशाब जिहाद, ट्रेन जिहाद, अवयस्क जिहाद आदि से उनकी गैर मुसलमानों के प्रति नफरत सामने आ रही है।

## खबरें एक नजर में

### वस्त्र मंत्रालय ने 12 अनुसंधान परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह की अध्यक्षता में 10वें मिशन संचालन समूह (एमएसजी) ने राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) के अंतर्गत 13.3 करोड़ रुपये मूल्य की 12 शोध परियोजनाओं को मंजूरी दी है। मिशन के तहत नए आईपीआर दिशा-निर्देश जारी होने के साथ गिरिराज सिंह ने उद्योग से अनुसंधान परियोजनाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हम आत्मनिर्भर भारत बनाने तथा वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कपड़ा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि शोध परियोजनाओं को जियोटेक्सटाइल्स, टिकाऊ और स्मार्ट टेक्सटाइल्स, कंपोजिट आदि के प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों में मंजूरी दी गई। स्वीकृत परियोजनाओं को आईआईटी, एनआईटी, सीआरआरआई आदि सहित प्रतिष्ठित शोध निकायों और संस्थानों द्वारा प्रस्तावित किया गया था। मिशन के तहत स्वीकृत शोध परियोजनाओं की कुल संख्या अब 168 हो गई है, जिनका कुल मूल्य लगभग 509 करोड़ रुपये है।

### स्वदेशी सी-295 की सिम्युलेटर सुविधा का उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** देश में बनाये जा रहे पहले मालवाहक विमान सी-295 की फुल मोशन सिम्युलेटर सुविधा का सोमवार को उद्घाटन किया गया। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि आगरा वायु सेना स्टेशन में इस सुविधा का उद्घाटन स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने किया। पायलट के प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सिम्युलेटर में किया जा सकता है, जिससे विमान पर उड़ान के कीमती घंटों की बचत होगी। अत्याधुनिक सिम्युलेटर पायलटों को सामरिक एयरलिफ्ट, पैरा-ड्रॉपिंग, पैरा-ट्रूपिंग, मेडिकल निकासी, आपदा राहत जैसे विभिन्न मिशनों का अनुभव कराते हुए लगभग वास्तविक माहौल में प्रशिक्षण के लिए सक्षम बनाता है। हमारे पायलट युद्ध के लिए तैयार हैं। यह पायलटों को उच्च जोखिम वाली आपात स्थितियों से निपटने में अपने कौशल को निखारने और महत्वपूर्ण निर्णय लेने का भी अनुभव देता है। वायुसेना में सी-295 विमान को शामिल करने से देश के एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा मिलेगा, जो देश में परिवहन विमानों के निजी क्षेत्र के उत्पादन मेंआत्मनिर्भर भारत की शुरुआत में महत्वपूर्ण पड़ाव है।

### विद्यास्थली स्कूल ने वार्षिक ट्रैक एंड फील्ड पराक्रम का आयोजन





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को विद्यास्थली कनार इंटर कॉलेज, स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन की यूनिट ने अपने वार्षिक ट्रैक एंड फील्ड दिवस, पराक्रम का आयोजन किया।। इस अवसर पर नगर पंचायत, मलिहाबाद के अध्यक्ष श्री अहसान खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यास्थली के प्रिंसिपल ने दर्शकों का स्वागत करते हुए की। इसके साथ विभिन्न सदनों के छात्रों ने प्रभावशाली मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया मार्च पास्ट में जंगली जानवरों की पोशाक पहने छोटे बच्चे भी शामिल हुए जो धैर्य और साहस की इस यात्रा का हिस्सा बनना चाहते थे। और विद्यास्थली के खेल कप्तानों द्वारा शपथ ली गई। अशान खान ने कहा, मैं इस तरह की उल्लेखनीय खेल भावना का प्रदर्शन देखकर रोमांचित हूं। विद्यास्थली के बच्चों ने वास्तव में हमें गौरवान्वित किया है। छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को मेरी हार्दिक बधाई। यह उपलब्धि प्रेरणादायक है, और मुझे उम्मीद है कि यह एक नई उपलब्धि हासिल करेगी। विद्यास्थली की प्रिंसिपल शिप्रा वर्मा ने कहा, पराक्रम हमारे बच्चों की कड़ी मेहनत और समर्पण का उत्सव है। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा शक्ति वंदना – परमात्मा का आह्वान, अम्ब्रेला ड्रिल, योग, कलारीपयट्टू – केरल की एक मार्शल आर्ट, बैलून ड्रिल, बोहेमियन ड्रिल, टुटिंग, मिज़ो डांस जैसे कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने बेहतरीन एथलेटिक मूव्स प्रस्तुत किए, और इसके बाद सभी छात्रों ने एक साथ एक गीत के माध्यम से सभी माताओं को सलाम किया।

### राहुल के विमान में तकनीकी खराबी, चिखली की रैली रद्द

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विमान में तकनीकी खराबी आने के कारण मंगलवार को महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के चिखली में उनकी चुनावी रैली रद्द कर दी गयी। एक वीडियो संदेश के जरिए श्री गांधी ने कहा , फ्रमुझे आज चिखली आना था। वहां मुझे सोयाबीन किसानों से मिलना और जनसभा को संबोधित करना था, लेकिन विमान में तकनीकी खराबी के कारण मैं नहीं आ सका। मैं आप सभी से माफी मांगता हूं।

# 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास लेंगे मो. नबी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने घोषणा की है कि वह अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लेंगे।

सोमवार को बांग्लादेश पर अफगानिस्तान की 2-1 से सीरीज़ जीत के बाद, 39 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह पिछले साल के वनडे विश्व कप के बाद से ही इस प्रारूप को छोड़ने के बारे में सोच रहे थे। मैन ऑफ़ द सीरीज़ चुने जाने के बाद उन्होंने आधिकारिक प्रसारक से कहा, ÷मेरे दिमाग में, पिछले विश्व कप से ही, मैं रिटायर हो चुका था। लेकिन फिर, हमने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई किया, और मुझे लगा कि अगर मैं उसमें खेल पाया, तो यह बहुत अच्छा होगा। नबी ने 2009 से अब तक 167 वनडे मैचों में हिस्सा लिया है, जिसमें उन्होंने 147 पारियों में 27.48 की औसत और 86.99 की स्ट्राइक रेट से 3,600 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और 17 अर्द्धशतक शामिल हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 136 रन रहा है।



गेंद के साथ, उन्होंने 161 पारियों में 32.47 की औसत और 4.27 की इकॉनमी से 172 विकेट लिए हैं, जिसमें चार बार चार विकेट और एक बार पांच विकेट (5/17) शामिल हैं। अफगानिस्तान ने पिछले साल के विश्व कप के दौरान छठे स्थान पर रहने की बदौलत चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई किया।

## तेलंगाना के विकाराबाद में अधिकारियों पर हमला 55 लोग हिरासत में

**विकाराबाद ।** तेलंगाना के विकाराबाद जिले के ग्राम लगचार्ला में अधिकारियों पर हमले के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को 55 लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं जिले के अधिकारियों पर हमले के विरोध में राजस्व विभाग के अधिकारियों ने आज राज्यभर में काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया। विकाराबाद के राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार किया। ग्राम लगचार्ला मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के विधानसभा क्षेत्र कोडंगल में आता है। पुलिस के मुताबिक सोमवार को ग्राम लगचार्ला में फार्मास्युटिकल कंपनी की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर बैठक चल रही थी। बैठक में स्थानीय लोग और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। देखते ही देखते यह बैठक मारपीट में बदल गयी। आरोप है कि स्थानीय लोगों ने जिले के अधिकारियों पर हमला किया। इस घटना के बाद से लगचार्ला एवं आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

# चौथे ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा, विदेश मंत्रालय से मंजूरी का इंतजार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) ने 22 नवंबर से 3 दिसंबर तक पाकिस्तान के लाहौर और मुल्तान में होने वाले चौथे ब्लाइंड टी20 विश्व कप के लिए 17 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। सीएबीआई को 4 नवंबर को युवा मामले और खेल मंत्रालय से एनओसी प्राप्त हुई, लेकिन टीम को विदेश मंत्रालय से मंजूरी का इंतजार है।

ब्लाइंड टी20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के अब तक तीन सीजन (2012, 2017 और 2022) हुए हैं। तीनों में भारतीय टीम चैंपियन रही है। 2022 सीजन के फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को हराकर खिताब जीता था। इस साल पाकिस्तान दृष्टिबाधित क्रिकेट परिषद (पीबीसीसी) टूर्नामेंट की मेजबानी कर रही है। सीएबीआई के चेयरमैन डॉ. महंतेश जी. किवादासन्नावर ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान का फिर से सामना करना एक रोमांचक चुनौती है। दृष्टिबाधित क्रिकेटरों को अधिक अवसर मिलना चाहिए और हम अपनी जीत की लय को जारी रखने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। तीन विश्व कप खिताब पहले ही हमारे नाम हो चुके हैं। इससे पहले 26 सदस्यीय टीम ने गुरुग्राम में 12 दिनों तक चयन ट्रायल लिया और सीएबीआई की चयन समिति ने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 17 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप दिया। सीएबीआई के महासचिव शैलेन्द्र यादव ने कहा कि टीम गुरुग्राम में 15 दिनों से प्रशिक्षण ले रही है, जिसमें समर्थनम और सीएबीआई का पूरा सहयोग मिल रहा है। खिलाड़ी अब विदेश मंत्रालय से एनओसी का इंतजार कर रहे हैं और सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद कर रहे हैं। अफगानिस्तान, बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान और भारत की टीमों के साथ होने वाले चौथे टी20 विश्व कप का उद्घाटन 22 नवंबर को लाहौर में होगा। विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में विभिन्न राज्यों के 17 खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्हें उनकी दृष्टिबाधिता के स्तर के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। बी1 श्रेणी (पूरी तरह से दृष्टिहीन) में अजय कुमार रेड्डी इलूरी (आंध्र प्रदेश), देबराज बेहरा (ओडिशा), नरेशभाई बालूभाई तुमड़ा (गुजरात), नीलेश यादव (दिल्ली), संजय कुमार शाह (दिल्ली) और प्रवीण कुमार शर्मा (हरियाणा) शामिल हैं। बी2 श्रेणी (आंशिक रूप से दृष्टिबाधित - 2 मीटर तक दृष्टि) के खिलाड़ी वेंकटेश्वर राव डुन्ना (आंध्र प्रदेश), पंकज भुए (ओडिशा), लोकेश (कर्नाटक), रामबीर सिंह (दिल्ली) और इरफान दीवान (दिल्ली) हैं।

## मॉरीशस के चुनाव में नवीन रामगुलाम की लेबर पार्टी की ऐतिहासिक जीत

**पोर्ट लुइस।** मॉरीशस के संसदीय चुनाव में लेबर पार्टी के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम की ऐतिहासिक जीत हुई है। 10 नवंबर को हुए चुनाव में मौजूदा प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ की पार्टी सोशलिस्ट मूवमेंट का खाता भी नहीं खुल सका। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवीन रामगुलाम को जीत पर बधाई दी है। मॉरीशस की न्यूज वेबसाइट ले मौरिसियन की खबर में यह जानकारी दी गई है। इस बार के चुनाव में रामगुलाम की लेबर पार्टी के %एलायंस डु चेंजमेंट% गठबंधन को सभी 62 सीटों पर जीत हासिल हुई है। जुगनाथ के गठबंधन लेलेप को एक भी सीट हासिल नहीं हुई है। प्रधानमंत्री जुगनाथ ने हार मानते हुए कहा कि उन्होंने देश को आगे बढ़ाने के लिए जो भी हो सकता था किया लेकिन मतदाताओं ने दूसरी पार्टी को विजयी बनाने का फैसला किया। इसके लिए सभी मतदाता बधाई के पात्र हैं। उल्लेखनीय है कि नवीन रामगुलाम 1995 से 2000 और 2005 से 2015 तक प्रधानमंत्री रहे हैं। जुगनाथ और रामगुलाम दोनों उन परिवारों से आते हैं।

# एनआईईपीए ने आयोजित किया 15वां मौलाना आजाद मेमोरियल लेक्चर





समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर 11 नवंबर 2024 को नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर के स्टीन ऑडिटोरियम में एनआईईपीए ने अपना 15वां मौलाना आजाद मेमोरियल लेक्चर आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सदस्य, और राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री तरुण विजय को आमंत्रित किया गया था।

इस व्याख्यान की अध्यक्षता लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुरलीमनोहर पाठक ने की। यह कार्यक्रम प्रो. शशिकला वंजारी, कुलपति, एनआईईपीए, और श्री सूर्य नारायण मिश्रा, रजिस्ट्रार, एनआईईपीए के मार्गदर्शन और नेतृत्व में आयोजित किया गया था। इसका समन्वय प्रो. ए. के. सिंह, प्रमुख, शैक्षिक नीति विभाग, एनआईईपीए द्वारा किया गया था। राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में और भारत को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका अपरिहार्य है। इस अंतर्निहित सार को माननीय मुख्य अतिथि श्री तरुण विजय ने अत्यंत प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने गौतम बुद्ध, चाणक्य, आदि शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी जैसे महान विचारकों और श्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए इस कार्यक्रम के महत्व और हमारे देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनाने के मार्ग पर चलने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# परिषद महाकुंभ शिविर में स्थापित करेगा भगवान परशुराम की 51 फुट की प्रतिमा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संस्थापक प. श्री सुनील भराला जी नि. राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय परशुराम परिषद द्वारा महाकुम्भ परिसर में 1 लाख स्क्वायर फीट में शिविर ( पंडाल ) की व्यवस्था की जाएगी । शिविर में राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का 45 दिन तक अनवरत कार्यक्रम जारी रहेंगे। शिविर में मीडिया, सोशल मीडिया/इन्टरनेट मीडिया द्वारा सभी कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण होगा। भगवान परशुराम की मंदिरों एवं घरों में स्थापित करने हेतु 1 लाख 8 हजार मूर्ति वितरण होगी राष्ट्रीय परशुराम परिषद का यह उद्येश्य है कि हर सनातन हिन्दू के घरों में भगवान परशुराम अन्य देवी देवताओ की तरह स्थापित हो। प. सुनील भराला जी ने कहा कि आज राष्ट्रीय परशुराम परिषद के वेवसाईट https://www.rashtriyaparshuramparishad.com/ का विमोचन करते हुए अपार हर्ष हो रहा है, भगवान परशुराम के जन्मस्थान जनापाव इंदौर से जुड़े 56 स्थानों की खोज जो राष्ट्रीय परशुराम परिषद के राष्ट्रीय शोध पीठ द्वारा की गयी है उसका गैलरी बना के शिविर में प्रदर्शनी के माध्यम से लोगो को अवगत कराया जायेगा।



भगवान परशुराम से सम्बंधित 21 युद्धभूमि स्थानों पर जहाँ भगवान परशुराम ने आतताइयों का वध करके साधू संतों एवं गरीब पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य किया था उसकी गैलरी बनाई जाएगी एवं उन आततायी राक्षस राजाओं का चित्रण कर सनातन हिन्दुओ को जानकारी दिलाई जाएगी। महाकुम्भ में आने-जाने वाले मार्गों पर भगवान परशुराम की बालकाल्य, युद्धकाल तपस्याकाल के सचित्र गैलरी बनायी जाएगी। सनातन हिन्दुओं में भगवान परशुराम की जानकारी का आभाव है जैसे भगवान परशुराम ने 21 बार क्षत्रीय का विनाश नहीं किया था उन्होंने 21 आततायी राक्षस राजाओ का वध किया था तथा इसके अलावा और जो भ्रामक जानकारी है इसको भी पूरी तरीके से शुद्धि करने का कार्य राष्ट्रीय परशुराम परिषद करेगा। भराला ने कहा की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी भगवान परशुराम अकात्म वैश्विक आवश्यता, भगवान परशुराम राष्ट्रीय नायक विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन, राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर के इतिहासकार, विद्वान, महापंडित शामिल होंगे।

# महिमा चौधरी ने आईआईटी बॉम्बे में 4डी ओमिक्स इनोवेशंस का किया अनावरण



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मंगलवार को आईआईटी बॉम्बे में पायनियरिंग द फ्यूचर ऑफ हेल्थकेयर एंड डायग्नोस्टिक्स यूजिंग 4डी ओमिक्स नामक एक कॉन्फ्रेंस और इवेंट का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रोटिओमिक्स लैब, बायोसाइंसेज और बायोइंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया, जिसमें 4डी प्रोटिओमिक्स और 4डी ओमिक्स में नए विकासों को प्रस्तुत किया गया।

ये क्षेत्र डायग्नोस्टिक्स और पर्सनलाइज्ड हेल्थकेयर में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार हैं। इस खास मौके पर अभिनेत्री महिमा चौधरी ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए, महिमा ने बताया कि कैंसर डायग्नोस्टिक्स के इस विषय से उनका गहरा जुड़ाव है। खुद एक ब्रेस्ट कैंसर सर्वाइवर होने के नाते, उन्होंने कैंसर मरीजों के लिए इस अत्याधुनिक तकनीक के महत्व पर जोर दिया। महिमा ने कहा, कैंसर मेरे दिल के बेहद करीब का विषय है, और यहां इस प्रभावशाली तकनीक का उद्घाटन देखना मेरे लिए गर्व की बात है। इस कार्यक्रम के संयोजक और प्रोटिओमिक्स विशेषज्ञ प्रोफेसर संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि हेल्थकेयर और डायग्नोस्टिक्स में 4डी ओमिक्स टेक्नोलॉजी का महत्व खासकर कैंसर और क्रॉनिक बीमारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 4डी ओमिक्स रिसर्च में एक टाइम बेस्ड डाइमेंशन जोड़ता है।